संसेक्स 73,158.24 ▲ +535.15
डॉलर 82.890 ▼ -0.048

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 26.0 | 13.0 | 20.0 |
| धनबाद | 29.0 | 15.0 | 23.0 |
| जमशेदपुर | 31.0 | 15.0 | 26.0 |
| पलामू | 28.0 | 13.0 | 22.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते





डालटनगंज (मेदिनीनगर), माघ शुक्ल पक्ष 14, विक्रम संवत 2080 डालटनगंज (मेदिनीनगर), शुक्रवार, 23 फरवरी 2024, वर्ष-30, अंक- 127, पृष्ठ-12, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 www.rastriyanaveenmail.com



संपादकीय किसानों को बाजार की जरूरत, दान की नहीं! ...8



डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित



देव काज व देश काज दोनों ही तेज गति से ...12 देश/विदेश



**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें हमसे**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 82925 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 8292373444 संपर्क करें।


### मुख्यमंत्री आवास में झामुमो केंद्रीय कार्यकारिणी की छह घंटे की मैराथन बैठक

# हेमंत की गिरफ्तारी और सरकार की उपलब्धि पर लड़ेंगे चुनाव : चंपाई सोरेन

**सीएम ने कहा, सभी 14 सीटों पर जीत हासिल करने का लक्ष्य तय किया गया है**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जमीन मामले में जेल जाने व आसन्न लोकसभा चुनाव को देखते हुए गुरुवार को झामुमो केंद्रीय कार्यकारिणी की छह घंटे की मैराथन बैठक मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री आवास में हुई। स्वास्थ्य कारणों से बैठक में झामुमो प्रमुख शिबू सोरेन शामिल नहीं हुए।

बैठक में पार्टी नेताओं और पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि हमें चुनाव में विपक्ष द्वारा हेमंत सोरेन को साजिश के तहत फंसा कर जेल भेजने व चार साल के कार्यकाल में झारखंड सरकार की उपलब्धियों को मुद्दा बनाना है। पार्टी ने सभी 14 सीटों पर जीत हासिल करने का लक्ष्य तय किया है। इसके लिए व्यापक पैमाने पर अभियान चलाया जाएगा। ऐसे में कार्यकर्ता और नेताओं का दायित्व है कि वह इन दोनों मुद्दों को भली-भांति जनता के बीच लेकर जाएं और बताएं। उन्होंने झामुमो कार्यकर्ताओं से लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाने का आह्वान किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ निचले स्तर तक पहुंचाने की जिम्मेदारी कार्यकर्ताओं की है। सरकार की उपलब्धियों का व्यापक पैमाने पर प्रचार-प्रसार होगा। जल्द ही सहयोगी दलों के साथ सीटों के बंटवारे को अंतिम रूप दिया जाएगा। अनुमान के मुताबिक, मार्च के पहले सप्ताह तक स्थिति स्पष्ट हो जाएगी।



### हेमंत सोरेन की रिहाई तक पार्टी का संघर्ष जारी रहेगा

झामुमो केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक के बाद मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि सभी 14 सीटों को जीतने का लक्ष्य लेकर हम आगे बढ़ेंगे। झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को न्याय मिलने तक सड़क पर पार्टी का संघर्ष जारी रहेगा। फिलहाल न्याय यात्रा और उपवास कार्यक्रमों का आयोजन हर स्तर पर चल रहा है। हेमंत सोरेन को विधानसभा के बजट सत्र में शामिल नहीं होने संबंधी पीएमएलए कोर्ट के निर्णय पर कहा कि पूर्व में सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायकों को लेकर कई बार सकारात्मक फैसला आ चुका है। किन परिस्थितियों और कारणों की वजह से हेमंत ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## कैबिनेट ने अंतरिक्ष क्षेत्र में 100 फीसदी तक एफडीआई को मंजूरी दी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अंतरिक्ष क्षेत्र में 100 प्रतिशत तक एफडीआई की अनुमति देने के लिए अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) नीति में संशोधन को मंजूरी दे दी। उपग्रह उप-क्षेत्र को तीन अलग-अलग गतिविधियों में विभाजित किया गया है-प्रक्षेपण यान, उपग्रह और उपग्रह घटक। संशोधित नीति के तहत लॉन्च वाहनों में 49 प्रतिशत तक, उपग्रहों में 74 प्रतिशत और उपग्रह घटकों में 100 प्रतिशत तक एफडीआई की अनुमति है। 'प्रक्षेपण वाहन' के अंतर्गत परिभाषित गतिविधियां संबद्ध प्रणालियां या उपप्रणालियां हैं और अंतरिक्ष यान को लॉन्च करने व प्राप्त करने के लिए अंतरिक्ष बंदरगाहों का निर्माण इसमें शामिल है। इसी तरह, 'उपग्रह' के अंतर्गत गतिविधियां विनिर्माण और संचालन हैं, उपग्रह डेटा उत्पाद, ग्राउंड सेगमेंट और यूजर सेगमेंट हैं। मौजूदा नीति के अनुसार, उपग्रहों की स्थापना और संचालन में केवल सरकारी अनुमोदन मार्ग से एफडीआई की अनुमति है। कैबिनेट की बैठक के बाद जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, भारतीय अंतरिक्ष नीति 2023 के तहत दृष्टिकोण और रणनीति के अनुरूप, कैबिनेट ने विभिन्न उप-क्षेत्रों/गतिविधियों के लिए उदारीकृत एफडीआई सीमा निर्धारित करके अंतरिक्ष क्षेत्र पर एफडीआई नीति को आसान बना दिया है। बयान के अनुसार, संशोधित नीति के तहत उदारीकृत प्रवेश मार्गों का उद्देश्य संभावित निवेशकों को अंतरिक्ष में भारतीय कंपनियों में निवेश करने के लिए आकर्षित करना है।


**पलामू सर्राफा**

सोना (10 ग्राम) 62,070
चांदी (किलो) 70,800


## एक नजर

### सीबीआई ने सत्यपाल मलिक के परिसर सहित देश में 30 स्थानों पर की छापेमारी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने गुरुवार को किरू जलविद्युत परियोजना में कथित भ्रष्टाचार के मामले में जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के परिसर सहित देश भर में 30 स्थानों की तलाशी ली। सीबीआई ने देश के विभिन्न शहरों में 30 स्थानों पर छापेमारी के लिए 100 अधिकारियों के साथ सुबह अपना अभियान शुरू किया। सीबीआई प्रवक्ता के मुताबिक यह मामला किरू हाइड्रो इलेक्ट्रिक पावर प्रोजेक्ट (एचईपी) के 2,200 करोड़ रुपये के सिविल कार्यों के आवंटन में कथित भ्रष्टाचार से संबंधित है। सत्यपाल मलिक 23 अगस्त, 2018 और 30 अक्टूबर, 2019 के बीच जम्मू और कश्मीर के राज्यपाल थे। उस दौरान उन्होंने दावा किया था कि उन्हें परियोजना से संबंधित दो फाइलों को मंजूरी देने के लिए 300 करोड़ की रिश्वत की पेशकश की गई थी।

### ईडी ने मुंबई में हीरानंदानी ग्रुप के कई ठिकानों पर छापे मारे

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने फेमा नियमों के कथित उल्लंघन के लिए रियल्टी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी हीरानंदानी समूह के कई कार्यालयों पर छापेमारी की। विदेशी मुद्रा विनिमय नियमों के कथित उल्लंघन के लिए पवई में हीरानंदानी समूह के मुख्यालय और मुंबई और निकटस्थ रायगढ़ में कम से कम तीन अन्य कार्यालयों पर छापेमारी और तलाशी चल रही है। फेमा कानूनों के संभावित उल्लंघनों को सत्यापित करने के लिए ऑपरेशन चलाया जा रहा है। ईडी यह जांचने के लिए अपने वित्तीय लेनदेन को स्कैन कर रहा है कि क्या वे नियमों के अंतर्गत आते हैं। इससे पहले, मार्च 2022 में आयकर विभाग ने हीरानंदानी समूह पर छापेमारी की थी।

## हेमंत सोरेन की न्यायिक हिरासत 7 मार्च तक बढ़ाई



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बड़गाई अंचल की 8.5 एकड़ जमीन मामले में गिरफ्तार पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और बड़गाई अंचल के उप-निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गुरुवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में हुई। कोर्ट ने इन दोनों की न्यायिक हिरासत की अवधि सात मार्च तक बढ़ा दी है। इनकी अगली पेशी कोर्ट में सात मार्च को होगी। उल्लेखनीय है कि हेमंत सोरेन को ईडी ने 13 दिनों तक रिमांड पर लेकर पूछताछ की थी। जबकि भानु को 12 दिनों की रिमांड पर लेकर पूछताछ की गई थी। इसके बाद दोनों को अदालत ने न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेज दिया था। ईडी ने इस मामले में ईसीआइआर 6/2023 दर्ज किया और मामले की जांच कर रही है। इस मामले में भानु प्रताप प्रसाद, हेमंत सोरेन और अज्ञात अन्य को आरोपित बनाया गया है।

### विधानसभा के बजट सत्र को लेकर स्पीकर ने विधायक दल के नेताओं संग की बैठक

# परिस्थिति के अनुसार होगा कार्यदिवसों में समय के विस्तार पर निर्णय

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 23 फरवरी से दो मार्च तक चलना है। इसे लेकर अपने कार्यालय कक्ष में स्पीकर रबींद्र नाथ महतो ने विधायक दल के नेताओं संग बैठक की। स्पीकर ने सत्र की अवधि छोटी रहने और इसके समय के अधिक से अधिक उपयोग के संबंध में सुझाव मांगा। साथ ही इस पर विचार करने की बात कही। इस पर विधायकों ने कहा कि कार्य दिवस का विस्तार किया जाए। इस पर सहमति हुई कि कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में सत्र के कार्य दिवसों में समय के विस्तार पर निर्णय परिस्थितियों के अनुसार लिया जायेगा। बैठक में सीएम चंपाई सोरेन, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, विधायक सरयू राय, लंबोदर महतो, प्रदीप यादव, कमलेश कुमार सिंह और विधानसभा के प्रभारी सचिव सैयद जावेद हैदर भी उपस्थित थे। बैठक के बाद प्रेस सलाहकार समिति की भी बैठक हुई।



**विस परिसर के 500 मीटर के दायरे में धारा 144 लागू :** झारखंड विधानसभा सत्र को लेकर परिसर के 500 मीटर परिधि में धारा 144 लगाई गई है। सदर एसडीओ ने आदेश जारी किया है। इसके अनुसार, विधानसभा परिसर में सुबह आठ बजे से रात 10 बजे तक धारा 144 लागू रहेगी। इस दौरान 500 मीटर के दायरे में किसी तरह के जुलूस, रैली, प्रदर्शन, घेराव पर मनाही रहेगी। आदेश 23 फरवरी को सुबह 8 बजे से दो मार्च की रात 10 बजे तक प्रभावी रहेगा।

### कोर्ट ने नहीं दी हेमंत को बजट सत्र में भाग लेने की इजाजत

**रांची।** जमीन घोटाला मामले में जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से ईडी की विशेष अदालत ने 23 फरवरी से शुरू हो रहे झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में शामिल होने की दाखिल याचिका को खारिज कर दी है। ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में गुरुवार को हेमंत सोरेन को बजट सत्र में शामिल होने की अनुमति नहीं दी है। इससे पूर्व बुधवार को मामले में सुनवाई पूरी होने के बाद अदालत में फैसला सुरक्षित रखा था। हेमंत सोरेन की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने बहस की थी। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया था कि बजट सत्र में मनी बिल पास होता है, इसलिए हेमंत सोरेन का रहना जरूरी है। ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार ने बहस की। झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 23 फरवरी से शुरू होगा, जो दो मार्च तक चलेगा।

# चुनावी मोड में प्रशासन व राजनीतिक दल

- **संगठनात्मक गतिविधियों में तेजी, योजनाओं का प्रचार-प्रसार**
- **मतदाता सूची पुख्ता करने के साथ बूथों को दुरुस्त करने में जुटा प्रशासन**

**अखिलेश चौबे**

**मेदिनीनगर।** आसन्न लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासन व राजनीतिक दल पूरी तरह से चुनावी मोड में आ गये हैं। राजनीतिक दलों की संगठनात्मक गतिविधियां जहां पूरे उफान पर हैं। वहीं केंद्र व प्रदेश में सत्तासीन पार्टियों द्वारा अपनी-अपनी सरकारों की योजनाओं का आमजन के बीच जमकर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इस दौरान जिला प्रशासन भी मतदाता सूची को पुख्ता करने के साथ बूथों को दुरुस्त करने की कवायद में जुटा है। पिछले दिनों केंद्रीय निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव के लिये तैयार होने संबंधी घोषणा के बाद मई-जून में लोकसभा चुनाव होने के प्रबल आसार हैं। जिले में मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जा चुका है। इसके बाद भी उपायुक्त सहित अन्य आलाधिकारियों द्वारा सुदूर अंचलों का दौरा कर मतदाता सूची से वंचित मतदाताओं का नाम शामिल करने के लिये तत्काल संबंधित प्रपत्र भरवाया जा रहा है। दूसरी तरफ राजनीतिक दल भी अब पूरी तरह से चुनाव के लिये कमर कस लिये हैं। कार्यकर्ता सम्मेलनों के माध्यम से जहां संगठन की कमजोर कड़ियों को जोड़ा जा रहा है। वहीं गहन जन संपर्क के माध्यम से पार्टी की रीति-नीति का प्रचार किया जा रहा है। चौक-चौराहों पर इन दिनों चुनावी हलचल तेज हो गयी है। अमूमन चुनाव के समय ही नजर आने वाले नेताओं की भी सक्रियता बढ़ गयी है। आम लोगों में भी अब चुनाव को लेकर चर्चा-परिचर्चा का दौर शुरू हो गया है।




### भाजपा व झामुमो ने बनाई बढ़त

चुनावी सक्रियता में केंद्र में सत्तासीन भाजपा व प्रदेश में सत्तासीन झामुमो फिलहाल बढ़त बनाती नजर आ रही हैं। कार्यकर्ता सम्मेलन व प्रवास कार्यक्रम के माध्यम से भाजपा जहां एक महीने पूर्व से ही चुनावी बिसात बिछाने में जुटी है। वहीं सूबे में नई सरकार के गठन के बाद जेएमएम कार्यकर्ता भी जिला से लेकर प्रखंड स्तर पर न्याय मार्च के माध्यम से आम जन से संपर्क स्थापित कर रही है। जबकि पलामू में राहुल गांधी की न्याय यात्रा स्थगित होने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ता अब नये सिरे से तैयारी की कवायद करते देखे जा रहे हैं।

### ग्रामीणों ने पुलिस पर किया पथराव, सात पुलिसकर्मी घायल

**दुमका।** जिले के जरमुंडी प्रखंड के तालझारी थाना क्षेत्र के खजुरिया गांव में दो पक्ष में चल रहे जमीन विवाद सुलझाने गए पुलिस पदाधिकारियों व जवानों पर एकजुट होकर ग्रामीणों ने पथराव किया। इसमें जरमुंडी थाने के एएसआई बमशंकर सिंह का सिर फट गया। इसके साथ ही एएसआई केके दुबे, सिपाही राजेंद्र हांसदा, रामदेव सिंह, देवेंद्र मरांडी, जयधन हांसदा एवं जय कुंवर घायल हो गए। सभी पुलिसकर्मियों का प्राथमिक उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जरमुंडी में किया गया। घटना के संदर्भ में बताया जा रहा है कि खजुरिया गांव में जमीन विवाद को सुलझाने के लिए तालझारी थाना पुलिस पहुंची थी। इस दौरान ग्रामीण उग्र हो गए एवं पुलिस बल के साथ दुर्व्यवहार कर उन्हें खदेड़ दिया।

## रामगढ़ थाने में युवक की मौत पर बवाल, जांच कमेटी गठित

**रामगढ़।** रामगढ़ थाने परिसर में युवक की मौत पर बवाल चल रहा है, जहां पुलिस इसे आत्महत्या बता रही है, वहीं परिजन इस घटना को हत्या बता रहे हैं। मृतक अनिकेत कुमार उर्फ कोका शहर के मिलोनी क्लब का रहने वाला था। उसके पिता महेंद्र राम और मां रीना देवी ने पुलिस पर हत्या करने का आरोप लगाया है। उन दोनों ने बताया कि चोरी की मामले में पुलिस जांच कर रही थी। इसी सिलसिले में पूछताछ के लिए अनिकेत और विकास नगर निवासी सद्दाम हुसैन को पुलिस थाने ले गई थी। जानकारी के अनुसार रामगढ़ पुलिस के द्वारा बुधवार की शाम मिलनी क्लब निवासी महेंद्र राम के पुत्र अनिकेत को पूछताछ के लिए थाना लाया गया था। पुलिस शहर में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं की जांच कर रही थी। अनिकेत पर पहले भी चोरी का आरोप लग चुका था। वह ऐसे ही मामले में जेल भी जा चुका था। पुलिस को जब हाजत के शौचालय में अनिकेत को अचेत अवस्था में मिला तो उसे लेकर अस्पताल पहुंचे थे।

### थाने पहुंची फोरेंसिक टीम, इकट्ठा किया सैंपल

रामगढ़ थाना परिसर में युवक की संदिग्ध मौत की जांच शुरू हो गई है। रांची से फॉरेंसिक डिपार्टमेंट की टीम रामगढ़ थाने पहुंची और उन्होंने सारे सैंपल कलेक्ट किए। अनिकेत को थाने के जिस हाजत में रखा गया था, वहां से फिंगरप्रिंट भी कलेक्ट किए गए हैं।

### पीटीआर के बारेसाड़ रेंज में तेंदुए का आतंक

## एक सप्ताह में तीन पालतू मवेशियों का किया शिकार



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू टाइगर रिजर्व के बारेसाड रेंज में तेंदुए के बढ़ते आतंक से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। एक सप्ताह के अंतराल में तेंदुए द्वारा तीन पालतू मवेशियों का शिकार कर लिये जाने से अपने पशुओं को लेकर पशुपालक चिंतित नजर आ रहे हैं। प्रभारी वनपाल बारेसाड परमजीत तिवारी ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से लगातार तेंदुआ पालतू मवेशियों पर हमला कर रहा है। रामशैली गांव निवासी किसान चुंगरू मुंडा के गाय के बच्चे को जहां तेंदुए ने मार डाला। वहीं पहाड़ कोचा गांव के किसान श्याम किशोर सिंह के तीन साल के बछड़े को भी अपना निवाला बना लिया। साथ ही तेंदुए ने चेतमा के सुरक्षित वन बंधुआ गांव के बागेश्वर यादव के बैल को भी मार डाला है। प्रभारी वनपाल ने बताया के तेंदुआ के ताबरतोड़ हमले से ग्रामीण परेशान हैं। किसानों की परेशानी को देखते हुये पीटीआर प्रबंधन द्वारा प्रभावित पशुपालकों को मुआवजा देने की कार्रवाई शुरू की गयी है। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## इंडिया

# भारत बने ब्रांड कब तक भारतीय दूसरों को संवारेंगे?



सुनील बादल

**इजराइल** ने हमास के साथ छिड़े युद्ध के बाद भारत से एक लाख कामगारों को इजराइल भेजने का आग्रह किया है इजराइल के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर फिलिस्तीन के नागरिकों की जगह लेंगे । इजरायल द्वारा भारत से मांगे गए एक लाख कामगारों की संख्या में इंजीनियर भी शामिल हैं। इसी प्रकार ताईवान ने भी घोषणा की थी कि उसे लगभग एक लाख भारतीय इंजीनियरों की आवश्यकता है। इसके पूर्व जापान ने भी लगभग 2 वर्ष पूर्व घोषणा की थी कि वह 2 लाख भारतीय इंजीनियरों की भर्ती जापान में विभिन्न कंपनियों में करेगा। एक अन्य समाचार के अनुसार, माइक्रोसॉफ्ट के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सत्या नडेला एवं गूगल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुंदर पिचाई भी प्रयास कर रहे हैं कि इनकी कंपनियों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किस प्रकार भारतीय इंजीनियरों की भर्ती बढ़ाई जाए। अमेरिका एवं कनाडा आदि देशों में पहले से ही लगातार कुछ वर्षों से इन देशों की बहुराष्ट्रीय कंपनियों में लाखों भारतीय इंजीनियरों की भर्ती जारी है। इस प्रकार, यह कहा जा सकता है कि भारत आज पूरे विश्व में इंजीनियरों की आपूर्ति का बहुत बड़ा केंद्र बन गया है । हाल ही में एक रोचक जानकारी सामने आई है कि रूस जैसे कुछ देशों की महिलाएं पति के रूप में भारतीय पुरुषों के प्रति आकर्षित हो रही हैं। क्योंकि, भारतीय पुरुष तलाक जैसी कुरीतियों से मीलों दूर दिखाई देते हैं। भारतीय पुरुष एक बार शादी के बाद पूरे जीवन भर अपनी पत्नी को सुखी जीवन प्रदान करते हैं। यह भारतीय सनातन संस्कृति का प्रभाव है। विश्व के कई विकसित देशों में सामाजिक तानाबाना छिन्न भिन्न हो चुका है। इन देशों में तलाक की दर 50 प्रतिशत से भी अधिक हो गई है एवं अमेरिका में तो लगभग 60 प्रतिशत बच्चों को अपने पिता के बारे में जानकारी ही नहीं रहती है। इन विपरीत परिस्थितियों के बीच कुल मिलाकर इन देशों में बच्चों का मानसिक विकास प्रभावित हो रहा है एवं इन देशों में बच्चे गणित एवं विज्ञान जैसे विषयों में गहरी रुचि नहीं ले पा रहे हैं। अतः इन देशों में महिलाएं बहुत अधिक परेशानी में दिखाई दे रही हैं एवं वे भारतीय पुरुषों को अपने पति के रूप में स्वीकार करने को लालायित दिखाई दे रही हैं। आज 1.40 करोड़ भारतीय मूल के नागरिक विभिन्न देशों में रह रहे हैं, जो इन देशों की नागरिकता प्राप्त करने का इंतजार कर रहे हैं एवं इसके अतिरिक्त 1.80 करोड़ भारतीय मूल के नागरिक इन देशों के स्थायी नागरिक बन चुके हैं। अतः कुल मिलाकर 3.20 करोड़ भारतीय मूल के नागरिक आज विश्व के अन्य देशों में निवास कर रहे हैं। भारतीय मूल के नागरिकों का यह वर्ग न केवल इन देशों में भारतीय सनातन संस्कृति को फैलाने में अपनी अहम भूमिका निभा रहा है बल्कि अपनी बचतों को भारत में भेजकर भारत में अपना पूंजी निवेश भी बढ़ा रहा हैं। पिछले वर्ष, भारतीय मूल के इन नागरिकों द्वारा 10,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक की राशि भारत में भेजी गई थी, जो पूरे विश्व में किसी भी देश में भेजी गई राशि में सबसे अधिक है। भारतीय मूल के नागरिक अपने संस्कारों के चलते इन देशों में शीघ्र ही अपना विशेष स्थान बना लेते हैं एवं अपनी मेहनत के बल पर सम्पन्नता भी प्राप्त कर लेते हैं। आज भारतीय मूल के नागरिक कई देशों में राजनैतिक क्षेत्र में भी बहुत आगे आ गए हैं। अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक सहित कई देशों के प्रमुख आज भारतीय मूल के नागरिक ही हैं। जब विशेष रूप से विकसित देशों में भारत से डॉक्टर, इंजीनियर एवं प्रबंधन के क्षेत्र में विशेषज्ञ भारत से बाहर जाते हैं तो इन विशिष्ट श्रेणी में विशेषज्ञों की भारत में कमी होना स्वाभाविक है। अब तो ऐसा आभास होने लगा है कि पूरे विश्व के लिए विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ जैसे भारत तैयार कर रहा है। यह विशेषज्ञ विभिन्न देशों में जाकर इन देशों की कंपनियों को मजबूती प्रदान करते हैं एवं यह कंपनियां पूरे विश्व में अपने व्यापार को फैलाने में सफल हो रही हैं। अब समय आ गया है कि भारतीय कंपनियां भी बहुराष्ट्रीय कंपनियां बनें एवं पूरे विश्व में अपने व्यापार को फैलाएं।



## एक नजर

### नवागत थाना प्रभारी का किया स्वागत

**सतबरवा।** नवागत थाना प्रभारी रघुराय कोटवार को सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा के नेतृत्व में गुरुवार को विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, विरेंद्र मेहता, कौशल किशोर, सिकंदर भुईयां समेत कई लोगों ने अंग वस्त्र व बुके प्रदान कर स्वागत किया। इस मौके पर थाना प्रभारी श्री कोटवार ने कहा कि आमजन को कभी शिकायत का मौका नहीं मिलेगा। थाना क्षेत्र में अमन-चैन कायम रखना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों पर विशेष नजर रखी जा रही है।

### नव पदस्थापित बीडीओ ने पेंशन शिविर का किया निरीक्षण



**हुसैनाबाद।** हैदरनगर प्रखंड में नव पदस्थापित प्रखंड विकास पदाधिकारी विश्व प्रताप मालवा ने गुरुवार को मुख्यमंत्री राज्य वृद्धा पेंशन के लिए लगे शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने प्राप्त आवेदनों में से 50 वर्ष और इससे ऊपर आयु वाले महिलाओं के 93 आवेदनों की स्वीकृति भी दी। बीडीओ के शिविर में पहुंचने पर हैदरनगर पूर्वी पंचायत प्रतिनिधियों ने गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया। मौके पर पर्यवेक्षक ननदेव राम, परवेज, पंचायत समिति सदस्य शैलू जायसवाल, उपमुखिया पवन कुमार, समाजसेवी डॉ.अजय जायसवाल, मुकेश कुमार मेहता, मुकेश दुबे मौजूद रहे।

### कदाचार मुक्त परीक्षा के लिये सिटी कोऑर्डिनेटर ने किया प्रोत्साहित

**मेदिनीनगर।** सीबीएसई की चल रही वार्षिक परीक्षा-2024 को पलामू प्रमंडल में अबतक कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण बताते हुए सिटी कोऑर्डिनेटर ने केंद्राधीक्षकों को प्रोत्साहित किया है। सीबीएसई के पलामू प्रमंडल के सिटी कोऑर्डिनेटर सह एमकेडीएवी के प्राचार्य सह डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखंड क्षेत्र-आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डॉ जीएन खान ने सभी को प्रोत्साहित किया।

# पुलिस ने तीन अवैध शराब भट्ठी को किया ध्वस्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** थाना क्षेत्र के कुलहिया गांव के समीप योगिया पहाड़ की तलहटी में छापामारी कर पुलिस ने तीन अलग-अलग स्थानों पर संचालित हो रहीं अवैध शराब भट्ठियों को ध्वस्त किया। इस दौरान अभियान के नेतृत्व कर रहे पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि अवैध भट्ठी से 15 प्लास्टिक के ड्रम में करीब आठ क्विंटल जावा महुआ के साथ ही सैकड़ों लीटर निर्मित शराब एंव शराब बनाने के कई उपकरणों को नष्ट किया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस को देखते ही धंधेबाज भाग खड़े हुये। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए यह अभियान चलाया जा रहा है। चोरी छिपे चल रहे अवैध शराब भट्ठी और धंधेबाजों के विरूद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस अभियान में एएसआइ संजय कुमार सिंह, मनोज दास आदि मौजूद रहे।

## अबुआ आवास में मनमानी की एसडीएम से शिकायत

# लाभुकों का जियो टैग से नाम हटने से रोष

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** प्रखंड में अबुआ आवास चयन में बबुआ यानी प्रखंड विकास पदाधिकारी पर मनमानी का आरोप लगाते हुये लाभुकों ने व्यापक रोष जताया है। इस मामले को लेकर गुरूवार को दंगवार पंचायत के अबुआ आवास के लाभुकों ने अनुमंडल पदाधिकारी अशीष गंगवार को एक लिखित आवेदन देकर जांच की मांग की है। लाभुकों ने आवेदन में अवगत कराया है कि अबूआ आवास के लिये उनका



जियो टैग हुआ था, इसी बीच 21 फरवरी को प्रखंड विकास पदाधिकारी रौशन कुमार और पंचायत सचिव दंगवार पंचायत में पहुंचकर जायजा लिया। इस दौरान बीडीओ मौके पर ही पंचायत सचिव को घुड़की देते हुये पूछा कि इन लोगों का अबुआ आवास का जियो टैग कैसे हो गया। सभी लोगों का जियो टैग से नाम हटवाओ नहीं तो फौरन निलंबित कर दिया जायेगा। इस दौरान उन्होंने बीडीओ से अपनी व्यथा भी सुनाई, किंतु उनका नाम सूची से हटा दिया गया। सबिता देवी, प्रमिला देवी, रबीना बीबी, बुधिया देवी, बसंती देवी आदि ने एसडीएम का ध्यान आकृष्ट कराते हुये तत्काल समुचित कदम उठाये जाने की गुहार लगायी है।

## प्रमंडलीय प्रशिक्षण संस्थान में मुखिया मास्टर प्रशिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम

# मास्टर ट्रेनर के लिए दृढ़ आत्मविश्वास जरूरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** कुशल प्रशिक्षक के लिए दृढ़ आत्मविश्वास जरूरी है। इससे प्रशिक्षक विषय वस्तु की सही तरीके से व्याख्या कर सहजतापूर्ण अपने सामने बैठे लोगों को समझा सकते हैं। साथ ही उनके मनोभावों का आकलन कर चर्चा को धारदार बना सकते हैं। उक्त बातें जिला पंचायती राज पदाधिकारी सह प्रशिक्षण संस्थान के प्रभारी प्राचार्य विनय श्रीवास्तव ने कही। वे गुरुवार को सतबरवा प्रखंड क्षेत्र के सरजा गांव स्थित प्रमंडलीय प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित मुखिया मास्टर प्रशिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान बॉडी लैंग्वेज भी मायने रखता है। प्रशिक्षक का हाव-भाव प्रशिक्षण ले



रहे लोगों पर मनोवैज्ञानिक प्रभाव डालता है। पंचायती राज विभाग के प्रशिक्षक त्रिलोकी कर्ण व सत्यानंद शुक्ल ने मास्टर शिक्षक का प्रशिक्षण ले रहे मुखिया लोगों को जीपीडीपी के विभिन्न बिंदुओं की क्रमवार जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मास्टर प्रशिक्षक को पंचायती राज विभाग व सरकार की ओर से जारी अधिकतम दिशा निर्देशों की जानकारी जरूरी है। इधर चार दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के तीसरे दिन ट्रेनिंग ले रहे मुखियाओं ने गांव भ्रमण का प्रेजेंटेशन दिया। इसमें गांव की भौगोलिक सीमा के अंतर्गत आने वाले विभिन्न संसाधनों के माध्यम से आय के साधन,समस्याएं व समाधान के उपायों की चर्चा की गई। मौके पर डीपीएम प्रकाश झा आदि मौजूद थे।

### तालाब के जीर्णोद्धार में अनियमितता की शिकायत

**पांडू।** प्रखंड के डाला कला गांव में भूमि संरक्षण विभाग की 22 लाख रुपये की लागत से पोखरा जीर्णोद्धार में अनियमितता बरते जाने की शिकायत ग्रामीणों ने उपायुक्त से की है। ग्रामीणों में काफी आक्रोश भी है। सभी ने उपायुक्त के अलावा भूमि संरक्षण विभाग को भी जानकारी दी है। आवेदन में उल्लेख किया गया है कि पहले से उक्त तालाब की लंबाई 400 और चौड़ाई 450 फीट के करीब है। वर्तमान में जीर्णोद्धार के नाम पर उसके कुछ हिस्सों से मिट्टी निकालकर उसके शेष भाग में ही डाल दिया गया है। जिससे तालाब का मूल स्वरूप ही बदल गया है। इस्टीमेट के अनुकूल कार्य नहीं कराया गया है। योजना की आधी राशि की निकासी भी कर ली गयी है। विदित हो कि ग्रामीणों ने शुरूआती दौर में भी इसका विरोध किया था।

# लाइब्रेरी से छात्रों का होगा ज्ञानवर्द्धन



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** शहर के संडा बॉर्डर मेन रोड स्थित डिस्कवर लाइब्रेरी का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रधानाध्यापक विनय कुमार ने फीता काटकर किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पुस्तक हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। पुस्तकालय खुल जाने से बच्चों को पठन-पाठन में सहायता मिलेगी। वहीं संचालक उम्मत रसूल तथा मो. जीशान ने कहा कि पुस्तकालय में प्रतियोगी पुस्तकों के अलावा ज्ञानवर्धक पुस्तकें भी रखी गयी हैं। पुस्तकालय में वातानुकूलित परिवेश, फ्री वाईफाई, सीसीटीवी कैमरा, पेयजल, लॉकर सुविधा, साइलेंस जोन, इंडोर गेम्स रूम, ग्रुप डिस्कशन रूम, एडमिशन फ्री तथा पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था की सुविधा उपलब्ध है। मौके पर मो. गुलाम कादिर, मो. तबरेज, अलीमुद्दीन अनवर, गुड्डन, वकील, मो. शमसुद्दीन, सैफ खान, राकेश गुलजार, नेहा सिंह, नाइका, प्रिया, शिक्षक मदन मोहन सिंह मौजूद थे।

# विश्रामपुर थाने में राकेश सिंह ने दिया योगदान



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** स्थानीय थाने में बतौर थाना प्रभारी राकेश सिंह ने गुरुवार को योगदान दिया। इसके बाद उन्होंने स्थानीय लोगों के साथ परिचयात्मक बैठक की। बैठक की अध्यक्षता पुलिस निरीक्षक रामाशीष पासवान और संचालन विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय ने किया। नव नियुक्त थाना प्रभारी ने शांति व्यवस्था कायम रखने में लोगों से सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि विश्रामपुर थाना क्षेत्र में अमन चैन स्थापित रखना उनका पहला उद्देश्य है। जिसमें सबका सहयोग अपेक्षित है। धन्यवाद ज्ञापन गांधी विचार मंच के संस्थापक अध्यक्ष रविंद्र नाथ उपाध्याय ने किया। बैठक में विधायक के प्रखंड प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल,पार्षद सुनील कुमार चौधरी, सलीमुदीन अंसारी, मनीष कुमार, शमशेर आलम, पेंटर जिलानी, मुनि तिवारी, विजय चौधरी, अवधेश केशरी, महेंद्र चौधरी, सुरेंद्र मेहता मौजूद थे।

### पानी कनेक्शन का दस्तावेज दुरुस्त कराने का निर्देश

**मेदिनीनगर।** नगर निगम क्षेत्र में घरेलू जल उपयोग करनेवाले उपभोक्ताओं को 20 फरवरी तक पानी कनेक्शन से संबंधित अपना कनेक्शन पेपर और बिल संबंधित कार्य पूरा करने का आदेश दिया गया है। निगम क्षेत्र में जलापूर्ति कोषांग से संपर्क कर पानी कनेक्शन संबंधित पेपर और बिल कार्य पूरा कराने के लिए निर्देशित किया गया है। नगर आयुक्त मो. जावेद हुसैन ने जलापूर्ति जांच टीम को निगम क्षेत्र में जांच अभियान तेज करने का भी निर्देश दिया है। टीम में नोडल पदाधिकारी नगर प्रबंधक दिलीप कुमार, कनीय अभियंता मनीष कुमार, इंस्पेक्टर छोटे लाल गुप्ता को रखा गया है। नगर आयुक्त ने निगमवासियो से अपील की है कि आनेवाले भीषण गर्मी को देखते हुए अपने-अपने घरेलू पाइपलाइन से होनेवाले जलापूर्ति लिकेज को निगम से संपर्क कर ठीक करा लें, ताकि पानी की बर्बादी को रोकते हुए दूसरे के घरों में पानी पहुंचाया जा सके।

# अबुआ आवास की सूची का अंतिम सत्यापन तेज

**मेदिनीनगर।** प्रखंड में अबुआ आवास के लिए चयनित योग्य लाभुकों की जांच का अंतिम चरण आरंभ हो गया है। प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्र देव प्रसाद बुधवार को डोर-टू-डोर जांच कर लाभुकों का सत्यापन किया। मुखिया, पंचायत सचिव, पंचायत समिति सदस्य, रोजगार सेवक, प्रतिनियुक्त पर्यवेक्षकों वाले जांच दल एवं पंचायत सचिव स्तर से बनाए गए योग्य लाभुकों की सूची का सत्यापन किया। बीडीओ ने मझिगांव पंचायत में बुधवार को योग्य लाभुकों का सत्यापन किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की यह एक महत्वाकांक्षी योजना है। आवास विहीन अथवा कच्चे मकान में रहने वाले ग्रामीणों को इसके तहत आवास उपलब्ध कराना है। स्थल निरीक्षण के दौरान योग्य लाभुकों से बीडीओ ने किसी को भी किसी तरह की राशि नहीं देने, पहली किस्त मिलते ही काम शुरू करने तथा ससमय आवास पूर्ण करने का अनुरोध किया। बीडीओ ने लाभुकों को बताया कि प्रत्येक आवास का सत्यापन करने के पश्चात ही पहली किस्त का भुगतान किया जाएगा। पंडवा प्रखंड में कुल आवंटित अबुआ आवास की संख्या 344 है। जिसमें मझिगांव पंचायत में 46 आवास आवंटित है। अबुआ आवास योजना से संबंधित आवेदन आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा के पंचायतवार लगे शिविर में प्राप्त करते हुए जांच दल से जांच करवाया गया।

## कथा वाचिका अलका किशोरी के प्रवचन ने किया भावविभोर

# भक्तों के प्रेम के वशीभूत होते हैं भगवान

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** देवी मंडप समिति ट्रस्ट के द्वारा सुदना स्थित तुलसी मानस मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमदभागवत ज्ञान महायज्ञ में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। सुबह में यज्ञशाला में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ नित्य पूजा अनुष्ठान एवं भागवत पुराण का पाठ हो रहा है। वही दोपहर तीन बजे से वृंदावन से पधारी भागवताचार्य अलका किशोरी के द्वारा भागवत कथा का रसपान कराया जा रहा है। गुरुवार को भागवताचार्य अलका किशोरी ने भगवान श्रीकृष्ण के प्रेम लीला,उद्धव गोपी संवाद सहित अन्य प्रसंगों की चर्चा बडे ही मार्मिक ढंग से किया।कलाकारों ने झांकी प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को आनंद विभोर कर दिया।



भागवताचार्य अलका किशोरी ने कहा कि संसार मोहमाया का जाल है। संसार के क्षणिक सुख व आनंद से लोग तृप्त नही होते और उनके अंदर शास्वत सुख शांति व आनंद प्राप्त करने की लालसा जागृत रहती है। अक्सर लोग वासना को ही प्रेम समझते है। वास्तव में पवित्र प्रेम प्रभू से रिश्ता जोड़ने पर ही होता है। जो व्यक्ति प्रभू शरणागत होकर प्रेम का रिश्ता जोड़ता है उसका कल्याण निश्चित है। भगवान भक्तों को सुख व आनंद पहुंचाने के लिए ही कई तरह की लीला करते है। भगवान श्रीकृष्ण की लिलाओं का मुख्य उदेश्य भक्तों के लिए मंगलमय व आनंदमय है। भगवान अपने भक्तों के प्रेम के वशीभूत होते है। शुद्ध मन व भक्तिभाव के साथ जो व्यक्ति भगवान से प्रेम करता है उसका जीवन सार्थक हो जाता है।

# सीएचसी में आयुष्मान कार्ड बना मरीजों का सहारा



### जांच व इलाज के साथ निःशुल्क भोजन की भी व्यवस्था

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयुष्मान गोल्डेन कार्ड गरीबों का सहारा साबित हो रहा है। इसके तहत मरीजों को जांच,इलाज,दवा के साथ निःशुल्क भोजन भी प्राप्त हो रहा है। चिकित्सा प्रभारी डॉ. राजेंद्र कुमार ने बताया कि आयुष्मान कार्ड धारकों को हर सुविधा उपलब्ध कराया जा रहा है। अभी इस योजना से लगभग 25 मरीजों का इलाज चल रहा है। गुरुवार को इस योजना के लाभार्थी मरीजों से मुलाकात कर उन्होंने उनका हालचाल जाना। इसके अलावा सभी वार्डों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों को कई दिशा-निर्देश दिये। मौके पर डॉ. मनोज थामस,डॉ. धीरज कुमार, बीपीएम पंकज पाण्डेय,अविनाश कुमार, फिरोज अंसारी मौजूद थे।

# स्व.ललन सिंह के श्राद्धकर्म में कई संसद-विधायक पहुंचे

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** भाजपा के लोकप्रिय नेता ललन कुमार सिंह के श्राद्धकर्म में कई राजनीतिक दल के लोग व प्रतिनिधियों ने शामिल होकर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि देते हुए पलामू सांसद वीडी राम ने कहा कि ललन बाबू ने सादगी पूर्ण जीवन व्यतीत किया। साथ ही वे दलगत भावना से ऊपर उठ कर सभी लोगों के लिए काम करते रहे। उन्होंने कहा कि उनके निधन से क्षेत्र को बड़ी क्षति हुई है। इस दौरान औरंगाबाद सांसद सुशील कुमार सिंह, डालटनगंज विधायक आलोक कुमार चौरसिया, पांकी विधायक शशिभूषण मेहता, भवनाथपुर विधायक भानुप्रताप



शाही, चंदौली विधायक सुशील सिंह, पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव, पांकी के पूर्व विधायक देवेंद्र सिंह, लातेहार के पूर्व विधायक प्रकाश राम, जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, पूर्व सांसद घूरन राम व बृजमोहन राम, भाजपा जिला अध्यक्ष अमित कुमार तिवारी, भाजपा प्रदेश महामंत्री मनोज कुमार सिंह, सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार सिंह, विपिन बिहारी सिंह, नरेंद्र पांडे, एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो, पुलिस इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह, बीडीओ रौशन कुमार आदि मौजूद रहे।

# विशेष शिविर में पन्द्रह सौ लाभुकों से आवेदन प्राप्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** प्रखंड के सभी पंचायतों तथा नगर पंचायत के सभी वार्डों में गुरुवार को तीसरे दिन भी पेंशन शिविर का आयोजन कर मुख्यमंत्री राज्य वृद्धा पेंशन योजना अंतर्गत 50 साल से 59 साल तक के लोगों को पेंशन देने के लिए पंजीकरण किया गया। कम उपस्थिति के कारण शिविर का समय एक दिन और बढ़ाते हुए 23 फरवरी तक कर दिया गया है। बीडीओ कुमार अरविंद बेदिया ने लोगों को शिविर का लाभ लेने के लिये प्रेरित करते हुये कहा कि इससे समाज के सभी वर्गों को लाभ मिलेगा। शिविर में मुखिया संघ प्रखंड अध्यक्ष संदीप यादव, नोडल पदाधिकारी सोनू कुमार, कार्यक्रम प्रभारी रंजन मनोज, सिटी मैनेजर नजीबुल्लाह अंसारी, सामुदायिक संगठन कर्ता विचित्रा कुमारी, कंप्यूटर ऑपरेटर राहुल कुमार, सीआरपी शाहदा अंजुम, अनिता कुमारी, रिशु कुमारी, लालमुनी कुमारी, रोजगार सेवक पंकज चौधरी, विनोद सिंह, अशोक कुमार, विनोद यादव आदि मौजूद थे।

## अनियमितता — करेंगे आंदोलन, खटखटाएंगे अदालत का दरवाजा

# पांकी विधान सभा में किसी को लूट की छूट नहीं : विधायक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पांकी विधानसभा क्षेत्र में केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी नल-जल योजना के क्रियान्वयन में बरती जा रही अनियमितता से विधायक डॉ. कुशवाहा शशि भूषण मेहता काफी क्षुब्ध हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों से रोज शिकायतें मिल रही हैं। गड़बड़ी 70-80 प्रतिशत तक सामने आ रही है। ठेकेदारों ने बगैर पानी आपूर्ति किए केवल स्ट्रक्चर खड़ा कर दिया है। इससे लोगों को पेयजल नहीं मिलेगा। साथ ही सरकार की बड़ी राशि भी बेकार की योजना में खर्च हो जाएगी। दस्तावेजों में गांव पाइप लाइन जलापूर्ति योजना से आच्छादित दिखेगा, परंतु धरातल पर लोग पानी के लिए तरसेंगे। यह स्थिति वे देख नहीं सकते हैं। उन्होंने योजनाओं के क्रियान्वयन में गड़बड़ी की तरफ पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता का ध्यान दिलाया है। वे इस गड़बड़ी को लेकर सदन में सरकार को आगाह करने तथा जरूरत पड़ी तो अदालत में भी जाने पर विचार कर रहे हैं।



विधायक ने कहा कि लूट की छूट पांकी विधानसभा क्षेत्र में नहीं दी जा सकती है। सरकार की योजनाओं का लाभ आम नागरिकों को देना ही होगा। ऐसा नहीं करने वाले पदाधिकारी या ठेकेदार का जोरदार विरोध किया जाएगा। साथ ही कानून के दायरे में लाकर उन्हें जनहित में कार्य करने के लिए विवश कर दिया जाएगा।मौके पर विधायक के जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता,पीए बचन ठाकुर मौजूद थे।

# पंचायतों में सरकारी निर्देशों का नहीं हो रहा अनुपालन

- योजनायें हो रहीं फेल विधायक प्रतिनिधि ने जताया रोष
- नवडीहा पंचायत में पेंशन योजना में एक भी लाभार्थी का नहीं हुआ पंजीकरण




**नवीन मेल संवाददाता**

**मनातू।** जिले के मनातू प्रखंड अंतर्गत नवडीहा पंचायत सचिवालय में सरकार के द्वारा दिए गए निर्देशें का अनुपालन नहीं किये जाने से सरकारी योजनायें असफल साबित हो रही हैं। विधायक प्रतिनिधि अयोध्या प्रसाद साहू ने रोष जताते हुये कहा कि जिला ही नहीं पूरे प्रदेश में 20 से 22 फरवरी तक पंचायत संचिवालय में शिविर लगाकर ग्रामीणों को पेंशन योजना का लाभ दिया गया, किंतु नवडीहा पंचायत सचिवालय में दोपहर एक बजे तक ताला लटका रहा। विधायक प्रतिनिधि की पहल पर मुखिया बंधु भुईयां ने दो बजे वार्ड सदस्य जावेद अख्तर को भेजकर ताला खुलवाया। इससे एक भी व्यक्ति का पंजीकरण नहीं हो सका। उन्होंने उपायुक्त का ध्यान आकृष्ट कराते हुये इस संबंध में तत्काल आवश्यक कदम उठाये जाने की मांग की है।

## सुप्रभात पलामू



**पलामू वासियों को नमस्कार।**

झारखंड प्रदेश झामुमो के शासन काल में सतत प्रगति के पथ पर अग्रसर है। तमाम अवरोधों के बाद भी झामुमो सरकार समाज के सभी वर्गों के हित में कार्य कर रही है।

**राजेन्द्र सिन्हा, झामुमो जिला अध्यक्ष पलामू।**

## तड़क-गरज के साथ गिरे ठनके, किसानों के उड़े होश

**मेदिनीनगर।** जिला मुख्यालय मेदिनीनगर व आसपास के क्षेत्रों में गुरुवार शाम अचानक भारी तड़क-गरज के साथ ठनके गिरने से किसानों के होश उड़ गये हैं। रबी की फसलों के लिये ठनके व बरसात वर्तमान में किसी बड़ी आफत से कम नहीं है। चार दिन पूर्व जिले के सुदूर अंचलों में आंधी-पानी व ओले पड़ने से फसलों को पहुंची भारी क्षति की मार से किसान अभी संभले भी नहीं थे कि दोबारा हुई आफत की बारिश ने उनकी कमर तोड़ दी है। बेमौसम बरसात के कारण सरसों, अरहर, मसूर, मटर सहित गेहूं की फसलों को भी व्यापक नुकसान पहुंचा है।



खरीफ की फसल बरसात के बिना नष्ट हो गयी तो रबी की फसल को बेमौसम बरसात ने चौपट कर दिया। अब किसानों की समझ में नहीं आ रहा है कि क्या करें! (छाया-भोला)

### डालटनगंज से गढ़वा रोड रेलवे स्टेशनों के मध्य बने हैं अंडर पास

# चार रेल अंडरपासों का 26 को होगा लोकार्पण

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पूर्व मध्य रेल धनबाद प्रमंडल के डालटनगंज से गढ़वा रोड रेलवे स्टेशन के मध्य स्थित चार अंडरपासों का 26 फरवरी को लोकार्पण किया जायेगा। डालटनगंज रेलवे स्टेशन के अधीक्षक उमेश कुमार ने बताया कि डालटनगंज रेलवे स्टेशन से कजरी, कजरी रेलवे स्टेशन से राजहरा, राजहरा रेलवे स्टेशन से तोलरा एवं तोलरा रेलवे स्टेशन से गढ़वा रोड जंक्शन के मध्य अंडरपासों का निर्माण पूर्ण हो चुका है। 26 फरवरी को क्षेत्र के सांसद, विधायक व अन्य जन प्रतिनिधियों के साथ वरीय रेल अधिकारियों की मौजूदगी में उक्त अंडरपासों का विधिवत लोकार्पण किया जायेगा। उन्होंने बताया कि विकसित भारत मिशन के तहत पूर्व में स्कूली बच्चों के लिए पेंटिंग ,ड्राइंग और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले 36 बच्चों को इस दौरान पुरस्कृत किया जायेगा। अंडरपास



## एक नजर

### धर्म रक्षा निधि समर्पण अभियान की समीक्षा

**मेदिनीनगर।** प्रांत के वरिष्ठ पदाधिकारियों की मौजूदगी में स्थानीय जिला कार्यालय में गुरुवार को विहिप-बजरंग दल कार्यकर्ताओं की बैठक की गयी। इस दौरान धर्म रक्षा निधि समर्पण अभियान की समीक्षा की गयी। बैठक की अध्यक्षता विहिप के जिलाध्यक्ष उमेश अग्रवाल व संचालन जिला मंत्री दामोदर मिश्र ने किया। प्रांत से प्रवास पर आये विहिप के प्रांत मंत्री डा. विरेंद्र साहू, संगठन मंत्री देवी सिंह, प्रांत सह मंत्री रंगनाथ महतो, जिला पालक मनोज पोद्दार आदि ने स्थानीय पदाधिकारियों से अभियान की जानकारी हासिल की। अभियान में तेजी लाते हुये जल्द से जल्द लक्ष्य पूरा करने का निर्देश दिया गया। मौके पर विभाग अध्यक्ष शिव प्रकाश, मंत्री कुमार गौरव, सह मंत्री महेंद्र नाथ, सह मंत्री अमित तिवारी, जिला विशेष संपर्क प्रमुख किशोर पांडेय, कोषाध्यक्ष राजीव गोयल, सेवा प्रमुख गोपाल तिवारी आदि मौजूद रहे।

### किन्नरों के साथ मारपीट,मामला दर्ज

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के माली मोहल्ला में कुछ लोगों ने किन्नरों के साथ मारपीट की। इससे आक्रोशित किन्नरों ने शहर थाना पहुंच कर आवेदन दिया। मामला दर्ज कर पुलिस विवेचना में जुट गयी है। कान्दू मोहल्ला निवासी किन्नर आयशा का कहना है कि हर दिन की तरह बच्चों को आशीर्वाद (बधाई) देने के लिए वे निकली हुई थी। दोपहर में माली मोहल्ला इलाके में उदयपुरी के घर बधाई देकर नेग मांग रही थी। इसी क्रम में उनके साथ मारपीट की जाने लगी। मारपीट के क्रम में धक्का देने से गिर जाने के कारण वे घायल हो गईं।

### पिकअप चालक लापता, खोजबीन में जुटी पुलिस

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के सुदना निवासी नीलम देवी ने अपने पति धर्मेंद्र साव के लापता होने से सम्बन्धित मामला सदर थाना में दर्ज कराया है। महिला ने थाने में आवेदन देकर पुलिस को बताया है कि उनके पति हमीदगंज निवासी आनंद कुमार दुबे के घर पिकअप वाहन चलाने का काम करते हैं। 15 फरवरी की रात 11 बजे वे सुदना से पिकअप पर डीजे लेकर पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम सिक्की अब्दुल अंसारी के यहां गए थे। इसके बाद से वह अपने घर नहीं लौटे हैं। इस दौरान खोजबीन के क्रम में खनवा शिव मंदिर के पास पिकअप वाहन मिला, किंतु उनके पति का कुछ पता नहीं चल रहा है।

### उपायुक्त के प्रयासों ने दिखाया रंग, सीएसआर मद से

# पेयजल व सिंचाई के लिए एनटीपीसी ने दिये एक करोड़

**सीएसआर कार्यक्रम के तहत जिले में 77 चापाकल व 100 डीप बोर का होगा अधिष्ठापन : उपायुक्त**

**सिंचाई की समस्याओं में किसानों को मिलेगी निजात**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले में 27 चापाकल व 50 डीपबोर के अधिष्ठापन के लिए पहली किस्त के रूप में एक करोड़ रुपये का चेक एनटीपीसी ने उपायुक्त शशि रंजन को सौंपा है। एनटीपीसी के अधिकारियों ने सीएसआर के तहत गुरुवार को उपायुक्त को उनके कार्यालय कक्ष में चेक सौंपा। बताया गया कि कुछ कार्य पूर्ण हो जाने के पश्चात एनटीपीसी द्वारा दूसरी किस्त के रूप में 50 लाख रुपये का चेक दिया जायेगा। मौके पर जिला योजना पदाधिकारी अविनाश कुमार, एनटीपीसी के जीएम पंकज ध्यानी, डीजीएम एसके सेनापति समेत जिला प्रशासन से शुभम एवं विक्की मौजूद थे। ज्ञातव्य हो कि इसके पूर्व जिला प्रशासन को सीसीएल द्वारा 50 चापाकल व 50 डीपबोर निर्माण के लिए चार किस्तों में 2 करोड़ 31 लाख रुपये का एमओयू किया गया है।



**पेयजल समस्या से मिलेगी राहत : डीसी**

चेक रिसीव करने के पश्चात उपायुक्त श्री रंजन ने एनटीपीसी व सीसीएल के प्रतिनिधियों को साधुवाद देते हुए कहा कि सीएसआर मद से जिले में 77 चापाकल व 100 डीप बोर का अधिष्ठापन कराया जाएगा। जिससे पेयजल से जुड़ी समस्याओं में राहत मिलेगी। यह भविष्य में पलामू के लिये मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि डीपबोर से जिले के कृषि कार्यों में बढ़ोतरी होगी व ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी बल मिलेगा। वहीं चापाकल के अधिष्ठापन से पेयजल की व्यवस्था सुदृढ़ होगी। इस संबंध में जिला योजना पदाधिकारी अविनाश कुमार ने कहा कि उपायुक्त इस कार्य हेतु लगातार प्रयासरत थे।

**कुछ कार्य पूर्ण हो जाने के पश्चात एनटीपीसी द्वारा दूसरी किस्त के रूप में 50 लाख रुपये का चेक दिया जायेगा। मौके पर जिला योजना पदाधिकारी अविनाश कुमार, एनटीपीसी के जीएम पंकज ध्यानी, डीजीएम एसके सेनापति समेत जिला प्रशासन से शुभम एवं विक्की मौजूद थे।**

**रिमांड व जमानत न्याय शास्त्र पर क्षेत्रीय सम्मेलन 25 को**

# लेस्लीगंज में विधिज्ञ विद्वानों का होगा जमावड़ा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** न्यायिक अकादमी झारखंड के सहयोग से पलामू न्याय मंडल द्वारा 25 फरवरी को रिमांड और जमानत न्याय शास्त्र विषय पर क्षेत्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। लेस्लीगंज प्रखंड अंतर्गत गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज में आयोजित सम्मेलन में विधिज्ञ विद्वान संबंधित विषय पर मंथन करेंगे। सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति रत्नाकर भेंगरा, सम्मानित अतिथि झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति अनिल कुमार चौधरी,न्यायमूर्ति अंबुज नाथ के अलावे न्यायिक अकादमी के डायरेक्टर सुधांशु कुमार शशि,मुख्य रूप से उपस्थित होंगे। सिविल कोर्ट डालटनगंज के निबंधक अमित गुप्ता ने बताया कि सम्मेलन में पलामू, गढ़वा व लातेहार न्याय मंडल के न्यायिक अधिकारी ,अधिवक्ता, पी पी,पुलिस अधिकारी, एल ए डी सी के अधिवक्ता, कार्य पालक पदाधिकारी, लॉ कॉलेज के शिक्षक व विद्यार्थी सहित अन्य प्रबुद्ध जन भाग लेंगे।



## पाटन प्रखंड को मिला 55 क्विंटल मूंग बीज

**पाटन।** शत-प्रतिशत अनुदान पर बीज वितरण को लेकर बुधवार को प्रखंड कार्यालय के हॉल में बैठक कर विमर्श किया गया। प्रमुख शोभा देवी, बीडीओ अमित झा, विधायक प्रतिनिधि संजय सिंह, प्रखंड कृषि पदाधिकारी संतोष कुमार, एटीएम अभिमन्यु कुमार, किसान मित्र , पंचायत समिति सदस्य आदि की मौजूदगी में एटीएम ने बताया कि शत-प्रतिशत अनुदानित सह प्रमाणित मूंग बीज 55 क्विंटल पाटन प्रखंड को प्राप्त हुआ है।

**बैठक में लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा कर बनी रणनीति**

# लोस चुनाव के लिये कांग्रेस ने बनाया वॉर रूम





**नवीन मेल संवाददाता**

मेदिनीनगर। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक की अध्यक्षता में सभी प्रखंड अध्यक्षों, प्रखंड प्रभारियों एवं सह प्रभारियों की बैठक में लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की गई। इस दौरान चुनाव वार रूम का गठन कर जितेंद्र कमलापुरी को प्रभारी व कोआर्डिनेशन के लिए शशांक सुमन, अजय साहू, गणेश रवि एवं शैलेश मेहता को दायित्व सौंपा गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि केंद्र सरकार की विफलताओं को कांग्रेस के कार्यकर्ता घर-घर जाकर बताने का काम करेंगे। वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण बढ़ती महंगाई का साया हर भारतीय घरों वक पहुंचा है। इसका सबसे अधिक मध्यम वर्ग पर असर पड़ा रहा है। मौके पर शमीम अहमद राइन, विधानसभा प्रभारी पूर्णिमा पांडे, सत्यनारायण तिवारी, संतोष चौबे, अरविंद पासवान, मिथिलेश सिंह, सत्येंद्र सिंह, सुरेश पाठक, मंसूर अहमद, विद्या सिंह,उमेश यादव मौजूद रहे।

### मानस मोहिनी संध्या देवी ने श्रद्धालुओं को बताया श्रीराम कथा का मर्म

# दहेज के खिलाफ मुखर हो युवा वर्ग, करें विरोध

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्थानीय बारालोटा पांकी रोड स्थित जनकपुरी मंदिर प्रांगण में श्रीरामचरित मानस नवाह्न परायण महायज्ञ में चित्रकूट धाम से पधारे श्रीश्री 1008 स्वामी धीरेंद्राचार्य जी महाराज ने कहा कि संत महात्मा का जीवन परोपकार एवं जनकल्याण में व्यतित होता है। जो संत से जुड़ाव रखते हैं,उनका प्रेम का रिश्ता परमात्मा से जुड़ जाता है। ईश्वर की भक्ति में ही आनंद और सुख समझना चाहिए। निर्मल मन वाला ही भगवान को प्रिय होता है और उनकी भक्ति का अधिकारी भी। संतों की संगति एवं भगवान की कथा का रसपान पूरे मनोयोग के साथ करने से ही मन पवित्र होता है। स्वामी धीरेंद्राचार्य ने श्रीरामचरित मानस के आधार पर माता कैकेयी का चरित्र चित्रण एवं राम वन गमन की चर्चा बड़े ही मार्मिक ढंग से की । उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम ने जगत के कल्याण के लिए वन गमन किया। लेकिन इसके लिए समाज ने माता कैकेयी को दोषी करार दिया। यदि श्रीरामचरित मानस के इस प्रसंग को आध्यात्मिक दृष्टिकोण से गंभीरता पूर्वक मनन किया जाय तो स्थिति स्पष्ट हो जाएगा। माता कैकेयी प्रभु श्रीराम से सर्वाधिक प्रेम करती थी। राजा दशरथ प्रभु श्रीराम को अयोध्या का राजा बनाना चाहते थे। लेकिन माता कैकेयी ने 14वर्षो के वनवास का वरदान मांग कर राम को मयार्दा पुरुषोत्तम एवं जन जन का प्यारा राम बना दिया। इस दृष्टिकोण से माता कैकेयी का चरित्र समाज में कलंकित नहीं,बल्कि वंदनीय है। मानस मोहिनी संध्या देवी ने श्रीरामचरित मानस के आधार पर सीता स्वयंवर एवं श्रीसीताराम विवाह प्रसंग की मार्मिक चर्चा कर श्रद्धालुओं को आनंद विभोर कर दिया। कथा के माध्यम से समाज के लोगों को सुखमय वैवाहिक जीवन का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जीवन में खुशहाली के लिए पति पत्नी को आपस में समन्वय बनाए रखना चाहिए । दहेज प्रथा समाज के लिए कोढ़ है। वर्तमान समय में बेटियां दहेज की बलि चढ़ रही हैं। ऐसी स्थिति में प्रभु श्रीराम एवं माता सीता के आदर्श विवाह के संदेशों को आत्मसात करने की आवश्यकता है। दहेज के खिलाफ युवाओं को मुखर होने की आवश्यकता है। मौके पर महायज्ञ समिति के अध्यक्ष श्याम लाल तिवारी,सचिव प्रदीप तिवारी,उपाध्यक्ष अजित तिवारी लव तिवारी, सच्चिदानंद तिवारी, बुद्धनाथ तिवारी, शैलेश तिवारी, राकेश तिवारी,प्रेमचंद तिवारी,विद्या तिवारी,श्याम बिहारी तिवारी, संजय तिवारी उर्फ गुड्डु, अजय पांडेय,मिथलेश तिवारी ,पंकज तिवारी, विजय तिवारी, आलोक तिवारी, शुभम तिवारी,छोटन तिवारी, यमुना तिवारी, धर्मराज तिवारी,संहित काफी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु भक्तजन मौजूद थे।



## गुरुकुल के बच्चों ने बेतना नेशनल पार्क का किया भ्रमण

**मेदिनीनगर।** पाटन प्रखंड के बटसारा स्थित गुरुकुल स्कूल के बच्चों ने बेतला नेशनल पार्क का भ्रमण किया। इस दौरान हिरण, चीतल, लंगूर आदि वन्य जीवों को देख बच्चों की खुशी देखते ही बनी। इस दौरान हाथी व बायसन की विशालकाय खोपड़ी देख बच्चे आश्चर्य से भर उठे। पलामू टाइगर रिजर्व के उत्तरी प्रमंडल के उपनिदेशक पीके जैना ने बताया कि अब पीटीआर ने अपने दरवाजे स्कूली बच्चों के लिए खोल रखा है। इसके लिए स्कूल प्रबंधन को पीटीआर प्रबंधन से पत्राचार कर अनुमति प्राप्त करनी होगी। बच्चों के भ्रमण के लिये कोई शुल्क अदा नहीं करना होगा। हिरणों के झुंड को समूह में फर्राटा भरते देख बच्चे खुशी से झूम उठे।

## व्हाइट लाइन के बाहर खड़े वाहनों को पुलिस ने किया जब्त

**एसपी के निर्देश पर यातायात पुलिस ने चलाया अभियान, वाहन चालकों में हड़कंप**

**मेदिनीनगर।** एसपी रिष्मा रमेशन के आदेश पर शहर में जाम की बढ़ती समस्या से निजात के लिये यातायात पुलिस सक्रिय हो गयी है। ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह के नेतृत्व में पुलिस द्वारा बुधवार को बाजार क्षेत्र में व्हाइट लाइन के बाहर सड़क के मध्य खड़े दो पहिया वाहनों को जब्त किया गया। विदित हो कि शहर में जाम की समस्या को दूर करने के लिये पुलिस द्वारा निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। वाहनों की जांच के साथ ही जाम करने वाले लोगों के ऊपर कानूनी कार्रवाई भी की जा रही है। इसके बाद भी लोग मानने को तैयार नहीं है और बाजार क्षेत्र में सड़क के मध्य अपना दोपहिया वाहन लगाकर बाजार में खरीदारी कर रहे हैं। जिसकी वजह से बाजार में जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है। ज्यादातर जाम की समस्या छहमुहान से लेकर लाल कोठी बड़ा तालाब तक देखा जा रहा है।



## कृषि ऋण माफी योजना की दी जानकारी

**पाटन।** झारखंड कृषि ऋण माफी योजना को लेकर बुधवार को पाटन प्रखंड कार्यालय परिसर में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रमुख शोभा देवी, बीडीओ अमित कुमार झा, विधायक प्रतिनिधि संजय सिंह, प्रखंड कृषि पदाधिकारी संतोष कुमार, एटीएम अभिमन्यु कुमार आदि ने कार्यशाला में भाग लिया।

**आक्रोश** — ग्रामीणों ने किया सड़क जाम, कुछ लोगों को हिरासत में पुलिस कर रही पूछताछ

# नाबालिग का शव बरामद, हत्या की आशंका

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बंदुआ में संदिग्ध परिस्थितियों में एक नाबालिग का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। आशंका जताई जा रही है कि नाबालिग की गला दबा कर हत्या की गई है। शव मिलने के बाद परिजन और स्थानीय ग्रामीणों ने शाहपुर में मेदिनीनगर-गढ़वा रोड स्थित कोयल पुल को जाम कर दिया। पुलिस ने आक्राशित ग्रामीणों को समझा-बुझाकर किसी प्रकार जाम हटवाया। मिली जानकारी के अनुसार बंदुआ निवासी सुलेमान मियां का 18 वर्षीय पुत्र मुंतजिर आलम बुधवार की रात किराना दुकान पर सामान लेने गया था। देर रात तक उसके वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने काफी खोजबीन की ,लेकिन उसका पता नहीं चल पाया। देर रात घर से कुछ दूर पर उसका शव बरामद हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिये भेजवाया। परिजनों के बयान के आधार पर पुलिस कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। इसी क्रम में गुरुवार की सुबह परिजन मेडिकल कॉलेज से शव को लेकर शाहपुर पुल पहुंचे तथा सड़क पर शव रखकर जाम कर दिया। इससे दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गयी। मौके पर पहुंचे चैनपुर थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने परिजनों से बातचीत कर जाम हटवाया। उन्होंने बताया कि आरोपी को हिरासत में लिया गया है। सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है। परिजनों का कहना है कि हत्या के आरोपियों का उन्होंने पुलिस को नाम बताया है। वे मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे।



**रात तक उसके वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने काफी खोजबीन की ,लेकिन उसका पता नहीं चल पाया। देर रात घर से कुछ दूर पर उसका शव बरामद हुआ**

**पुलिस ने आक्राशित ग्रामीणों को समझा-बुझाकर किसी प्रकार जाम हटवाया। परिजनो के बयान के आधार पर पुलिस कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।**

## आवश्यकता है

1994 से प्रकाशित आइपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित दैनिक **'राष्ट्रीय नवीन मेल'** को अपने रांची और डाल्टनगंज संस्करण के लिए उत्साही और ऊर्जावान चीफ रिपोर्टर, समाचार संपादक, पेजिनेटर/सब एडिटर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिपोर्टर की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक 'राष्ट्रीय नवीन मेल', 502 बी, मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची 834001 (झारखंड)।

## एक नजर

### झामुमो छोड़कर भाजपा की ली सदस्यता

**खरौंधी।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सह भवनाथपुर विधायक भानु प्रताप शाही के कार्यालय टाउनशिप पहुंचकर खरौंधी मंडल के महामंत्री सह कूपा पंचायत के संयोजक पप्पू विश्वकर्मा ने उन्हें अंग वस्त्र एवं बुके देकर नव दायित्व के लिये बधाई दी। इस दौरान पीएम मोदी की नीतियों व विधायक श्री शाही के कार्यों से प्रभावित होकर कूपा पंचायत के धनंजय कुमार, नवनीत कुमार पटेल, एवं अरविंद कुमार ठाकुर ने झारखंड मुक्ति मोर्चा को छोड़कर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ली। विधायक भानु ने सभी को पार्टी का पट्टा और अंगवस्त्र देकर उनका स्वागत किया।

### मुखिया ने श्राद्धकर्म में किया सहयोग

**केतार।** प्रखंड क्षेत्र के मुकुन्दपुर गांव निवासी मृतक कोरइल लाल का श्राद्धकर्म में मुखिया मुंगा साह ने शामिल होकर सहयोग किया। उन्होंने परिजनों को इस दुःख की घड़ी से उबरने के लिए ढांढस बढ़ाया। मौके पर अनिल लाल, विरेन्द्र लाल, धर्मेन्द्र सिंह,रमेश बियार मौजूद थे।

### धूमधाम से मनी भगवान विश्वकर्मा की जयंती



**गढ़वा।** स्थानीय नगवा मोहल्ला में भगवान विश्वकर्मा जन्मोत्सव पूरे धूमधाम से मनाया गया। प्रभु विश्वकर्मा की पूजा-आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। अंत में आयोजित भंडारे में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। पुरोहित पंडित सुरेश शर्मा के द्वारा पूजन कार्य संपन्न कराया गया। यजमान के रूप में मंदिर भूमि दाता कालेश्वरी कुंवर, विश्वनाथ विश्वकर्मा, प्रभु विश्वकर्मा अनुज शर्मा, अश्वनी शर्मा, विक्रांत विश्वकर्मा, पंकज विश्वकर्मा, सुशील शर्मा, राजेश विश्वकर्मा, बिजेंदर पासवान शामिल हुए।

### वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत विशेष शिविर

**भवनाथपुर।** प्रखंड अंतर्गत कैलान पंचायत में एक विशेष शिविर का आयोजन कर मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना अंतर्गत 50 साल से 60 साल तक के लोगों को पेंशन देने के लिए आवेदन जमा कराये गये। पंचायत सचिवालय में लगे कैंप में 310 आवेदन जमा कराये गये। मौके पर पंचायत सचिव बृजेश कुमार, कैलान पंचायत मुखिया सुकनी देवी एवं मुखिया प्रतिनिधि राम प्रताप यादव, स्वयंसेवक गुड्डू यादव, उपेन्द्र यादव, सूर्यदेव यादव, शंभू सिंह, रमेश यादव, जमुना सिंह खरवार मौजूद थे।

---

रोजगार सृजन मेले में 19 कंपनियां शामिल, युवाओं में उत्साह

# युवा आबादी को रोजगार से जोड़ना प्राथमिकताः डीसी





**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी की ओर से दीनदयाल ग्रामीण कौशल योजना के तहत जिला स्तरीय रोजगार सृजन मेला का आयोजन वन विभाग परिसर में किया गया। कार्यक्रम में 19 कंपनियां शामिल हुई। कार्यक्रम की शुरूआत डीसी शेखर जमुवार, डीडीसी पीएन मिश्रा व प्रखंड 20सूत्री अध्यक्ष नीरज तिवारी ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीसी ने कहा कि रोटी, कपड़ा, मकान से हटकर अब हम नौकरी की तरफ आगे बढ़ रहे हैं। देश के 55 प्रतिशत युवा आबादी को विभिन्न रोजगार से जोड़ना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि आज के इस मेले में 19 कंपनियां 26,320 रिक्त पदों को लेकर यहां आई हैं। युवाओं को बेहतर भविष्य देने के लिए सरकार की ओर से लगातार कार्य किया जा रहा है। जिस क्षेत्र में जाएं। पूरी ईमानदारी के साथ काम करें। आने वाला दिन निश्चित रूप से बेहतर होगा। उप विकास आयुक्त पीएन मिश्रा ने कहा कि सभी लोगों को सरकारी नौकरी देना मुश्किल है। जेएसएलपीएस लोगों को रोजगार देने की दिशा में काम कर रही है। युवाओं को आजीविका प्रबंधन के लिए जुड़ना आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान सभी को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने और अपने मत का प्रयोग करने की शपथ भी दिलायी गयी। जेएसएलपीएस के जिला कोऑर्डिनेटर सुशील कुमार दास भी उपस्थित थे।

### युवाओं की कम उपस्थिति पर भड़के डीसी

रोजगार मेले में युवाओं की कम मौजूदगी पर डीसी का पारा चढ़ गया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को जमकर फटकार लगायी। जेएसएलपीएस के पदाधिकारी को सख्त लहजे में कहा कि योजना के प्रचार-प्रसार में कमी कतई सहन नहीं की जायेगी। इस मेले में कम से कम 50,000 युवाओं को शामिल होना चाहिए था।

---

बीडीओ ने पंचायत सचिवालय में आयोजित शिविर का लिया जायजा

# राज्य वृद्धा पेंशन के लिये किया गया जागरूक




**नवीन मेल संवाददाता**

**धुरकी।** प्रखंड के खिलाफ व खुटिया पंचायत सचिवालय में मुखिया अजरुन निशा एवं नजारा बीबी की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री राज्य वृद्धा पेंशन योजना को लेकर पंचायत स्तरीय ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें 50 वर्ष की उम्र की सभी जाति की महिलाओं को वृद्धा पेंशन का लाभ लेने के लिए बीडीओ जुल्फिकार अंसारी ने जागरूक किया। इस दौरान खाला पंचायत सचिवालय में आयोजित ग्राम सभा में 68 आवेदन प्राप्त किए गए। जिसमें 20 लोगों को दस्तावेज के आधार पर पेंशन के लिए चयनित किया गया। वही 48 लोगों के दस्तावेज में कमी को देखते हुए उनका आवेदन रद्द कर दिया गया। इसी क्रम में खुटिया पंचायत सचिवालय में 150 आवेदनों में से 120 लोगों को पेंशन के लिए चयनित किया गया।

**खाला पंचायत सचिवालय में आयोजित ग्राम सभा में 68 आवेदन प्राप्त किए गए। जिसमें 20 लोगों को दस्तावेज के आधार पर पेंशन के लिए चयनित किया गया**

---

बाजार से लौटते समय हिंसक भालू ने किया लहुलुहान

# भालू के हमले में गंभीर, रातभर जंगल में पड़ा रहा

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** भंडरिया थाना क्षेत्र के सरुवत में भालू के हमले में 40 वर्षीय लगन कोरवा गंभीर रूप से घायल हो गया। भालू के द्वारा लगन के चेहरे को पूरी तरह से नोच दिया गया है। वहीं इस घटना में उसका एक हाथ भी टूट गया है। बताया जाता है कि खून से लहुलुहान व्यक्ति घायल अवस्था में जंगल में ही रात भर पड़ा रहा। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीण गुरुवार की सुबह उसे भंडरिया के स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति देख चिकित्सा पदाधिकारी विजय रजक ने उसे गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। अत्यंत गरीब होने के कारण सुमन सिन्हा, अशोक केशरी, मोजेश किस्पोट्टा ,मुबारक खान आदि ने आर्थिक मदद की। तब जाकर उसका उपचार प्रारंभ किया गया। परिजनों ने बताया कि लगन कोरवा बुधवार को सरुवत से पांच किलोमीटर दूर छत्तीसगढ़ के सबाग बाजार गया हुआ था। वहां से वापस लौटते समय उसपर हिंसक भालू ने हमला बोल दिया।

### क्षेत्र में भालू का है आतंक

बताया जाता है कि क्षेत्र में भालू का आतंक है। आये दिन भालू ग्रामीणों पर हमला कर उन्हें घायल करते रहते हैं। गढ़वा दक्षिणी वन क्षेत्र के डीएफओ शशि कुमार ने बताया कि उन्हें इस घटना की जानकारी मिली है। पीड़ित परिवार को मुआवजा मुहैया कराया जायेगा।



---

युवा चौपाल को लेकर भाजयुमो का जिला स्तरीय कार्यशाला

# लोस चुनाव में भाजपा की होगी ऐतिहासिक जीतः रितेश




**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे की अध्यक्षता में जिला कार्यालय में आगामी युवा चौपाल कार्यक्रम को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं वंदे मातरम गीत के साथ की गयी। साथ ही नवनियुक्त भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जवाहर पासवान एवं जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो को नव दायित्व के लिए भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने सम्मानित किया। युवा चौपाल कार्यक्रम को लेकर नवीन जायसवाल को जिला कार्यक्रम संयोजक एवं विपिन तिवारी व राजीव रंजन पासवान को सह संयोजक बनाया गया। विषय प्रवेश कराते हुए भाजयुमो जिलाध्यक्ष श्री चौबे ने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा ऐतिहासिक जीत हासिल करेगी। हर शक्ति केंद्र पर भाजयुमो पूरे जिले में युवा चौपाल लगाकर केन्द्र सरकार की उपलब्धि एवं राज्य सरकार की नाकामी को युवाओं के बीच रखेगी। मौके पर जितेन्द्र चंद्रवंशी, अरुण तिवारी,शिवम भारद्वाज, लक्ष्मीकांत पांडेय,मंटु दुबे, विकास तिवारी, अनिल केशरी, महेंद्र यादव उपस्थित थे।

**कार्यक्रम की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं वंदे मातरम गीत के साथ की गयी**

### युवाओं की रहेगी अहम भूमिका

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जवाहर पासवान ने कहा कि लोकसभा चुनाव में युवाओं की अहम भूमिका होगी। इसको लेकर भाजयुमो कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर युवा चौपाल लगाएंगे। जिससे लोगों को मोदी सरकार की उपलब्धि एवं राज्य सरकार की नाकामी को बताया जा सके। भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने कहा कि मोदी सरकार ने समाज के हर वर्ग के लिए काम किया है। जिला महामंत्री संतोष दुबे ने कहा कि भाजयुमो कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ हैं। युवाओं के दम पर भाजपा लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी। कार्यशाला के जिला प्रभारी सुमन सौरभ ने कहा कि युवा चौपाल के माध्यम से युवाओं के बीच मोदी सरकार के कार्यों की चर्चा की जायेगी। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री विकास तिवारी एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला मंत्री संजय जायसवाल ने किया।

---

### पशु तस्कर गिरफ्तार, पशु बरामद



**मेराल।** पुलिस ने गुरुवार को एक पशु तस्कर को एक दर्जन पशुओं के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। थाना प्रभारी सह प्रशिक्षु डीएसपी चिरंजीव मंडल ने बताया कि थाना के तीसर टैटूका गांव निवासी कलामुद्दीन अंसारी पिता मोइनुद्दीन अंसारी को झारखंड गोवंशीय पशु हत्या प्रतिषेध अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। विदित हो कि थाना क्षेत्र के गेरुआ गांव के पास से तस्करी के लिए पशुओं को ले जाने के क्रम में कलामुद्दीन अंसारी को एक दर्जन से अधिक पशुओं के साथ गिरफ्तार करने में पुलिस ने सफलता प्राप्त की है। बरामद पशुओं को थाना परिसर में रखा गया है।

---

दर्जनों घायल, दो की हालत नाजुक, सारो गांव के समीप हादसा

# मजदूरों से भरी पिकअप खाई में पलटी, एक की मौत



**नवीन मेल संवाददाता**

**विशुनपुरा/ बंशीधरनगर** गढवा थाना क्षेत्र के सारो गावं में गुरुवार की सुबह मजदूरों से भरी एक पिकअप अनियंत्रित होकर 10 फीट गहरे खाई में पलट गई। जिससे पिकअप पर सवार अठारह मजदूर घायल हो गए। घायलों में एक की इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं गंभीर रूप से घायल सुगिया देवी व दुबे बियार को रांची रेफर कर दिया गया है। दोनों की स्थिति नाजुक बताई जा रही है। मृतक स्व. बिचार बियार का पुत्र ओमप्रकाश बताया जा रहा है। दो वर्ष की उम्र में ही ओम प्रकाश बियार के पिता की मृत्यु हो गई थी। मेहनत मजदूरी करके वह अपनी मां चंपा कुंवर और बहन का भरन-पोषण करता था। घायलों का अनुमंडलीय अस्पताल बंशीधर नगर में इलाज किया जा रहा है। सभी मजदूर सारो गांव के ही रहने वाले हैं जो विशुनपुरा प्रखंड में संचालित नलजल योजना मे काम करने के लिए जा रहे थे।

### एसडीओपी ने लिया जायजा

घटना की सूचना मिलते ही एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह ने सदल-बल अनुमंडल अस्पताल पहुंच कर मामले की जानकारी ली। उन्होंने घायलों का कुशलक्षेम भी जाना। चिकित्सालय उपाधीक्षक डॉ. सुचित्रा ने बताया कि अस्पताल में 15 लोग इलाजरत हैं। सभी घायलों की स्थिति खतरे से बाहर है।

### घायलों के नाम

हादसे में घायल होने वालों में सारों गांव निवासी विजय बियार, सत्यम कुमार, दुबे बियार, पिंटू कुमार, चंपा कुमारी, रविंद्र कुमार, सुषमा कुमारी, चित्रा देवी, बसंती कुमारी, सुगिनी देवी, समद अंसारी, नन्हाला सिंह शामिल हैं।

---

### जाम नालियों से मच्छरों का प्रकोप

**गढ़वा।** नगर परिषद क्षेत्र में जाम नालियों के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। इससे नागरिक मलेरिया आदि संक्रामक बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। नागरिकों का कहना है कि पूरे नगर क्षेत्र में स्वच्छता अभियान पूरी तरह बेपटरी हो गया है। कहने को तो नगर परिषद साफ-सफाई मुकम्मल रखने का जोरशोर से दावा करता है, किंतु सच्चाई इसके उलट है। सफाई कर्मी सिर्फ चौराहों पर झाड़ू मारने तक सिमट कर रह गये हैं। लंबे अरसे से नालियों की सफाई नहीं कराई गयी है। परिणामस्वरूप गंदगी से पटी नालियां पूरी तरह जाम हो गयी हैं। इससे जहां नाली का गंदगी मिश्रीत पानी ओवर फ्लो होकर सड़क पर बह रहा है। वहीं बदलते मौसम में मच्छरों की तादात भी बढ़ गयी है। लोगों ने नगर पालिका प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुये इस संबंध में तत्काल आवश्यक कदम उठाये जाने की मांग की है।

---

# अलग-अलग हादसों में चार घायल



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा सहित सीमावर्ती पलामू जिले में अलग-अलग स्थानों में घटित सड़क हादसों में चार लोग घायल हो गये। थाना क्षेत्र के लगमा गांव निवासी विफन भुईयां का पुत्र संतोष भुईयां मोटरसाइकिल कि टक्कर में घायल हो गया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि संतोष भुईयां अपने घर से मजदूरी करने के लिए मोटरसाइकिल से जा रहे थे। इसी दौरान गांव में ही विपरीत दिशा से आ रही मोटरसाइकिल से टक्कर हो गयी।

### स्कार्पियो की टक्कर से घायल


गढ़वा। मेराल थाना क्षेत्र के खोलरा गांव निवासी गणेश चौधरी का पुत्र नागेंद्र चौधरी लूना से घर आने के क्रम में स्कार्पियो की चपेट में आने से घायल हो गया। परिजनों ने बताया कि नागेंद्र चौधरी लूना से घर वापस आ रहे थे। इसी दौरान खोलरा स्टैंड के पास स्कार्पियो की टक्कर मार दी। परिजनों द्वारा उपचार के लिये उन्हें गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी स्थिति स्थिर है।

### बाइकों की टक्कर में दो घायल

गढ़वा। बाइकों की टक्कर में रेहला थाना क्षेत्र के बरवाडीह गांव निवासी कईल राम का पुत्र राहुल कुमार एवं प्यारी राम का पुत्र पप्पू कुमार घायल हो गये। उन्हें उपचार के लिये गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि दोनों बाइक पर सवार होकर अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही बाइक की टक्कर से दोनों घायल हो गये। दोनों को उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

---

# हर घर नल योजना में अनियमितता की शिकायत



**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** प्रखण्ड अंतर्गत केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना हर घर जल नल योजना के तहत पंडरिया पंचायत में कार्यरत संवेदक के द्वारा अनियमितता बरतने का मामला प्रकाश में आया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि संवेदक के द्वारा निर्माण में जहां घटिया बालू का प्रयोग किया जा रहा है। वहीं लगभग आधा दर्जन डीप बोर में कम पानी मिलने के बावजूद वहां पर जलमीनार लगाया जा रहा है। ऐसे में ग्रामीणों को नल से शुद्ध पेयजल मिलने की महत्वपूर्ण योजना के लाभों से वंचित होना पड़ेगा। ग्रामीणों ने बताया कि धनीमंडरा में विश्वनाथ बियार और अनिल पासवान के घर के पास लगाए जा रहे जलमीनार के डीप बोर में कम पानी होने के बावजूद काम किया जा रहा है। वहीं बेलपहाडी टोला में भी तीन -चार जगहों पर डीपबोर में कम पानी मिला है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि संवेदक के द्वारा कई जगहों पर जिओ टैग करने के बावजूद दूसरे स्थल पर जलमीनार लगाया जा रहा है। बालू की गुणवत्ता पर सवालिया निशान लगाने के बाद भी संवेदक द्वारा मनमाने ढंग से कार्य कराया जा रहा है। इस संबंध में पीएचईडी विभाग के जेई देवेंद्र किस्को ने बताया कि बोर में कम पानी मिलने एवं योजना में घटिया बालू लगाने की जानकारी नहीं है। उक्त योजना का संवेदक के पांच वर्षीय रख रखाव की शर्त पर निर्माण किया जा रहा है। यदि शिकायत मिलती है तो जांचोपरांत कार्रवाई की जाएगी।

---

# अबुआ आवास मामले में दो दिन में रिपोर्ट देने के निर्देश

भवनाथपुर। जिपस रंजनी शर्मा के द्वारा अबुआ आवास में योग्य लाभुकों का सूची नाम दर्ज करने को लेकर दिये आवेदन के आलोक में डीडीसी ने भवनाथपुर बीडीओ नंदजी राम को दो दिनों के अंदर जांच कर रिपोर्ट सौपने का आदेश दिया है। डीडीसी के द्वारा दिए निर्देश के बाद बीडीओ द्वारा संबंधित पंचायतो में भ्रमण कर योग्य लाभुकों की सूची तैयार करने की प्रक्रिया की जा रही है। विदित हो कि बीते 12 फरवरी को रंजनी शर्मा ने डीडीसी से लिखित शिकायत की थी कि राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास में योग्य लाभुकों की जगह ज्यादातर ऐसे लाभुकों का नाम प्राथमिक सूची में दर्ज कर लिया गया है, जो पात्रता भी नहीं रखते हैं। इसे लेकर गढ़वा डीडीसी ने बीते 20 फरवरी को भवनाथपुर बीडीओ को पत्र प्रेषित कर मामले की जांचोपरांत अग्रेतर कार्रवाई करने का निर्देश दिया था।

---

ग्रामीणों को दस्तावेज के साथ आवेदन करने के लिये किया प्रेरित

# बीडीओ ने शिविरों का किया निरीक्षण, दिये निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई।** बीडीओ जागो महतो ने गुरुवार को प्रखंड के कई पंचायत सचिवालयों पर लगे सर्वजन पेंशन योजना के शिविरों का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके द्वारा जरही, झोंतर और तसरार पंचायत के पंचायत सचिवालययों पर लगे सर्वजन पेंशन के शिविर का जायजा लेकर कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिया गया। इस दौरान उन्होंने जरही गांव के मध्य विद्यालय के साथ-साथ वहां के बूथ नंबर 460 की भी जांच कर व्यवस्थाओं पर संतोष जताया। विद्यालय में निरीक्षण के दौरान बीडीओ ने मीनू के अनुसार मध्याह्न भोजन का निर्माण नहीं देख गहरी आपत्ति जताई। शिक्षकों को फटकार लगाते हुये उन्होंने सख्त चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि मध्याह्न भोजन में किसी प्रकार की अनियमितता की शिकायत पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि सर्वजन पेंशन योजना को लेकर पंचायत सचिवालयों पर उमड़ी भीड़ को देखते हुये उपायुक्त के निर्देश पर फॉर्म भरने की तिथि एक दिन के लिए बढ़ा दी गयी है।




---

**आगाज** जिले के तीन उत्कृष्ट विद्यालयों में वर्ग छह से नौ में प्रवेश लेंगे छात्र

# उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन पत्रों का वितरण शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** निदेशक झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद रांची के निर्देशानुसार राज्य के सभी 80 उत्कृष्ट विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2024-25 हेतु वर्ग छह से वर्ग नौ में नामांकन हेतु नामांकन फॉर्म का वितरण शुरू हो गया है। इसके अनुपालन में गढ़वा जिले के तीनों उत्कृष्ट विद्यालयों (डिस्ट्रिक्ट राजकीयकृत रामासाहु मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय गढ़वा, मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका विद्यालय गढ़वा एवं कस्तूरबा गांधी बालिका मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय गढ़वा)में विभिन्न वर्गो में नामांकन हेतु फॉर्म का वितरण शुरू कर दिया गया है। गुरुवार को डिस्ट्रिक्ट राजकीयकृत रामासाहू मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय गढ़वा में नामांकन फॉर्म के वितरण करने का शुभारम्भ विद्यालय के प्राचार्य राजाराम पासवान एवं उप प्राचार्य सुशील कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से खरौंधी निवासी छात्र डेविड ऐंजल को वर्ग छह में नामांकन फॉर्म देकर किया गया। फॉर्म प्राप्त करने वाले छात्रों एवं अभिभावकों में काफी उत्साह देखा गया। प्राचार्य श्री पासवान ने बताया कि अभी तक वर्ग छह में नामांकन हेतु 73,वर्ग सात में 41, वर्ग आठ में 24, वर्ग नौ में 62 कुल 200 फॉर्म वितरित किये गये हैं। वहीं कस्तूरबा गांधी मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय गढ़वा में 25 सीट के लिए आज 19 नामांकन फॉर्मो का वितरण किया गया। फॉर्म वितरण की अंतिम तिथि तीन मार्च तक निर्धारित है। नामांकन फॉर्म जमा करते समय आवेदक का आधार कार्ड, जाति प्रमाणपत्र, निवास प्रमाणपत्र, आय प्रमाणपत्र, जन्म प्रमाणपत्र,बैंक पासबुक, तीन पासपोर्ट साइज फोटो एवं यदि बीपीएल के अन्तर्गत हों तो बीपीएल कार्ड की छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक है।



**प्राचार्य राजाराम पासवान एवं उप प्राचार्य सुशील कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से खरौंधी निवासी छात्र डेविड ऐंजल को वर्ग छह में नामांकन फॉर्म देकर किया गया**

## पंडरिया ग्राम में शिव मंदिर का हुआ भूमि पूजन

**बालूमाथ।** भगिया पंचायत के पंडरिया ग्राम में बृहस्पतिवार को शिव मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन किया गया। इसमें राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रीतलाल यादव, पूर्वी जिप सदस्य प्रियंका देवी, समाजसेवी रोहन गोप, गोपालचंद यादव, सुखदेव यादव, जगन्नाथ यादव, नरेश यादव, सतीश यादव, राजेंद्र मुंडा, विजय यादव, पंकज सिन्हा, अशोक यादव, श्यामलाल यादव, जगेश्वर उरांव, दीपक यादव, दिलेश्वर यादव, उपेंद्र यादव, फूलदेव यादव, उजेश्वर उरांव आदि उपस्थित थे।

## मो. अबुल मियां झामुमो के जिला उपाध्यक्ष बने

**बालूमाथ।** झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा का जिला उपाध्यक्ष मो. अबुल मियां को बनाया गया। लातेहार जिला अध्यक्ष वारिस अंसारी ने उन्हें प्रमाणपत्र सौंपा। मो. अजहर, मो. उस्मान, मो. नसीम, मो. जमाल, मो. इरफान, मो. आरिफ, मो. मंसूर अजीत कुमार आदि ने उन्हें बधाई दी।

## आंदोलनकारियों ने बीडीओ को दिया आवेदन

**महुआडांड़।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा ने धरना-प्रदर्शन कर बीडीओ अमरेन डांग को ज्ञापन सौपा। बीडीओ ने आंदोलनकारियों को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। ईधर, जेएमएम के जिला उपाध्यक्ष अनिल मनोहर के नेतृत्व न्याय मार्च निकाला गया। मौक पर जेएमएम के प्रखंड सचिव शहीद अहमद रंजीत टोप्पो आदि मौजूद रहे।

## ग्रामीणों ने सड़क निर्माण को लेकर दिया आवेदन

**महुआडांड़।** रेंगाई व चम्पा पंचायत के तीन गांव ग्वालखाड़, लोटोपानी व गंजाटोली के दर्जनों ग्रामीणों ने गुरुवार को बीडीओ अमरेन डांग को सात किलोमीटर जर्जर सड़क के निर्माण के लिए आवेदन दिया। मौक पर निर्मल कोरवा, मानेश्वर वृजिया, सुनील वृजिया, बनारसी यादव अमरू नागेशिया आदि मौजूद रहे।

## शिक्षकों का चार दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ

**गिद्धौर।** प्रखंड के बीआरसी भवन बलबल में गुरुवार से शिक्षकों का चार दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। प्रशिक्षण में प्रशिक्षक सहित तीन दर्जन शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में चार घायल

**गिद्धौर।** थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग स्थानों पर गुरुवार को हुई बाइक दुर्घटना में चार युवा घायल हो गए। घायलों को हजारीबाग रेफर कर दिया गया है। पहली घटना थाना क्षेत्र के इंदिरा मोड़ के समीप घटी, जिसमें बाइक सवार राजबर गांव के हेमराज यादव व जीत यादव घायल हो गए। वहीं दूसरी घटना बड़की नदी के समीप घटी, जिसमें घायल युवक हजारीबाग के शिवपुरी के रहने वाले हैं।

## वृद्धा पेंशन शिविर में 586 आवेदन हुए प्राप्त

**कुंदा।** मुख्यमंत्री राज्य वृद्धा पेंशन योजना के अंतर्गत तीन दिवसीय शिविर का आयोजन कुंदा प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में किया गया। विभिन्न पंचायतों में लगे शिविर में कुल 586 आवेदन जमा हुए।

## वार्षिकोत्सव के निमित्त हुआ रुद्राभिषेक अनुष्ठान

**प्रतापपुर।** हाई स्कूल मैदान में पिछले वर्ष कराए गए महारुद्र यज्ञ के वार्षिकोत्सव पर महारुद्राभिषेक मंडप के पंडाल में गुरुवार को किया गया। इसमें आचार्य पंडित ब्रजेश पाठक, निर्मल राम, शिव रंजन, विश्वनाथ राम, संजय कुमार, कलेंद्र कुमार, ईश्वरी पासवान, सुरेश गुप्ता, अजय राज, दिलीप कुमार, बिरेंद्र प्रसाद, भुन्नु गुप्ता, रामचंद्र साव, रेखा सिन्हा, सोनू कुमार, धीरज कुमार आदि शामिल रहे।

## कृषक मित्रों ने विधायक को सौंपा मांग पत्र

**टंडवा।** झारखंड प्रदेश कृषक महासंघ का शिष्टमंडल गुरुवार को विभिन्न मांगों को लेकर सिमरिया विधायक किसुन कुमार दास को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन सौंपने में अखिलेश सिंह, उदय पांडेय, बसंत राणा, मोहन कुमार, महेन्द्र महतो समेत अन्य शामिल थे।

## आवसीय स्कूल का मुखिया ने किया उद्घाटन

**हंटरगंज।** आवासीय प्रतिभा पब्लिक स्कूल का उद्घाटन गुरुवार को मुखिया रेणु देवी ने किया। मौके पर स्कूल के डायरेक्टर जेपी सिंह, शिक्षक राजेंद्र प्रजापति, अजय कुमार, उदय कुमार, सुबोध कुमार, सिंह, राजेश कुमार, ललन कुमार, प्रभाकर पाठक इस आवासीय विद्यालय में योगदान देंगे। उद्घाटन समारोह में सुनिल रजक, सुरेंद्र यादव, वीरेंद्र यादव, बैजनाथ यादव, लीला यादव, देवकी यादव, कृष्णा ठाकुर,संजय दांगी, श्याम सुंदरदास, मदन तिवारी, अशोक शर्मा, बजरंगी प्रसाद, हाई स्कूल के प्रभारी जयंत कुमार आदि मौजूद थे।
माकपा के राज्य सचिव ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना

## किसानों का दमन कर रही केंद्र सरकार : विप्लव

**चंदवा।** माकपा के राज्य सचिव कॉमरेड प्रकाश विप्लव ने गुरुवार को रांची से चतरा जाने के क्रम में चंदवा के पथ निर्माण विश्रामागार में कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण आज देश के गरीब, किसान, मजदूर, मध्यम वर्ग आम जन त्राहि त्राहि कर रही हैं। किसानों पर दमन किया जा रहा है उनपर आंसू गैस के गोले दागे जा रहे हैं। रबड़ की गोलियां चलाई जा रही है। बुधवार को हरियाणा पुलिस की गोली से एक 24 वर्षीय युवा की मौत हो गई जो निंदनीय है। मोदी सरकार अन्नदाता किसानों को दबाना कुचलना चाह रही है। मौके पर जिला सचिव सुरेंद्र सिंह, वरिष्ठ नेता अयुब खान, बैजनाथ ठाकुर, द्वारीका ठाकुर आदि मौजूद थे।

## मनरेगा जेई व कम्प्यूटर ऑपरेटर की शिकायत

**मयूरहंड।** प्रखंड क्षेत्र के कदगावांकला पंचायत के मुखिया अशोक कुमार भुईयां ने मनरेगा कार्यो में शिथिलता बरतने को लेकर जेई व कम्प्यूटर ऑप्परेटर के खिलाफ डीडीसी व बीडीओ से शिकायत की है। मुखिया ने लिखित शिकायत में बताया है कि मनरेगा जई उमेश कुमार व कम्प्यूटर ऑपरेटर पंकज कुमार द्वारा समय से अपने दायित्वों का निर्वाहन नहीं किया जा रहा है, जिससे मनरेगा मजदूरों को समय से रोजगार व भुगतान नहीं मिल पा रहा है। परिणाम स्वरुप मनरेगा मजदूर रोजगार के अभाव में पलायन करने को मजबूर हैं।

### कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।

ई० निविदा आमंत्रण सूचना।

ई० निविदा संख्या–WRD/MID/ Latehar F2 - 19/2023-24

पत्रांक– 89 लातेहार / दिनांक–21.02.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार के प्रमंडलीय कार्यालय भवन एवं चाहरदिवारी निर्माण कार्य, प्रखंड–लातेहार, जिला–लातेहार |
| 2 | प्राक्कलित राषि (लाख में) | 230.22 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई० निविदा वेबसाईट पर प्रकाषित करने की तिथि | 29.02.2024 12.30 बजे अपराह्न से। |
| 5 | ई० निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 21.03.2024 3.00 बजे अपराह्न तक |
| 6 | Online बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि, एवं समय | 21.03.2024 3.00 बजे अपराह्न तक e-procurement portal (jharkhand tenders.gov.in) |
| 7 | ई० निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 22.03.2024 4.00 बजे अपराह्न |
| 8 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं० | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। 06565–248380 |
| | ई० प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्प लाईन संख्या | 0651– 2214784 |

नोट:– (1)केवल ई० निविदा ही स्वीकार की जायेगी
(2) प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–jharkhandtenders gov in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।

PR 319999 Water Resource(23-24)D

# भक्ति व देशभक्ति गीतों के साथ महोत्सव का समापन




**नवीन मेल संवाददाता। इटखोरी**

तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव के तीसरे व अंतिम शाम हजारीबाग मेरु कैंप से बीएसएफ के जवानों ने प्रस्तुति देकर लोगों को देशभक्ति में डुबो दिया। इसके बाद सिमरन शाह डांस अकैडमी ग्रुप चतरा टीम ने महिषासुर मर्दनी पर आधारित झांकी और नृत्य की बेहतरीन प्रस्तुति दी। इस टीम में शामिल छोटी बच्चियों ने अपनी और कला के माध्यम से दर्शकों के बीच अपना लोहा मनवाया। इसके बाद चतरा के एक दिव्यांग बच्चे ने मंत्री सत्यानंद भोक्ता एवं सांसद सुनील कुमार सिंह का पेंटिंग बनाकर उन्हें सुपुर्द किया। इसके बाद चतरा प्रकाश ग्रुप ने पार्वती कैसे काली बनी उस पर आधारित झांकी की प्रस्तुति दी। इसमें रक्तबीज का संघार किया गया। इस विहंगम दृश्य में देवाधिदेव महाशिव का अवतार हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, सांसद सुनील कुमार सिंह, विधायक किशुन कुमार दास द्वारा बीएसएफ के जवानों को अंगवस्त्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। वहीं मृणालिनी अखौरी ने गजल प्रस्तुत कर महफिल में समा बांधा। वहीं सभी कलाकारों को सांसद, विधायक एवं उपायुक्त अबू इमरान ने साल एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। वही जिला प्रशासन द्वारा सांसद एवं विधायक को भी साल एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन आतिशबाजी कर की गई।

### बाइक की चोरी

महोत्सव के अंतिम दिन बुधवार को जिला प्रशासन द्वारा बनाए गए सामान्य पार्किंग से असडीया निवासी अन्नू पति रत्नेश्वर राणा की बाइक चोरी हो गई। इसकी शिकायत थाना में आवेदन देकर की गई है।

## मालगाड़ी की गार्ड बोगी हुई बेपटरी, यातायात प्रभावित

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

धनबाद रेल मंडल के बरवाडीह-बरकाकाना रेलखंड के छिपादोहर स्टेशन के समीप गुरुवार सुबह पोल संख्या 248/3 के समीप गुड्स ट्रेन की गार्ड बोगी बेपटरी हो गई। इससे एक घंटे तक रेल यातायात प्रभावित हुई। गुरुवार सुबह राय रेलवे स्टेशन से रेल चालक यूपी नायक कोयला लदी मालगाड़ी लेकर उप रेलवे लाइन से खुलकर सिग्नल नहीं होने के कारण सुबह छिपादोहर रेलवे स्टेशन में खड़ी हो गई। इसी बीच सिग्नल मिलने के बाद सुबह 3:30 बजे के करीब मालगाड़ी के खुलने के दौरान गार्ड बोगी के चार पहिये बेपटरी हो गए। गार्ड अशोक कुमार राय व चालक की तत्परता व सूझबूझ से ट्रेन को आगे नहीं चलाया गया। बरवाडीह से दुर्घटना राहत ट्रेन रेल अधिकारियों व रेल कर्मियों के साथ घटनास्थल पहुंचकर बेपटरी गार्ड बोगी को पटरी पर लाया गया। ट्रेन वहां से खुलवाया गया। सहायक मंडल रेल प्रबंधक (बरका) अमित कुमार, रेल अधिकारी संजीव कुमार, मनीष सौरभ समेत कई अधिकारी भी घटना स्थल पर पहुंचे। मौके बरवाडीह स्टेशन प्रबंधक अनिल कुमार द्विवेदी, छिपादोहर स्टेशन प्रबंधक, आरपीएफ इंस्पेक्टर ओमप्रकाश ठाकुर आदि मौजूद थे।

## छिपादोहर में पलामू व शक्तिपुंज एक्सप्रेस का ठहराव करने की मांग

**बरवाडीह।** छिपादोहर रेलवे स्टेशन में गुरुवार को सांसद प्रतिनिधि अजय सोनी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने छिपादोहर रेलवे स्टेशन में पलामू एवं शक्तिपुंज एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव की मांग को लेकर रेल आधिकारी को मांग पत्र सौंपा है।

कोरोनाकाल से पूर्व छिपादोहर रेलवे स्टेशन में पलामू एक्सप्रेस एवं शक्तिपुंज एक्सप्रेस का ठहराव होता था। मौके पर भाजपा मंडल महामंत्री मुन्ना गुप्ता, स्टेशन प्रबंधक आरसी भगोटिया, सुनील कुमार, भाजपा पिछड़ा मोर्चा कोषाध्यक्ष सत्यनारायण साव, मुंशी राम इत्यादि मौजूद थे।

### कार्यालय जिला अभियन्ता, जिला परिषद, गुमला

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 20 / 2023–24

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता :– जिला अभियन्ता जिला परिषद, गुमला
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :– दिनांक 01.03.2024 (अप० 3.00 बजे तक)
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 02.03.2024 (अप० 3.00 बजे तक)
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 02.03.2024 (अप० 3:30 बजे)
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यालय जिला अभियन्ता जिला परिषद, गुमला
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– कार्यालय जिला अभियन्ता जिला परिषद, गुमला
7. कार्य का विवरण मदवार :– **RGSA**

| क्रम | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | Promotion and Reviving the Traditional Mandar making at Raidih Jarjatta (Common Facilitation Center) | रायडीह | 1814830 | 5000 | 36500 | पांच माह |
| 2 | Reviving Traditional Bamboo Craftmanship At - Lawabar Dumri (Common Facilitation Center) | डुमरी | 1814830 | 5000 | 36500 | पांच माह |
| 3 | Reviving Traditional Art- Teracotta and Pottery At Toto, Gumla (Common Facilitation Center) | गुमला | 1814830 | 5000 | 36500 | पांच माह |
| 4 | Reviving Traditional Bamboo Craftmanship At – Dumarla Gumla (Common Facilitation Center) | गुमला | 1814830 | 5000 | 36500 | पांच माह |
| 5 | Reviving Traditional Bamboo Craftmanship At – Bethad Bishunpur (Common Facilitation Center) | विशुनपुर | 1814830 | 5000 | 36500 | पांच माह |
| 6 | Development of Brass and Bronze Cluster in Gumla At – Ramjadi, Basia (Common Facilitation Center) | बसिया | 1941350 | 5000 | 39000 | पांच माह |

**NIT** के नियम एवं शर्तें :–
1. निविदा की विस्तृत शर्तों का अवलोकन जिला परिषद, गुमला के सूचना पट्ट एवं **gumla.nic.in** पर किया जा सकता है।

जिला अभियन्ता,
जिला परिषद,गुमला

PR 320043 (Rural Development)23-24*D

### GOVERNMENT OF JHARKHAND URBAN DEVELOPMENT OF DEPARTMENT NAGAR PARISHAD, BISHRAMPUR

E-PROCURMENT NOTICE (VERY SHORT TERM NOTICE)

| SL. | WARD NO. | REFERENCE NO. | SCHEME NAME | ESTIMATE COST | EARNEST MONEY (2% OF ESTIMATE COST) | TENDER FEE | COMPLETION OF WORK |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| शहरी परिवहन व्यवस्था मद | | | | | | | |
| 1 | 8 | UDD/NPB/ 23/2023-24 (2nd Call) | Construction of P.C.C. Road on Kaccha Road from dandila kalan main road land of kuttubuddin khan to house of imteyaj ansari. | 649453.00 | 12989.00 | 5000.00 | 45 days |
| 2 | 11 | UDD/NPB/ 29/2023-24 (2nd Call) | Construction of P.C.C. Road on Kaccha Road from house of tabarak ansari to house of naimuddin ansari. | 432968.00 | 8659.00 | 1000.00 | 45 days |
| 3 | 8 | UDD/NPB/ 30/2023-24 (2nd Call) | Construction of P.C.C. road on kaccha road from Reliance Trends to house of Jahangir Khalifa. | 360807.00 | 7216.00 | 1000.00 | 45 days |
| 4 | 13 | UDD/NPB/ 31/2023-24 (2nd Call) | Construction of P.C.C. Road on Kaccha Road from ursula chowk to house of sitaram ram. | 302368.00 | 6047.00 | 1000.00 | 45 days |
| नागरिक सुविधा मद | | | | | | | |
| 5 | 01-20 | UDD/NPB/ 36/2023-24 | Construction of Different Sizes of R.C.C. Slab in Nagar Parishad Bishrampur (Ward 01 to 20 ) | 612400.00 | 12248.00 | 5000.00 | 45 days |
| 6 | Date of Publication of Tender | | | 23.02.2024, 11:00 AM | | | |
| 7 | Starting Date of sale of BOQ | | | 23.02.2024, 11 :00 AM at **Office, Nagar Parishad, Bishrampur** | | | |
| 8 | Hard Copy Submission Date & Place | | | 01.03.2024, 11:00 AM to 03 :00 PM at **Police Station, Bishrampur** | | | |
| 9 | Date of Bid Opening | | | 01.03.2024, 04:00 PM | | | |
| 10 | Name & Address of Office Inviting Tender | | | EXECUTIVE OFFICER NAGR PARISHAD BISHRAMPUR | | | |
| 11 | Contact No. of Procurement Officer | | | 9525633383, 9771761820 | | | |
| 12 | Helpline Number of E-Procurement Cell | | | 7209778468, 6207635699 | | | |

NOTE: - 1. Contractors should be registered in appropriate class as per NIT.

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद बिश्रामपुर

PR.NO.319915 District(23-24):D

## बंदूक के साथ लकड़ी तस्कर गिरफ्तार

**बरवाडीह।** वन विभाग की टीम को अवैध लकड़ी तस्कर गिरोह के सदस्य अजय सिंह को अवैध लकड़ी एवं एक भरटूआ बंदूक के साथ गिरफ्तार करने में कामयाबी मिली है। बरवाडीह छिपादोहर पश्चिमी वन क्षेत्र रेंजर अजय टोप्पो को मिली सूचना के आधार पर लात बीट क्षेत्र के प्रभारी वनपाल मुकेश उरांव के नेतृत्व एक टीम गठन बुधवार शाम प्रभारी वनपाल मुकेश उरांव के नेतृत्व में लात पश्चिमी भाग के बियापानी जंगल में छापामारी की गई, जिसमें सफलता हाथ लगी। छापामारी में एक भरटूआ बंदूक, बिया सिल्ली 4 पीस, साइकिल 4 पीस के साथ लकड़ी तस्कर अजय सिंह, पिता मुनेश्वर सिंह चट्टीखांड केड निवासी को पकड़ा गया, जबकि बाकी तस्कर भागने में कमयाब रहे। इस अवैध लकड़ी तस्करी में शामिल छवि सिंह पिता कलतु सिंह, विजय सिंह पिता गंगा सिंह, मोहन सिंह, निन्हा सिंह दोनों के पिता बिहारी सिंह, गुलामन सिंह पिता बिफन सिंह सभी टोला चट्टीखांड केड निवासी के विरुद्ध वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर बाकी अभियुक्तों की धर पकड़ हेतु छापामारी शुरू कर दी गई है।

# मारपीट में घायल युवक की मौत से बिफरे ग्रामीण

## इटखोरी थाने का घेराव, दुकानें रहीं बंद



**नवीन मेल संवाददाता। इटखोरी**

थाना क्षेत्र में बीती रात दो गुटों में हुई मारपीट की घटना में घायल युवक की मौत इलाज के दौरान रिम्स में हो गई। वहीं घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने थाना का घेराव किया और थाना प्रभारी पर हत्यारोपियों को बचाने का आरोप लगाया। ग्रामीण थाना प्रभारी से हत्यारोपियों को अविलंब गिरफ्तार करने की मांग कर रहे थे।

घटना की जानकारी मिलते ही डीएसपी मुख्यालय रोहित रजवार मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी का आश्वासन दिया। तब जाकर ग्रामीण थाने से हटे। ज्ञात हो कि मृतक मिथलेश दांगी इटखोरी थाना क्षेत्र के नगर गांव का रहने वाला था, जिसका भाई पवन दांगी भद्रकाली मंदिर परिसर में फूल प्रसाद का स्टॉल लगाता है। मिथलेश के साथ गांव के करीब एक दर्जन युवकों ने मामूली बात पर घर में घुसकर जमकर मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। उसे रिम्स रेफर किया गया था। इस बीच आक्रोशित फुल प्रसाद के दुकानदारों नें दुकाने बंद कर दीं।

### Office of the Executive Engineer
Drinking Water and Sanitation Division, Latehar

E-Procurement Very Short Tender Notice

शुद्धि–पत्र

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल लातेहार का ई–प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना सं०– DWSD/LTR/DT-08/23-24 (2nd Call) दि०– 13.02.2024 जो दैनिक समाचार पत्रों में PR No 318890 Drinking Water and Sanitation (23-24)D से प्रकाशित है।
जिसे निम्न प्रकार संशोधन किया जाता है।

प्रकाशित सूचना

Tender Reference No. DWSD/LTR/DT-08/23-24 (2nd Call) Date – 13.02.24

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | बेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | :– | 15.02.24 अपराहन 03:30 बजे तक। |
| 02 | निविदा प्राप्ति (आर्न लाईन बिडिंग) की अंतिम तिथि एवं समय | :– | 22.02.24 अपराहन 05:00 बजे तक। |
| 03 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई0– गर्वनस झारखण्ड मंत्रालय के ज्ञापांक– 120 दि0– 03.10.23 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की तिथि | :– | 22.02.24 अपराहन 05:00 बजे तक। |
| 04 | तकनीकी बीड खोलने की तिथि | :– | 26.02.24 अपरान 02:00 बजे तक। |
| 05 | तकनीकी बीड खोलने का स्थान | :– | कार्य0 अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्व0 प्रमंडल लातेहार। |
| 06 | निविदा आमंत्रित करने का पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम | :– | ई0 दीपक कुमार महतो, कार्य0 अभियंता, पेयजल एवं स्व0 प्रमंडल लातेहार। |
| 07 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का मो0 न0 | :– | 9199154542 – 6201242103 |

संशोधित सूचना

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | बेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | :– | 15.02.24 अपराहन 03:30 बजे तक। |
| 02 | निविदा प्राप्ति (आर्न लाईन बिडिंग) की अंतिम तिथि एवं समय | :– | 24.02.2024 अपराहन 05:00 बजे तक। |
| 03 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई0– गर्वनस झारखण्ड मंत्रालय के ज्ञापांक– 120 दि0– 03.10.23 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की तिथि | :– | 24.02.2024 अपराहन 05:00 बजे तक। |
| 04 | तकनीकी बीड खोलने की तिथि | :– | 26.02.24 अपरान 02:00 बजे तक। |
| 05 | तकनीकी बीड खोलने का स्थान | :– | कार्य0 अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्व0 प्रमंडल लातेहार। |
| 06 | निविदा आमंत्रित करने का पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम | :– | ई0 दीपक कुमार महतो, कार्य0 अभियंता, पेयजल एवं स्व0 प्रमंडल लातेहार। |
| 07 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का मो0 न0 | :– | 9199154542 – 6201242103 |

Executive Engineer
D.W & S Division Latehar

PR 319983 (Drinking Water and Sanitation) 23-24 (D)

### कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
कार्यालय - भूमि संरक्षण पदाधिकारी, डालटनगंज
E-Mail ID- dscopalamu2019@gmail.com

आम-सूचना

**राज्य योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 एवं 2024–25 में कृषकों, कृषक समूहो एवं अन्य को ट्रेक्टर एवं सहायक कृषि यंत्रों के अनुदानित पर वितरण हेतु मुख्यमंत्री ट्रेक्टर वितरण योजना हेतु आवेदन आमंत्रण की सूचना**

विभागीय स्वीकृत्यादेश सं0– 71 दिनांक 07.02.2024 द्वारा वित्तीय वर्ष 2023–24 एवं 2024–25 में राज्य योजना अन्तर्गत पानी पंचायतों, जलछाजन समितियों, महिला स्वयं सहायता समूहों / महिला सखीमंडल / कृषक समूहों / लैम्प्स / पैक्स एवं अन्य कृषक संगठनों को मुख्यमंत्री ट्रेक्टर वितरण योजनान्तर्गत एक बड़ा ट्रेक्टर एवं इसके साथ कम से कम दो कृषि यंत्रों के क्रय करने पर कुल पैकज राशि 10.00 लाख में बड़े ट्रेक्टर पर अधिकतम 50 प्रतिशत एवं दो कृषि यंत्रों के क्रय करने पर अधिकतम अनुदान 80 प्रतिशत दे होगा परन्तु कुल अधिकतम अनुदान 5.00 लाख (पाँच लाख) रूपये ही दे होगा। मुख्यमंत्री ट्रेक्टर वितरण योजना हेतु निर्धारित आवेदन प्रारूप में जिले के कृषकों को आवेदन करने के लिए आमंत्रित किया जाताहै। **दिनांक 20.02.2024 से दिनांक 10.03.2024 तक कार्यालय दिवस में प्रातः 11 बजे से संध्या 5 बजे तक भूमि संरक्षण कार्यालय, डालटनगंज** से आवेदन फॉर्म प्राप्त कर पूर्ण रूपेण भरकर आवश्यक कागजात के साथ जमा कर सकते हैं।
**मुख्यमंत्री ट्रेक्टर वितरण योजना** का पैकेज तैयार करने हेतु ट्रेक्टर एवं सहायक कृषि यंत्रों की सूची एवं अनुदान निम्न प्राकर से होगी :–

| S.N. | Details of Machines | Package Cost | Target | Subsidy & Condition |
|---|---|---|---|---|
| 01 | Tractor (34.0-40.0 max PTO HP approved model tested by FMTTI, with standard tool Kit, Seat, Hitch, Hood, Drawbar Attachment, Insurance, Registration, GPS Attachment etc. & 2 Agriculture implements | Rs. 10.0 Lakh | 30(OSP)+25(SCSP)= 55 (Total) | -One Tractor with Minimum Two Implements from S.No. 02 to 12 have to be taken in tractor package. -Maximum Subsidy on tractor @50% & on Agriculture Implements @ 80% of quoted L-1 prices as per EoI, -Farmers Group Maximum Subsidy on tractor package will be Rs. 5.00 Lakh. |
| 02 | Rotavator (4'-6') | Rs. 3.00 Lakh | 25(OSP)+8(SCSP)= 33 (Total) | Any farmer group having tractor and need extra Implement they can get subsidy @ 80% or Maximum Rs. 2.00 lakh whichever is Minimum of quoted L-1 price as per EoI. |
| 03 | Cultivator (7-13 tyne) | | | |
| 04 | Disc Harrow (11-18 disc) | | | |
| 05 | Ridger/Trencher/Auger (Tractor Drawn) | | | |
| 06 | Zero Tillage drill/Seed cum Fertilizer Drill | | | |
| 07 | Cage Wheel Pair (Compatible to above PTO HP Tractor) | | | |
| 08 | Wheat Thresher (Tractor Drawn) | | | |
| 09 | Multicrop Thresher (Tractor Drawn) | | | |
| 10 | Paddy Thresher (Tractor Drawn) | | | |
| 11 | Power Maize Thresher/Maize Dehusker cum sheller (T.D.) | | | |
| 12 | MB Plough (2 Bottom) | | | |

1. जिन समूहों के सदस्यों में से कम से कम किसी एक सदस्य के पास ट्रैक्टर / वाहन (LMV) चालन का वैध लाइसेंस होगा एवं समूह के पास खेती योग्य 10 एकड़ से अधिक (प्रमाण पत्र अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत) भूमि होगी, उसे प्राथमिकता दी जायेगी।
2. जिले को प्राप्त भौतिक लक्ष्य का 50 प्रतिशत स्थानीय क्षेत्रीय माननीय विधायक के अनुशंसा को प्राथमिकता देते हुये जिला स्तरीय गठित चयन समिति द्वारा स्वीकृत किया जा सकेगा।
3. जिन महिला स्वयं सहायता समूहों / महिला सखीमंडल एवं कृषक समूहों को पूर्व में कृषि विभाग द्वारा कृषि उपकरण बैंक स्थापना या अन्य किसी योजना केन्द्र प्रायोजित योजना या राज्य योजना के माध्यम से उपरोक्त योजना का लाभ प्रदान किया जा चुका है उनकी पात्रता इस योजना के लिए मान्य नहीं होगी।

➢ विशेष जानकारी के लिए अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकताहै।

**अधिक जानकारी के लिए अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।**

**कार्यालय का पता:**–कार्यालय भूमि संरक्षण पदाधिकारी, डालटनगंज।
पलामू समाहरणालय, **BLOCK - C** के द्वितीय तल्ला।
फोन नं0–06562–230223

भूमि संरक्षण पदाधिकारी
डालटनगंज

PR 319916 District (23-24)_D

## एसपी ने अति संवेदनशील बूथ का लिया जायजा

**गुमला।** एसपी हरविंदर सिंह ने गुरुवार को गुमला जिले के बसिया, कुरूमगढ़, पालकोट सहित अन्य थाना क्षेत्र में अति संवेदनशील चुनाव बूथों का जायजा लिया। सुरक्षा के दृष्टिकोण से कई बूथ को रिलोकेट किया गया है। वहीं विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण कर समय पर गुणवत्ता के साथ योजनाओं को पूरा करने का निर्देश दिया।

## एसडीपीओ ने किया पुलिस पिकेट का निरीक्षण

**चैनपुर (गुमला )।** घोर नक्सल प्रभावित कुरुमगढ़ थाना क्षेत्र के बांमदा पुलिस पिकेट का चैनपुर एसडीपीओ अमिता लकड़ा व चैनपुर सर्किल इंस्पेक्टर मो. शम्मीम द्वारा गुरुवार को निरीक्षण किया गया।

## विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**भंडरा।** प्रखंड के लाल बहादुर शास्त्री प्लस टू विद्यालय में गुरुवार को प्रखंड के मध्य व उच्च विद्यालय स्तर के विज्ञान मेले का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने मॉडलों को प्रस्तुत किया। यहां से चयनित होने वाले छात्र जिला स्तरीय प्रदर्शनी में भाग लेंगे। प्रदर्शनी में बीपीओ रामविजय खलखो, निशांत कुमार, महावीर साहू, अनुपमा अगस्टीन कुजूर आदि उपस्थित थे।

## हेमंत की गिरफ्तारी के विरोध में निकला न्याय मार्च

**भंडरा।** प्रखंड की जमगाई पंचायत में गुरुवार को झामुमो का न्याय मार्च निकला। इसकी अगुवाई प्रखंड अध्यक्ष परवेज अंसारी ने की। इसमें जिला उपाध्यक्ष तिवारी उरांव, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला सचिव मंसूर अंसारी, वार्ड सदस्य प्रेम उरांव, जल सहिया लालो उराईन, विजय उरांव, प्रेमचंद उरांव, विनोद खाखा, अमित उरांव, चरवा उरांव, विनोद उरांव, महेंद्र उरांव आदि शामिल थे।

## आंगनबाड़ी केंद्र बुटी डूमरटोली की सेविका चयनित

**सेन्हा।** प्रखंड क्षेत्र की बुटी पंचायत के बुटी डूमरटोली में सेविका चयन को लेकर बीडीओ सह प्रभारी सीडीपीओ अशोक चोपड़ा की अध्यक्षता में गुरुवार को ग्राम सभा हुई। इसमें इसमें शैक्षणिक आधार पर सेविका पद के लिये पूर्णिमा कुमारी का चयन किया गया। मौके पर महिला पर्यवेक्षिका परमुनी देवी, बीडीओ सह प्रभारी सीडीपीओ अशोक कुमार चोपड़ा, मुखिया पार्वती उरांव, पंचायत समिति सदस्य सुमंती उरांव, पर्यवेक्षिका परमुनी देवी आदि उपस्थित थे।

## 2163 से अधिक विद्यार्थियों का स्वास्थ्य जांच

**गुमला।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा हंस फाउंडेशन के सहयोग से जिले के 11 प्रखंडों के 18 आवासीय विद्यालयों में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन 16 फरवरी से 22 फरवरी के बीच किया गया। हंस फाउंडेशन के डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर गुलशन कुमार के अनुसार जिले के 11 प्रखंडों के 18 आवासीय विद्यालयों में लगभग 2163 छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य जांच किया गया। इनमें 56 विद्यार्थियों को स्थानीय सीएचसी केंद्र के लिए रेफर किया गया है। हंस फाउंडेशन के डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर राहुल पाल ने बताया कि प्रत्येक विद्यालय में डॉक्टर्स सहित 4 लोगों की टीम द्वारा स्वास्थ्य जांच किया जा गया।

## शिविर की अंतिम तिथि बढ़कर 23 फरवरी हुई

**गुमला।** जिले की सभी पंचायतों में मुख्यमंत्री सर्वजन पेंशन योजना के तहत लगाए जा रहे विशेष शिविर की अंतिम तिथि बढ़ाते हुए 23 फरवरी कर दी गई है। सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा ललन रजक ने भी विभिन्न पंचायतों में शिविरों का औचक निरीक्षण किया।

## फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन

**लोहरदगा।** स्वास्थ्य विभाग और 158 बटालियन सीआरपीएफ की सहभागिता से बटालियन मुख्यालय में राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें सदर अस्पताल से डॉ. अलिप कुमार मिश्रा, आलोक कुमार, मनीश कुमार, शिवानी गुप्ता पिरामल फाउंडेशन, अनेन्द्र कुमार के द्वारा 158 बटालियन के सभी अधिकारियों एवं जवानों एवं उनके परिजनों को फाइलेरिया की रोकथाम हेतु एल्बेंडाजोल और डीईसी की गोलियां वितरित की गई।

## श्री राम समिति की संचालन समिति का विस्तार

**लोहरदगा।** जय श्री राम समिति की बैठक कैरो प्रखंड के दुर्गा मंदिर प्रांगण में मुरारी सोनी की अध्यक्षता में की गई। इसमें जिला संरक्षक अजय सोनी, अनूप गुप्ता, जिला संचालन समिति सदस्य अनिल उरांव, प्रदीप साहू, विक्की कसेरा, नगर अध्यक्ष दीपक साहू उपस्थित थे। बैठक में मुख्य रूप से संचालन समिति का विस्तार किया गया। मौके पर रंजीत महली, लक्की गुप्ता, चंदन ठाकुर, बजरंग महतो, मिहिर त्रिपाठी, शंभू कुमार, रोशन, नितेश सिंह, राधेश्याम साहू, गंगा प्रसाद अनमोल कुमार, रोहित कुमार, रौशन पांडे आदि मौजूद थे।

## कस्तूरबा विद्यालय में नामांकन को लेकर हुई बैठक

**सेन्हा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय सेन्हा में विद्यालय स्तरीय नामांकन समिति की बैठक प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जयनाथ महतो की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई। बैठक में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने समिति के सदस्यों से कहा कि विद्यालय में कक्षा 6 में नया नामांकन पाने को लेकर 494 आवेदन विद्यालय को प्राप्त हुए हैं। कक्षा 6 में प्रवेश के लिए 75 आवेदनों का चयन कर स्वीकृति देना है। मौके पर जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की, विधायक प्रतिनिधि विरेंद्र उरांव, प्रखंड प्रमुख फुलझरी देवी, बीस सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम, नामांकन समिति अध्यक्ष बीईईओ जयनाथ महतो, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी त्रिवेनी भगत, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष उर्मिला देवी, वार्डेन पुनम कुमारी, प्रेम दानी कुजूर, जयमाला सिंह आदि उपस्थित थे।

## स्वीप कोषांग की बैठक में डीसी ने दिए निर्देश

**लोहरदगा।** उपायुक्त की अध्यक्षता में स्वीप कोषांग की बैठक हुई। इसमें उपस्थित विभिन्न विभागों व गैर सरकारी संस्थानों से आगामी लोकसभा निर्वाचन-2024 से संबंधित मतदाता जागरूकता को लेकर प्रचार-प्रसार के लिए चर्चा गई। डाक विभाग, बैंक व आपूर्ति विभाग, गैस एजेंसी द्वारा अपने-अपने ग्राहकों तक फ्लैक्स, बैनर, सेल्फी प्वाइंट, स्टीकर व स्टाम्प के जरिये मतदाता जागरूकता का संदेश पहुंचाये जाने का सुझाव दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, स्वीप कोषांग की नोडल-सह-जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा आदि उपस्थित रहे।

# विदाई समारोह में निवर्तमान थाना प्रभारी हुए भावुक, छलक पड़े आंसू



**नवीन मेल संवाददाता। कुडू**

निवर्तमान थाना प्रभारी बिश्वजीत कुमार सिंह, एसआई दिनेश मेहता, सोनू चौधरी, राधा रागिनी, जोशफिना हेम्ब्रम को विदाई देने और नए प्रभारी कुलदीप राज टोप्पो का स्वागत करने के लिए गुरुवार को कूडू थाना परिसर में समारोह का आयोजन किया गया। हालांकि एक केस अनुसंधान में व्यस्त होने के कारण नए थाना प्रभारी कार्यक्रयम में उपस्थित नहीं हो सके। विदाई कार्यक्रम की अध्यक्षता एएसआई संजय कुमार सिंह और संचालन राजू राम ने किया। कार्यक्रम में थाना क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी व अन्य बुद्धिजीवियों ने भाग लिया। इस दौरान उपस्थित लोगों और पुलिस कर्मियों ने निवर्तमान थाना प्रभारी को शाल, माला, बुके एवं उपहार देकर सम्मानित किया। समारोह को संबोधित करते निवर्तमान थाना प्रभारी बिश्वजीत कुमार सिंह ने भावुक मन से कहा कि हम सरकारी सेवकों का आना-जाना लगा रहता है। लेकिन अपने कार्यकाल में यहां की आम जनता, समाजसेवी, जनप्रतिनिधियों, पत्रकारों का जो सहयोग मिला उसी के बदौलत मैं क्षेत्र में कानून व्यवस्था कायम रख सका। इसके लिए कुडू की जनता को बहुत-बहुत धन्यवाद। इस दौरान थाना प्रभारी की आंखों से आंसू छलक गए जिसके बाद कार्यक्रयम में उपस्थित सभी लोग भावुक हो गए। इनके अलावा समारोह को सभी निवर्तमान पदाधिकारी, उप प्रमुख एनुल अंसारी, सदरुल अंसारी, लाल गुड्डू नाथ शाहदेव, आदि ने भी संबोधित करते हुए थाना प्रभारी के साथ बिताए अपने - अपने अनुभव को साझा किया। निवर्तमान थाना प्रभारी के कार्यकाल की भूरी-भूरी प्रशंसा एवं वर्तमान थाना प्रभारी कुलदीप राज टोप्पो से भी कर्तव्यों का निर्वहन करने के साथ साथ मैत्रीपूर्ण व्यवहार से थाना क्षेत्र के हर व्यक्ति के दिलों में जगह बनाने की उम्मीद जताई। मौके पर एसआई सामिल उरांव, एएसआई लवकुश सिंह, आशुतोष कुमार सिंह, सुरेश उरांव, सेनसई अमित सिंह, सतोष साहू, गुड्डू खान, अवधेश उरांव, हलीम अंसारी, प्रकाश सिंह, संजय चौधरी आदि उपस्थित थे।

## युवक ने घर में फांसी लगा की आत्महत्या

**कुडू।** कुडू थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती पक्षमी क्षेत्र सलगी पंचायत के धौरा असना पानी गांव निवासी जोहन टोपनो के 25 वर्षीय पुत्र सुनील टोपनो ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। गुरुवार की सुबह सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे कुडू थाना के नवपदस्थापित थाना प्रभारी कुलदीप राज टोप्पो, एसआई सुकु सोरेन दल बल के साथ पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा सदर भेज दिया। परिजनों ने बताया कि सुनील कुछ दिनों से किसी बात को लेकर खोया खोया रहता था। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि मानसिक अवसाद में युवक ने इस तरह का कदम उठाया होगा।

# जंगल में पेड़ से झूलता मिला युवक का शव

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

किस्को थाना क्षेत्र अंतर्गत सेमरडीह गांव से करीब 5 किलोमीटर दूर स्थित कुन्दरी झरिया के बीच जंगल में एक युवक का शव फंदे से झूलता पाया गया। शव को देखकर कई लोग इसको आत्महत्या बता रहे हैं जबकि कई लोग इसको हत्या कर शव को फंदे से लटकाने की भी बात कर रहे हैं। युवक का शव पेड़ पर सड़ी गली अवस्था में लटका हुआ था, जिसके कारण उसकी शिनाख्त नहीं हो पा रही थी। लेकिन अंदाजा लगाया जा रहा था कि युवक आसपास क्षेत्र का ही होगा। किस्को थाना पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से शव को नीचे उतारा और सेमरडीह लाया। पुलिस अंचल निरीक्षक चंद्रशेखर आजाद और किस्को थाना के थाना प्रभारी हर्षवर्धन सिंह पुलिस बल के साथ शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने शव की पहचान कर ली है। मृतक की पहचान पाखर बंगला पाट निवासी मानदेव नगेसिया के रूप में की गई है। वहीं पुलिस शव मिलने पर हत्या है या आत्महत्या है इसके पीछे का कारण ढूंढने में जुट गई है।

## अबुआ आवास की सूची से नाम काटे जाने पर चुनाव बहिष्कार का ऐलान

**नवीन मेल संवाददाता। घाघरा**

घाघरा प्रखंड स्थित रुकी पंचायत के आधा दर्जन से अधिक गांवों के करीब दो सौ लोगों ने अबुवा आवास की सूची से नाम काटे जाने के विरोध में चुनाव बष्किार करने का ऐलान किया है। गुरुवार को पोढा, मनातू, बड़ा अजियातु एवं घुठी के सैकड़ों ग्रामीणों पोढा में एकत्रित होकर कहा कि अबुआ आवास की सूची में नाम आया था लेकिन बाद में ज्ञात हुआ कि लिस्ट से नाम कट गया है। महिला प्रभा देवी ने बताया कि लिस्ट में नाम होने के कारण घर भी तोड़ दिया लेकिन अब कहां रहेंगे। रुकी पंचायत के मनातू में 40, पोढा में 83, घुठी में 15, छोटा अजियातु में 18, रुकी में 7, लालपुर में 11, जलका में 7 एवं शिवसेरेंग में 4 सहित कुल 185 लोगों का सूची से नाम हटा दिया गया है जिसके लिए पंचायत सेवक आशिक मीर को जिम्मेवार ठहराया जा रहा था। ग्रामीण आरोप लगा रहे थे कि जो पैसा देगा उसी को न आवास मिलेगा। मौके पर गौरी देवी, परवतिया देवी, प्रभा देवी, शिवकांत साहू, बुधमनी देवी, रोपनी आदि उपस्थित थे।

## कैरो में चौकीदार का आकस्मिक निधन

**कैरो।** थाना क्षेत्र के गुड़ी गांव के चौकीदार विशुन महली (58) का आकस्मिक निधन हो गया। विशुन कई महीनों से बीमार चल रहे थे। गुरुवार को अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। उनको कैरो थाना प्रभारी शंखनाथ उरांव के सहयोग से रांची प्रभावती अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। थाना प्रभारी शंखनाथ उरांव, एसआई संजय राय, सुजीत कुमार, बरमा उरांव, चौकीदार समशूल होदा, मनील उरांव, विसरु महली, शिवशंकर लोहरा, बुद्धदेव उरांव ने शोक व्यक्त किया है।


### जिला मत्स्य कार्यालय, लातेहार

**मत्स्य स्पॉन आपूर्त्ति हेतु सरकारी मान्यता प्राप्त हैचरी संचालकों से अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण**

एतद् द्वारा मत्स्य निदेशालय झारखण्ड रॉची के पत्रांक 219 दिनांक 05.02.2024 के आलोक में मत्स्य स्पॉन आपूर्त्ति हेतु सरकारी मान्यता प्राप्त हैचरी संचालकों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 में लातेहार जिला के निबंधित मत्स्य बीज उत्पादकों एवं विभाग की अन्य योजनाओं हेतु मत्स्य स्पॉन उपलब्ध कराने के लिए निविदा के निम्न शर्तों के अधीन निविदा आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की शर्त्तों www.latehar.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। निविदा दिनांक 02.03.2024 के पूर्वाह्न 11:00 बजे तक जिला मत्स्य कार्यालय, लातेहार में आमंत्रित की जाती है एवं निविदा उप विकास आयुक्त, लातेहार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में दिनांक 02.03.2024 को पूर्वाह्न 11.30 बजे खोली जायेगी।

जिला मत्स्य पदाधिकारी लातेहार।

PR.NO.319940 Fish(23-24):D



### जिला मत्स्य कार्यालय, लातेहार

**फ्राई कैचिंग नेट आपूर्त्ति हेतु अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण**

एतद् द्वारा मत्स्य निदेशालय झारखण्ड रॉची के पत्रांक 219 दिनांक 05.02.2024 के आलोक में फ्राई कैचिंग नेट आपूर्त्तिकर्त्ताओं को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 में लातेहार जिला के निबंधित मत्स्य बीज उत्पादकों को फ्राई कैचिंग नेट उपलब्ध कराने हेतु निविदा के निम्न शर्तों के अधीन निविदा आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की शर्त्ते www.latehar.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। निविदा दिनांक 02.03.2024 के पूर्वाह्न 11:00 बजे तक जिला मत्स्य कार्यालय, लातेहार में आमंत्रित की जाती है एवं निविदा उप विकास आयुक्त, लातेहार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में दिनांक 02.03.2024 को पूर्वाह्न 11.30 बजे खोली जायेगी।

जिला मत्स्य पदाधिकारी
लातेहार

PR 319937 (Fish)23-24*D



### जिला मत्स्य कार्यालय, लातेहार

**Factory Formulated Extruded Mash Feed**

**आपूर्त्ति हेतु अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण**

एतद् द्वारा मत्स्य निदेशालय झारखण्ड रॉची के पत्रांक 219 दिनांक 05.02.2024 के आलोक में Factory Formulated Extruded Mash Feed के निर्माता अथवा अधिकृत विकेता को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 में लातेहार जिला के निबंधित मत्स्य बीज उत्पादकों एवं विभाग की अन्य योजनाओं हेतु Factory Formulated Extruded Mash Feed एवं मत्स्य पालकों को 1.5 mm से लेकर 4mm size का Factory Formulated Floating Fish Feed उपलब्ध कराने हेतु उसके क्रय करने के लिए निविदा निम्न शर्तों के अधीन आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की शर्त्ते www.latehar .nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। निविदा दिनांक 02.03.2024 के पूर्वाह्न 11:00 बजे तक जिला मत्स्य कार्यालय, लातेहार में आमंत्रित की जाती है एवं निविदा उप विकास आयुक्त, लातेहार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में दिनांक 02.03.2024 को पूर्वाह्न 11.30 बजे खोली जायेगी।

जिला मत्स्य पदाधिकारी
लातेहार

PR 319936 Fish(23-24).D



### झारखण्ड शिक्षा परियोजना, पलामू

समाहरणालय भवन ब्लॉक सी कमरा संख्या–09, मेदिनीनगर
ई मेल – jepcpalamau@gmail.com & jepcpalamau@rediffmail.com

**आवश्यक सूचना**

**आदर्श विद्यालय योजनान्तर्गत पलामू जिले में 03 उत्कृष्ट विद्यालय (School of Excellence) में शैक्षणिक सत्र 2024–25 में नामांकन संबंधित आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड सरकार के अभिनव प्रयास के तहत सरकारी विद्यालयों में अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया, जिसके तहत पलामू जिले के 03 विद्यालयों को उत्कृष्ट विद्यालयों (School of Excellence) के रूप में मान्यता दी गयी है।

राज्य परियोजना, निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची के पत्रांक ME/01/1183/2023/465 दिनांक 13.02.2024 द्वारा प्राप्त दिशा–निर्देश के आलोक में निम्नांकित उत्कृष्ट विद्यालय (School of Excellence) में दिनांक 03.03.2024 तक निःशुल्क आवेदन प्रपत्र विद्यालय से प्राप्त किये जाएगें–

| क्र0 सं0 | विद्यालय का नाम | जिस कक्षा में नामांकन लिया जाना है | सीटों की संख्या | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | DISTRICT CM SCHOOL OF EXCELLENCE, MEDININAGAR, PALAMU | कक्षा–6<br>कक्षा–7<br>कक्षा–8<br>कक्षा–9 | 80<br>03<br>02<br>49 | बालक एवं बालिका दोनों के लिए |
| 2 | CM SCHOOL OF EXCELLENCE GIRLS MEDININAGAR, PALAMU | कक्षा–6<br>कक्षा–7<br>कक्षा–8<br>कक्षा–9 | 40<br>02<br>02<br>84 | केवल बालिका के लिए |
| 3 | CM SCHOOL OF EXCELLENCE, KGBV CHAINPUR, PALAMU | कक्षा–6<br>कक्षा–7 | 25<br>03 | केवल बालिका के लिए |

सभी अभिभावकों से अनुरोध है कि संबंधित विद्यालय से संपर्क कर आवेदन प्राप्त करेंगे। नामांकन हेतु संबंधित विद्यालय में आवेदन पत्र जमा करने की **अंतिम तिथि 03.03.2024 है।** जिला स्तर पर दिनांक **11.03.2024** को आयोजित जांच परीक्षा के उपरांत **दिनांक 20.03.2024** को प्रकाशित प्रथम मेधासूची के आधार पर नामांकन लिया जायेगा। विस्तृत विवरणी एवं आवेदन प्रपत्र का प्रारूप जिला के अधिकारिक वेबसाईट **www.palamu.nic.in** एवं संबंधित विद्यालय के वेबसाईट पर भी उपलब्ध है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, पलामू

PR 319961 District(23-24)#D



### MINOR IRRIGATION DIVISION, LOHARDAGA

**e-Procurement Notice**

Very Short Tender Reference No.WRD/MID/LOHARDAGA/F2-25/2023-24 Date – 22/02/2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | Construction of PuccaSinchaiNalafrom Jhorjhariya Checkdam to BagaiDoharat vill –Sangodih, Block – Peshrar, Distt.-Lohardaga. |
| 2. | Estimated Cost (Rs. In Lakh) | Rs. 49.183 Lakh |
| 3. | Time of Completion | 90 Days |
| 4. | Date of Publication of e-Tender on website | 23/02/2024at2:00 PM |
| 5. | Last date/Time for Submission of e-Tender BID's | 01/03/2024upto 5:00 PM |
| 6. | Last date for online Submission of Tender Fee and EMD | e-Procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 01/03/2024 upto 5:00 PM |
| 7. | Date of opening Tender | 02/03/2024at2:00 PM |
| 8 | Name & address of office inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Lohardaga |
| 9. | (a) Contact No. of e-Procurement officer<br>(b) E-Mail of e-Procurement officer | 9123447790<br>eemidloha-cemr-jhr@nic.in |
| 10. | Helpline Number of e-Procurement cell | 7488537740 |

Note: - (1) Only e-Tender will be accepted
(2) Published Estimated Cost may be Increase or Decrease.
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

PR 320074 Lohardaga (23-24)_D

Executive Engineer
Minor Irrigation Division, Lohardaga



### कार्यालय नगर पंचायत मझिआँव

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 43/2023–24**

1. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत मझिऑव।
2. परिमाण विपत्र बिकी की तिथि एवं समय :– दिनांक 04.03.2024 अपराह्न 4:00 बजे तक।
3. परिमाण विपत्र बिकी का स्थान :– कार्यालय नगर पंचायत मझिऑव।
4. निविदा प्राप्ति का स्थान, तिथि एवं समय :– कार्यालय नगर पंचायत मझिऑव में दिनांक 05.03.2024 को अपराह्न 2:00 बजे तक।
5. निविदा खोलने का स्थान, तिथि एवं समय:– कार्यालय नगर पंचायत मझिऑव में दिनांक 05.03.2024 को अपराह्न 02:30 बजे से।
6. कार्य विवरणी :–

| क0. सं0 | वार्ड सं0 | मद | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मुल्य | अग्रधन की राशि | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 06 | शहरी परिवहन मद | Construction of PCC Road at Ward No 06 From Murli Patwa Houses To Main Road Houses , Manjhiaon | 124700 | 1000 | 2500 | 30 दिन |
| 02 | 05 | शहरी परिवहन मद | Construction of PCC Road at Ward No 05 From Nausad Ansari Houses To Sadam Khan Houses, Manjhiaon | 681600 | 5000 | 13700 | 45 दिन |
| 03 | 03 | शहरी परिवहन मद | Construction of PCC Road at Ward No 03 From Amarnath Soni Houses To Anju Soni Houses, Manjhiaon | 779000 | 5000 | 15600 | 45 दिन |
| 04 | 03 | शहरी परिवहन मद | Constrution of Grade1 Gsb Road From Aanand Jaiswal Houses To Anju Soni Houses in Ward No 03 | 958100 | 5000 | 19800 | 45 दिन |
| 05 | 03 | शहरी परिवहन मद | Constrution of Grade1 Gsb Road From Main Road Medha Dudh Centre To Aanand Jaiswal Houses in Ward No 03 | 958100 | 5000 | 19800 | 45 दिन |
| 06 | 11 | शहरी परिवहन मद | Construction of PCC road from house of Rajdev Chaudhary to Bidanda Shivan at ward no 11 Dongh | 518087 | 5000 | 10500 | 45 दिन |

नोट :– विस्तृत सूचना एवं शर्ते अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय के सूचना पटट् पर कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत मझिऑव

PR 320062 Urban Development(23-24)#D



### कार्यालयः– नगर पंचायत मझिआँव
E-mail :- nagarpanchayatmanzhiaon@gmail.com

पत्रांकः–164 / **आम सूचना** दिनांकः–21.02.2024

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तिय वर्ष 2023–24 तक में कुल–30 होल्डिंग धारकों द्वारा टैक्स का भुगतान नही करने पर नगर पंचायत मझिआँव द्वारा द्वितीय नोटिस के माध्यम से सूचित करने के बावजूद भी बकाया होल्डिंग टैक्स जमा नही किया गया है। साथ ही इसे तृतीय नोटिस के रूप में प्रकाशित की जा रही है। वैसे होल्डिंगधारक 07 (सात) दिनों के अंदर कार्यालय नगर पंचायत मझिआँव के जन सुविधा केन्द्र में आकर अपना होल्डिंग टैक्स भुगतान करना सुनिश्चित करें, अन्यथा झारखण्ड नगर पालिका अधिनियम के धारा 184 के क्रम संख्या–16.1 के तहत आपके बैक खाता को फ्रिज करने की कार्रवाई की जायेगी। बकायादार होल्डिंग धारकों की विवरणी निम्न प्रकार है:–

| sl_no | ward_no | holding_no | owner_name | upto_dmd | amount |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | '0040000019000A1 | UPENDRA MEHTA | 4/2023-2024 | 18895.00 |
| 2 | 7 | '0070000200000X1 | SATENDRA PRASAD JAISWAL | 4/2023-2024 | 10765.00 |
| 3 | 7 | '0070000043000D1 | GULSHAN ARA | 4/2023-2024 | 9459.00 |
| 4 | 9 | '0090000304000A8 | KAMLA DEVI,KAMLA DEVI | 4/2023-2024 | 9758.00 |
| 5 | 5 | '0050000026000A1 | SAYAM LAL RAM | 4/2023-2024 | 9003.00 |
| 6 | 5 | '0050000236000A1 | ASHOK KUMAR | 4/2023-2024 | 8126.00 |
| 7 | 4 | '0040000212000D1 | JAWAHAR SAW | 4/2023-2024 | 8944.00 |
| 8 | 2 | '0020000274000A1 | Ram Kishor Pandey | 4/2023-2024 | 7855.00 |
| 9 | 1 | '0010000224000A3 | RAMCHANDRA THAKUR | 4/2023-2024 | 8554.00 |
| 10 | 11 | '0110000169000A5 | RAMESH KUMAR RAVI | 4/2023-2024 | 8151.00 |
| 11 | 3 | '0030000024000X1 | NAGENDRA PRASAD SINGH | 4/2023-2024 | 7040.00 |
| 12 | 7 | '0070000024000A1 | BIJAY PRASAD | 4/2023-2024 | 7626.00 |
| 13 | 7 | '0070000178000A4 | DHARMJIT SINGH | 4/2023-2024 | 7762.00 |
| 14 | 3 | '0030000381000A1 | ARJUN SHARMA | 4/2023-2024 | 7251.00 |
| 15 | 2 | '0020000197000M0 | Dev nath ram | 4/2023-2024 | 7403.00 |
| 16 | 6 | '0060000279000A4 | MUNNI CHOUDHARY | 4/2023-2024 | 7380.00 |
| 17 | 7 | '0070000199000A1 | MANIK CHAND SAHU | 4/2023-2024 | 6551.00 |
| 18 | 7 | '0070000205000X3 | SADRUDDIN AHAMAD | 4/2023-2024 | 6494.00 |
| 19 | 7 | '0070000331000A1 | SHIV NATH PRASAD | 4/2023-2024 | 6333.00 |
| 20 | 6 | '0060000641000A5 | GUPTESHWAR VISHWAKARMA | 4/2023-2024 | 7382.00 |
| 21 | 7 | '0070000146000X1 | ANJU DEVI | 4/2023-2024 | 7468.00 |
| 22 | 5 | '0050000064000A1 | ARUN KUMAR GUPTA | 4/2023-2024 | 6309.00 |
| 23 | 11 | '0100000052000A1 | MUNSHI SHARMA | 4/2023-2024 | 6984.00 |
| 24 | 2 | '0020000037000M0 | SANTOSH PRASAD | 4/2023-2024 | 6854.00 |
| 25 | 7 | '0070000230000X4 | VIRENDAR PRASAD | 4/2023-2024 | 6237.00 |
| 26 | 5 | '0050000370000A1 | Virendra Ram | 4/2023-2024 | 6867.00 |
| 27 | 12 | '0120000112000A1 | TETRI KUWAR | 4/2023-2024 | 6319.00 |
| 28 | 7 | '0070000274000X1 | RUSTAM ANSARI | 4/2023-2024 | 6411.00 |
| 29 | 7 | '0070000143000X3 | USHMAN AHAMAD SIDDIQI | 4/2023-2024 | 5651.00 |
| 30 | 3 | '0030000052000A1 | SUMITRA SONI | 4/2023-2024 | 5958.00 |

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत मझिऑव

PR 319946 (Urban Development)23-24*D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, लातेहार

**निविदा रद्द करने की सूचना**

पेयजल जल एवं स्वच्छता प्रमंडल लातेहार का निविदा सूचना सं0– DWSD/LTR/spare Parts-11/2023-24 जो दैनिक समाचार पत्रों में PR No- 319053 Drinking Water and Sanitation (21-22)_D से प्रकाशित है। उक्त निविदा सूचना अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल
लातेहार

PR 319980 Drinking Water and Sanitation (23-24)_D

## कार्यालय नगर पंचायत मझिआँव
Email : nagarpanchayatmanzhiaon@gmail.com

**शुद्धि पत्र**

PR 318830 Urban Development (23-24)_D के द्वारा प्रकाशित अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 42/2023–24 में भाग लेने वाले सभी संवेदकों को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड सरकार के सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग के पत्रांक 211/राँची दिनांक 20.02.2024 के आलोक में बैठक में भाग लेने जाने के कारण निविदा की तिथि को संशोधित किया जाता है, जो निम्न है–

1. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :– दिनांक 27.02.2024 अपराह्न 4:00 बजे तक।
2. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यालय नगर पंचायत मझिआँव।
3. निविदा प्राप्ति का स्थान, तिथि एवं समय :– कार्यालय नगर पंचायत मझिआँव में दिनांक 28.02.2024 को अपराह्न 2:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने का स्थान, तिथि एवं समय:– कार्यालय नगर पंचायत मझिआँव में दिनांक 28.02.2024 को अपराह्न 02:30 बजे से।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत मझिआँव

PR 319948 Urban Development(23-24).D

## झारखण्ड सरकार
### पेयजल एवं स्वच्छता विभाग
ई–प्रोक्योरमेन्ट सूचना

(प्रथम आमंत्रण)

ई–निविदा सूचना संख्या - 07/2023-24

**(शुद्धि पत्र)**

इस कार्यालय द्वारा विज्ञापित ई– निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–07/2023–24 का PR No-318695 Drinking water and Sanitation (23-24)D में संशोध किया गया है जो निम्नवत है–

1. निविदा प्राप्ति (ऑनलाईन बिडींग) की अंतिम तिथि–22.02.2024 के स्थान तिथि–04.03.2024 पढ़ा जाये।
2. विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन का राशि ऑलाईन जमा करने का अंतिम तिथि 22.02.2024 के स्थान तिथि–04.03.2024 पढ़ा जाये।
3. तकनीकी बिड खोलने की अंतिम तिथि–22.02.2024 के स्थान तिथि–05.03.2024 पढ़ा जाये।

नोट :– अन्य सभी जानकारी तथा शर्ते पूर्ववत रहेंगें।

(मयंक कुमार भगत)
कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वचछता यांत्रिक प्रमंडल, धनबाद।

PR 320046 Drinking Water and Sanitation(23-24)D

## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
### SOIL INVESTIGATION DIVISION, ADVANCE PLANNING, ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT,RANCHI
Nirupan Bhawan,3rd Floor, Room No. 401, 56-Set, Doranda, Ranchi-834002

**e-Procurement (Very Short Tender Notice)**

Letter of Invitation (LOI) No.-28/2023-24

2nd Call

e-Tender Ref No:–RCD/SID/AP/RAN/28/2023-24 Date:-21.02.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name Of Work | Consultancy Services for Preparation of Detailed Project Report (DPR) for strengthening and wideningof road from(1) Pratapur to Kunda road(Tentative Length-12km) (2) Pachmo more to Paroka more(Itkhori) (Tentative Length -07km) (3)Bagra (NH-99) to Lawalong Road(Tentative Length -16km) including Replacement of Culverts and Bridges, Proposal for Construction of new Culverts, Bridges, ROB's, RUB's. Complete Land Acquisition Proposal including Ownership details all complete as per latest guidelines. Resettlement and Rehabilitation Proposal. Forest Diversion Proposal and Proposal of Utility Shifting in details etc. as required by the Department (If any) under Road Division Chatra in the State of Jharkhand. (Tentative length - 35.00km) *Empanelled consultant with RCD under category-I vide letter No. 3063(S) WE Dated 22.08.2022are allowed to Bid. |
| 2 | Tentative Length | 35.00 km |
| 3 | Period of Completionof Work | 60 Days |
| 4 | Cost of Tender documents | Rs 5,000/- (Five Thousand) only. Non refundable Fee.Tender fee will be recived through online mode only. The quotationers have to deposit a fixed amount of Rs 45,000 as Earnest Money. As per the Departmental Letter no. 4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and Earnest Perothen Deposit be received in online mode only through e procurement (http://jharkhandtenders.gov.in) by internet banking/NEFT/RTGSfacility as per Standard Operating sistim Procedure (SOP) issued by Information Technology & e-Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no 120 dated 03.10.2023. |
| 5 | Mode of Bid Submission | e-tendering(http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 6 | Date/Time of Publication of Tender on Website | 23.02.2024,10:30 AM |
| 7 | Last Date/Time of Bid Submission | 29.02.2024 12:00PM |
| 8 | Last Date/Time of Submission of Tender Fee & EMD | 29.02.2024 12:00PM |
| 9 | Date and Time of Bid opening | 01.03.2024 12:30 PM |
| 10 | Bid validity | 120 days |
| 11 | Bid Submission Address | Chief Engineer(Communication),Road Construction Department,1st Floor, Engineer Hostel No.-2, Dhurwa, Ranchi-834004 |
| 12 | Designation and Contact no. of Tender inviting Officer | Executive Engineer, Soil Investigation Division,Advance Planning,RCD, Ranchi Mob-9905660677. |
| 13 | P.R.NO.- | 317471 Road (2023-24) |

Note:-Only e-Tender shall be accepted.

Sd/-
(Ravi Shankar Pravakar)
Executive Engineer,
Soil Investigation Division, Advance Planning,
Road Construction Department,Ranchi.

PR 319919 (Road) 23-24 (D)

## कार्यालय नगर परिषद्, चतरा
### पुराना कचहरी के समीप, चतरा (झारखण्ड)– 825401

पत्रांक– 249/न0प0, दिनांक– 22/02/2024

**संविदा के आधार पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन**

विज्ञापन संख्या– **02/2024** आवेदन जमा करने हेतु अंतिम तिथि:– 01.03.2024

नगर परिषद्, चतरा के अधीन पॉली क्लीनिक/U-HWC हेतु निम्नलिखित पदों पर ग्यारह माह की अवधि के लिए संविदा के आधार पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

| क्रमांक | पद का नाम | कुल रिक्तियाँ |
|---|---|---|
| 01 | MPW | 01 |

नोट:– रिक्तियाँ आवश्यकतानुसार घटायी या बढ़ाई जा सकती है।
1. सभी तरह से विहित प्रपत्र में पूर्ण आवेदन को लिफाफे में निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट से कार्यालय नगर परिषद्, चतरा के कार्यालय में दिनांक– 01.03.2024 अपराह्न 05:00 बजे तक जमा कराया जा सकता है।
2. उक्त नियुक्ति संबंधित अन्य शर्तें, अहर्त्ता, आवेदन शुल्क, आयु, आवेदन प्रपत्र एवं मानदेय इत्यादि का विवरण नगर परिषद्, चतरा के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

प्रशासक,
नगर परिषद्, चतरा।

PR.NO.320006 Urban Development(23-24):D

## उपायुक्त का कार्यालय, (समाज कल्याण शाखा), लातेहार।

**आम सूचना**

कार्यालय पत्रांक 260 दिनांक 12.10.2023 एवं विभागीय संकल्प संख्या 860 दिनांक 31.03.2023 के आलोक में मिशन वातसल्य योजना अंतर्गत समेकित बाल संरक्षण सेवाएं के तहत जिला स्तर पर संविदा के आधार पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन का प्रकाशन कराया गया था। उक्त आलोक में उपायुक्त, लातेहार के आदेशानुसार पदवार नियुक्ति हेतु विभिन्न आवेदकों के द्वारा प्राप्त आवेदनों की स्क्रुटनी का कार्य त्रिस्तरीय कार्यपालक दण्डाधिकारीयों की कमिटि के स्तर से किया गया है, एवं प्रारंभिक मेधा सूची तैयार की गयी है।

प्रकाशित विज्ञापन में निहित दिशा–निदेश एवं वांछित अहर्ताओं के तहत आवेदकों के द्वारा पदवार समर्पित आवेदन के आलोक में प्रारंभिक मेधा सूचि का प्रकाशन जिले के एन0आई0सी0 के वेबसाईट www.latehar.nic.in के माध्यम से कराया जा रहा है।

किसी भी आवेदक को प्रकाशित प्रारंभिक मेधा सूचि में यदि किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो आवेदक विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 07 कार्यदिवसों के अंदर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपना दावा आपत्ति पत्र के माध्यम से स्वयं उपस्थित होकर या डाक के माध्यम से भेज कर प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि समाप्ति के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा, तत्पश्चात् पदवार नियुक्ति हेतु अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,
लातेहार।

PR 319962 (Welfare) 23-24 (D)

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं0–02,गढ़वा

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/GARHWA/16/2023-24

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्रशासनिक स्वी0 की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा जिला के मेराल प्रखण्ड अन्तर्गत गढ़वा– चिनियाँ मुख्य पथ में भूईयाँ टोला (तिसरटेटुका) पथ के चैनेज 1010 मी0 पर पड़ने वाला बबई नदी पर पुल निर्माण। | 1,66,79,100.00 | 3,34,000.00 | 10000.00 | 15 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 27.02.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय दिनांक–27.02.2024 से दिनांक–14.03.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सं0–02,गढ़वा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय–16.03.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं0–02,गढ़वा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० –7004019730 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02, गढ़वा

PR 319938 Rural Development(23-24)#D

## झारखण्ड सरकार
## पेयजल एवं स्वच्छता विभाग
## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा

**अतिअल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेन्ट सूचना (2nd Call)**

निविदा सूचना संख्या–**CTR/STATE_PLAN/DT/24/2023-24** दिनांक – 22.02.2024

A — Name of Work :- Construction of 125/115 mm dia 70m/90m/120m Mtrs D/T, Deep D/T, Extra Deep Drilled Tube Well with installation of India mark II (IS 15500 Part – 2/2004) Hand pump with 32 mm dia.GI Medium class riser pipe by Truck mounted DTH RIG machine with 125mm dia blue casing UPVC pipe with drain, platform on "TurnKey Basis" Under D.W.&S. Division, Chatra for the Year 2023-24 (Under State Plan)

| | ग्रुप संख्या | ड्रिल्ड नलकूप संख्या | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | DT/70M/CTR/01 | 100 Nos. | 89.17741 | 1.80 | 10,000/- | 180 Days |
| 2 | DT/70M/CTR/03 | 100 Nos. | 89.17741 | 1.80 | 10,000/- | 180 Days |
| 3 | DT/70M/CTR/04 | 100 Nos. | 89.17741 | 1.80 | 10,000/- | 180 Days |
| 4 | DT/70M/CTR/05 | 100 Nos. | 89.17741 | 1.80 | 10,000/- | 180 Days |
| 5 | DT/70M/CTR/06 | 100 Nos. | 89.17741 | 1.80 | 10,000/- | 180 Days |
| 6 | DT/70M/CTR/07 | 63 Nos. | 56.18177 | 1.13 | 10,000/- | 115 Days |
| 7 | DEEP-DT/90M/CTR/01 | 98 Nos. | 99.16226 | 2.00 | 10,000/- | 180 Days |
| 8 | DEEP-DT/90M/CTR/03 | 98 Nos. | 99.16226 | 2.00 | 10,000/- | 180 Days |
| 9 | DEEP-DT/90M/CTR/05 | 98 Nos. | 99.16226 | 2.00 | 10,000/- | 180 Days |
| 10 | DEEP-DT/90M/CTR/06 | 88 Nos. | 89.04367 | 1.80 | 10,000/- | 160 Days |
| 11 | EXTRA DEEP-DT/120M/CTR/01 | 55 Nos. | 71.47265 | 1.43 | 10,000/- | 100 Days |
| 12 | EXTRA DEEP-DT/120M/CTR/02 | 55 Nos. | 71.47265 | 1.43 | 10,000/- | 100 Days |
| 13 | EXTRA DEEP-DT/120M/CTR/03 | 54 Nos. | 70.17314 | 1.41 | 10,000/- | 100 Days |

| | | |
|---|---|---|
| B | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 23.02.2024 समय 04:00 बजे अपराहन तक |
| C | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय | 29.02.2024 समय 05:00 बजे अपराहन तक |
| D | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई0–गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक–120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राषि Online जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 29.02.2024 समय 05:00 बजे अपराहन तक |
| E | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय | 01.03.2024 समय 05:00 बजे पुर्वाहन तक |
| F | तकनीकी बिड खोलने का स्थान | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा। |
| G | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम/पदनाम | ई0 अजय कुमार सिंह कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा। |
| H | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलिफोन संख्या | 9431325479, 9931972161 एवं 06541–253273 |
| I | ई–प्रोक्यूरमेन्ट सेल का हेल्प लाईन नं0 | 0651–2480345 |

नोट – केवल ई निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
अधिक जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

(ई0 अजय कुमार सिंह)
कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा

PR 319966 Drinking Water and Sanitation(23-24).D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
### भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, चतरा।

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना–**N.I.T. No.-15/2023-24**

**पत्रांक:–155 दिनांक :–22.02.2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, चतरा। |
| 2. | परिमाणविपत्र की बिकी की तिथि– | 28.02.2024 के अपराह्न 1.00 (एक) बजे तक। |
| 3. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | 29.02.2024 के अपराह्न 3.00 (तीन) बजे तक। |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 29.02.2024 के अपराह्न 3.30 (साढ़े तीन) बजे। |
| 5. | परिमाण विपत्र विकी का स्थान | 1. कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल, चतरा। 2. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय भवन अंचल, हजारीबाग। |
| 6. | निविदा प्राप्ति का स्थान | 1. कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल, चतरा। 2. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय भवन अंचल, हजारीबाग। |
| 7. | कार्य की विवरणी | |

| कम सं0 | कार्य का नाम | प्रा0 राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of District Intelligence oOffice at S.P. Residence at Chatra | 21,25,500.00 | 43000.00 | 5000.00 | 04Months |

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, चतरा।

PR 320016 Building(23-24)D

## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
### ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, लातेहार

**ई- निविदा आमंत्रण सूचना**

अल्पकालीन ई–पुनर्निविदा संख्या :– 02/R1/2023-24/EE/RWD/LATEHAR दिनांक : 21.02.2024

| क्र0 | आईडेंटी फिकेशन सं0/पैकेज सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की तिथि | टेन्डर कॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/LATEHAR2/SRPKG-16/2023-24 | (1) पी0डब्लू0डी0 रोड से गुमला बार्डर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई – 2.250 कि0मी0)<br>(2) पी0डब्लू0डी0 रोड से करकट तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई – 6.900 कि0मी0)<br>(3) पी0डब्लू0डी0 रोड आराहंस से ग्राम माईल तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई – 5.500 कि0मी0)<br>(4) पी0डब्लू0डी0 रोड से केवरकी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई – 6.600 कि0मी0) | 1292.093 | रू0 बारह करोड़ बानवे लाख नौ हजार तीन सौ रूपये मात्र। | 15 माह | द्वितीय |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 26.02.2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 05.03.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 07.03.2024 अपराह्न 03:30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, लातेहार पिन – 829206।
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 – 06565245038

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमण्डल, लातेहार

PR 319990 Rural Development (23-24)_D

## उपायुक्त -सह- जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा
### (खनन शाखा)

ज्ञापंक ................../एम0 दिनांक ....................

**निर्माणाधीन समाहरणालय परिसर में निर्माण के दौरान तोडे गए भण्डारित पत्थर खनिज का आम निलामी हेतु सूचना :–**

एतद् द्वारा सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि लोहरदगा जिलान्तर्गत निमार्णाधीन समाहरणालय परिसर, लोहरदगा में निर्माण के दौरान तोड गए भण्डारित पत्थर लगभग 5223.92 घनमीटर को The Jharkhand minerals (Prevention of illegal mining transportation and Storage ) Rule 2017 के नियम 11 (v) के तहत Confiscate case no.- 06/2023-24 में दिनांक 13.02.2024 को नीलामी कराने का आदेश पारित किया गया है। उक्त जप्त खनिज की नीलामी दिनांक **04.03.2024** को समय **11:00** बजे पूर्वाहन्/अपराह्न में लोहरदगा समाहरणालय के सभाकक्ष में लोक निलामी के माध्यम से कराई जाएगी।

खनिज की विवरणी निम्नवत है :–

| क्रम | खनिज भण्डारण स्थल | भण्डारित खनिज का नाम | भण्डारित खनिज की मात्रा लगभग | सुरक्षित जमा राशि (रूपया में) | सुरक्षित जमा राशि का 10% प्रतिभूति राशि (रूपया में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | निर्माणाधीन समाहरणालय परिसर | पत्थर | 5223.92 घनमीटर | 3395548/– | 339555/– |

**लोक–नीलामी की प्रक्रिया एवं शर्ते :–**

(1) नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक व्यक्ति/संस्था को निर्धारित सुरक्षित जमा राशि का दस प्रतिशत प्रतिभूति राशि 339555/– रू0 जिला खनन पदाधिकारी लोहरदगा के पदनाम से रेखांकित बैंक ड्रॉफ्ट एवं अन्य आवश्यक कागजात नीलामी की तिथि से तीन दिन पूर्व कार्यालय अवधि में जमा करना होगा। अन्यथा व्यक्ति/संस्था डाक में भाग लेने से वंचित कर दिये जायेंगे। सफल डाकवक्ता के प्रतिभूति रकम को छोडकर अन्य डाकवक्ता द्वारा जमा प्रतिभूति राशि का बैंक ड्रॉफ्ट नियमानुसार वापस कर दिया जायगा।

(2) नीलामी में बोली गयी उच्चतम डाक की राशि का 10% (दस प्रतिशत) में से प्रतिभूति राशि को छोडकर शेश राशि नीलामी प्रक्रिया समाप्ति के उपरान्त या उपायुक्त/प्राधिकृत प्रतिनिधि द्वारा निदेश दिये जाने पर नीलामी की तिथि को ही ऑनलाईन जिम्स के माध्यम से भुगतान कर रसीद जमा करना होगा। शेश राशि का भुगतान निलामी की तिथि से तीन दिनों के अन्दर करना होगा। निलामी की राशि का भुगतान करने में असफल रहने की स्थिति में भुगतान की गई राशि (प्रतिभूति राशि) को जप्त कर ली जायेगी एवं दूसरे नम्बर के डाकवक्ता को उच्चतम डाक की राशि पर सहमति हेतु प्रस्ताव दिया जायेगा एवं उनके समर्थन या स्वीकार होने की स्थिति में यह नीलामी उनके पक्ष में घोशित किया जायेगा।

(3) नीलामी के उपरांत उच्चतम डाक की राशि के पूर्ण भुगतान के पश्चात ही सफल डाकवक्ता के पक्ष में सुसंगत नियमों के तहत आदेश सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्गत किया जायेगा।

(4) उक्त आदेश निर्गत होने के उपरांत उच्चतम डाकवक्ता के मांग किये जाने पर खनिज के उठाव/ प्रोण हेतु JIMMS PORTAL पर अस्थाई आई0डी0 सृजित किया जायेगा।

(5) उक्त खनिज का उठाव/प्रेशण JIMMS Portal से निर्गत परिवहन चालान के माध्यम से चालान निर्गत होने की तिथि से 60 दिनों के अंदर अनिवार्य रूप से कर लेना होगा। विशेश परिस्थिति में कारणों सहित लिखित आवेदन पर समीक्षोपरांत खनिज उठाव की अवधि विस्तार पर निर्णय लिया जायेगा।

(6) बन्दोबस्ती के पश्चात् खनिज का प्रेशण करने में किसी प्रकार का अड़चन यथा पहुँच पथ वगैरह या किसी अन्य कारणवश नीलामीधारी, नीलामी किये गये खनिज का प्रेशण नहीं कर पाते हैं, तो इसकी पूरी जिम्मेवारी नीलामीधारी की होगी तथा भुगतान की गयी राशि के विरूद्व किसी भी प्रकार का दावा/कटौती मान्य नहीं होगा।

(7) खनिज निश्कासन के क्रम में यदि रैयती भूमि का उपयोग किया जाता है तो उसकी क्षतिपूर्ति का भुगतान नीलामीधारी द्वारा ही किया जायेगा।

(8) अन्य शर्त एवं बंधेज झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली 2004 (सभी संशोधनों सहित) एवं The Jharkhand Minerals (Prevention of illegal Mining, Transportation & Storage) Rule 2017 के प्रावधानों के अनुसार होगा।

(9) नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक व्यक्ति/संस्था दिनांक **02.03.2024** को समय **2:00** बजे पूर्वाहन्/अपराह्न तक जिला खनन कार्यालय, लोहरदगा में आवेदन दाखिल कर सकते हैं। आवेदन के साथ निम्नलिखित वांछित कागजात स्व–अभिप्रमाणित कर संलग्न करना अनिवार्य होगा।

| | |
|---|---|
| (क) | सुरक्षित जमा राशि का दस प्रतिशत राशि का डिमाण्ड ड्रॉफ्ट जिला खनन पदाधिकारी, लोहरदगा के पद नाम से निर्धारित प्रतिभूति रकम के रूप में। |
| (ख) | पैन कार्ड एवं अद्यतन आयकर रिर्टन की छाया प्रति। |
| (ग) | आधार कार्ड की छाया प्रति। |
| (घ) | पासपोर्ट साईज का फोटो एक प्रति। |
| (ङ) | आवेदक संस्था होने की स्थिति में PAN Card एवं आयकर रिटर्न संस्था की होगी, साथ ही संस्था के निदेशक/प्रोपराईटर का आधार कार्ड, फोटो, PAN Card एवं आयकर रिटर्न भी आवेदन के साथ देना होगा। |
| (च) | आवेदन के साथ इस आशय का शपथ पत्र जमा करना होगा कि आवेदक पूर्व से खनन पट्टा धारक है अथवा नहीं। यदि हैं तो खनन बकाया से संबंधित स्वामिस्व स्वच्छता प्रमाण पत्र भी जमा करेगें। |
| (छ) | चरित्र प्रमाण पत्र की छायाप्रति। |

नोट :– विशेष जानकारी के लिए जिला खनन कार्यालय, लोहरदगा में किसी भी कार्य दिवस में सपंर्क किया जा सकता है।

ह/0
उपायुक्त, लोहरदगा

PR 320003 Lohardaga (23-24)_D

**एक सज्जन व्यक्ति का यही लक्षण है कि वह न तो किसी को अपने से कमजोर और न ही किसी को अपने से अधिक ताकतवर समझता है : अज्ञात**



# सवाल मातृभाषा का!

आजकल भारत में रोटी कपड़ा और मकान की लड़ाई भले गरीब लोग लड़ रहे हों पर कभी गरीब रहे लोग अब पहचान की लड़ाई लड़ रहे हैं क्योंकि यह उनके अस्तित्व से जुड़ा है । लगभग दो हजार साल तक गुलाम रहा भारत और इसका सीधा असर भाषा और बोलियों पर पड़ा । जिन लोगों ने गुलाम बनाया उन्होने अपनी भाषा का वर्चस्व बनाए रखने के लिए अपनी भाषा को राजभाषा बनवाया और भारतीय भाषा बोलियों की उपेक्षा की जिसका असर यह हुआ कि भारत की बोलियाँ आधुनिकता के नाम पर लुप्त होती चली गईं और भाषाएँ भी हाशिए पर चली गईं । झारखंड की बात करें तो अनेक जनजातीय भाषाओं के बोलने वाले इसे उपेक्षित कर अंग्रेजी को अपना चुके हैं जिससे उनका सिर्फ सरनेम बचा है ।यूनेस्को द्वारा हर वर्ष 21 फरवरी को विश्व मातृभाषा दिवस मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य है कि विश्व में भाषाई एवं सांस्कृतिक विविधता और बहुभाषिता को बढ़ावा देना। मातृभाषा के माध्यम से इंसानों को आपस में जोड़ना एवं सौहार्द स्थापित करना। यूनेस्को द्वारा अन्तरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस की घोषणा से बांग्लादेश के भाषा आन्दोलन दिवस को अन्तरराष्ट्रीय स्वीकृति मिली, जो बांग्लादेश में सन 1952 से मनाया जाता रहा है। बांग्लादेश में इस दिन एक राष्ट्रीय अवकाश होता है। 2008 को अन्तरराष्ट्रीय भाषा वर्ष घोषित करते हुए, संयुक्त राष्ट्र आम सभा ने अन्तरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के महत्व को फिर दोहराया है। 2024 की थीम ह्यबहुभाषी शिक्षा अंतर-पीढ़ीगत शिक्षा का एक स्तंभ हैह्न। आज 250 मिलियन बच्चे और युवा अभी भी स्कूल नहीं जाते हैं और 763 मिलियन वयस्क बुनियादी साक्षरता कौशल में निपुण नहीं हैं। विश्व के विभिन्न क्षेत्रों की विविध संस्कृतियों एवं बौद्धिक विरासत की रक्षा करना तथा मातृभाषाओं का संरक्षण करना एवं उन्हें बढ़ावा देना इस दिवस का उद्देश्य है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, हर दो सप्ताह में एक भाषा विलुप्त हो जाती है और विश्व एक पूरी सांस्कृतिक और बौद्धिक विरासत खो देता है।जन्म लेने के बाद मानव जो प्रथम भाषा सीखता है उसे उसकी मातृभाषा कहते हैं, वही व्यक्ति की सामाजिक एवं भाषाई पहचान होती है। मातृभाषा एक ऐसी भाषा होती है जिसे सीखने के लिए उसे किसी कक्षा की जरूरत नहीं पड़ती। लेकिन मानव समाज में कई दफा हमें मानवाधिकारों के हनन के साथ-साथ मातृभाषा के उपयोग को गलत भी बताया जाता रहा है। ऐसी ही स्थिति पैदा हुई थी 21 फरवरी 1952 को बांग्लादेश में जब 1947 में भारत के विभाजन के बाद पाकिस्तान ने पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) में उर्दू को राष्ट्रीय भाषा घोषित कर दिया था। लेकिन इस क्षेत्र में बांग्ला और बंगाली बोलने वालों की अधिकता ज्यादा थी और 1952 में जब अन्य भाषाओं को पूर्वी पाकिस्तान में अमान्य घोषित किया गया तो ढ़ाका विश्वविद्यालय के छात्रों ने आंदोलन छेड़ दिया। आंदोलन को रोकने के लिए पुलिस ने छात्रों और प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलानी शुरू कर दी जिसमें कई छात्रों की मौत हो गई। अपनी मातृभाषा के हक में लड़ते हुए मारे गए शहीदों की ही याद में मातृभाषो दिवस मनाया जाता है। आज विश्व में ऐसी कई भाषाएं और बोलियां हैं जिनका संरक्षण आवश्यक है।

**मातृभाषा के माध्यम से इंसानों को आपस में जोड़ना एवं सौहार्द स्थापित करना। यूनेस्को द्वारा अन्तरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस की घोषणा से बांग्लादेश के भाषा आन्दोलन दिवस को अन्तरराष्ट्रीय स्वीकृति मिली, जो बांग्लादेश में सन 1952 से मनाया जाता रहा है। बांग्लादेश में इस दिन एक राष्ट्रीय अवकाश होता है। 2008 को अन्तरराष्ट्रीय भाषा वर्ष घोषित करते हुए, संयुक्त राष्ट्र आम सभा ने अन्तरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के महत्व को फिर दोहराया है।**

इन दिनों

# किसानों को बाजार की जरुरत, दान की नहीं!



संजीव चोपड़ा

**पिछले** तीन भारत रत्न वास्तव में भारत के किसानों की उद्यमशीलता की भावना का सम्मान है। भारत रत्न पाने वाली तीनों हस्तियां- दो पूर्व प्रधानमंत्रियों चरण सिंह और पीवी नरसिम्हा राव के साथ-साथ हरित क्रांति के जनक वैज्ञानिक प्रशासक डॉ. एम.एस. स्वामीनाथन- कृषि के साथ-साथ किसानों के कल्याण से गहराई से जुड़ी थीं और इसके प्रति व्यक्तिगत रूप से प्रतिबद्ध थीं। स्वामीनाथन का योगदान काफी जाना-माना है, लेकिन उस राजनीतिक अर्थव्यवस्था के संदर्भ को समझना भी उतना ही महत्वपूर्ण है जिसमें हरित क्रांति सफल रही थी। यह चरण सिंह ही थे जिन्होंने नेहरू को सोवियत और चीन के तरीके की 'सामूहिक खेती' के नुकसान से अवगत कराया था। उनका स्पष्ट मानना था कि किसान पूरी तरह से स्वतंत्र खेतिहर हैं और वे 'लैंड पूलिंग एवं सहकारी खेती' की किसी भी केंद्रीकृत योजना के सख्त विरोधी हैं। 'लैंड पूलिंग और सहकारी खेती' की अवधारणा से तत्कालीन योजना आयोग अभिभूत था। पीवी नरसिम्हा राव के कार्यकाल के दौरान भारत विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में शामिल हुआ और कृषि संबंधी समझौते (एओए) पर हस्ताक्षर किये। इस कदम ने भारत की कृषि को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बना दिया। उससे पहले, भारत की नीतिगत व्यवस्था आयात को प्रतिबंधित करने की थी। श्री राव के अधीन, भारत कृषि निर्यात को विदेशी मुद्रा अर्जित करने वाला एक महत्वपूर्ण जरिये के रूप में देखने लगा। एपीडा को बजटीय और संस्थागत समर्थन प्रदान करके, उन्होंने भारतीय कृषि को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनने में मदद की। हालांकि, कृषिगत वस्तुओं का घरेलू व्यापार प्रतिबंधात्मक व्यापार व्यवस्थाओं के जरिये ही संचालित होता रहा जो खरीद एजेंसियों और एपीएमसी के पंजीकृत व्यापारियों के लिए तो अच्छा था, लेकिन किसानों के लिए नहीं। लेकिन संभवतः उनके द्वारा किया गया सबसे सार्थक नीतिगत उपाय 1994 में छोटे किसानों का कृषि व्यवसाय संघ (एसएफएसी) की स्थापना करना था। इस संगठन को अब कृषि के लिए राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक बाजार की स्थापना का जिम्मा सौंपा गया है। यह सब आठ साल पहले बैसाख प्रथम (14 अप्रैल) को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई एक परिवर्तनकारी पहल की पृष्ठभूमि और संदर्भ प्रदान करता है। यहां संदर्भ- एसएफएसी समर्थित इलेक्ट्रॉनिक राष्ट्रीय कृषि बाजार (ई-नाम) पहलः 'फिजिटल (फिजिकल प्लस डिजिटल) बाजार' का है। यह फिजिकल बैकएंड वाला एक सिंगल विंडो पोर्टल है, जो कार्रवाई योग्य जानकारी, भौतिक बुनियादी ढांचा, व्यापार के विकल्प और भुगतानों का इलेक्ट्रॉनिक निपटान प्रदान करता है। मौजूदा समय में, एसएफएसी की इसी पहल की बदौलत, 10.7 मिलियन किसानों को 23 राज्यों और 4 केंद्र-शासित प्रदेशों के 1389 विनियमित थोक बाजारों में अपने मोबाइल फोन पर अपनी भाषा में लेनदेन करने की स्वतंत्रता, लचीलापन और सुविधा प्राप्त है। राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों द्वारा 1.7 लाख अन्य एकीकृत लाइसेंस जारी किये गये हैं, लेकिन इससे भी अधिक महत्वपूर्ण 3500 किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) की सक्रिय भागीदारी है- उनके लेनदेन इस मंच के लिए दृढ़ समर्थन प्रदर्शित करते हैं। जनवरी 2024 तक इस प्लेटफॉर्म पर 3 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा राशि का कारोबार हो चुका था। इस सफल उपाय की पृष्ठभूमि साझा करना जरूरी है। उल्लेखनीय है कि पचास के दशक में जब एपीएमसी की शुरूआत हुई थी, तो किसानों को संकटकालीन बिक्री से सुरक्षा की आवश्यकता थी। एपीएमसी को एमएसपी व्यवस्था के तहत राज्य एजेंसियों द्वारा 'मूल्य खोज' सुनिश्चित करने और खरीद के लिए एक मंच प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया था। हालांकि, इस प्रक्रिया में, उन्होंने बिचौलिये-व्यापारी का एक विशेष वर्ग भी तैयार कर दिया, जिसके पास अधिसूचित कमान क्षेत्र के साथ विशेष मंडी में काम करने का लाइसेंस हुआ करता था। हालांकि, जैसे-जैसे भारत एक आईटी महाशक्ति बना और कृषि, किसान के पास से उत्पादन के मार्केट मोड में चली गई, व्यापार के प्रतिबंधात्मक नियमों को बदलने की आवश्यकता महसूस हुई। एसएफएसी जैसे संस्थानों की स्थापना सीमांत और छोटे किसानों के व्यापार की शर्तों में सुधार लाने के लिए प्रौद्योगिकियों और वित्तीय साधनों का लाभ उठाने के लिए की गई थी। कृषि व्यवसाय उद्यमियों को उद्यम पूंजी निधि प्रदान करने से लेकर बुनियादी ढांचा तैयार करने तक, एसएफएसी ने एफपीओ की स्थापना, मार्केट इंटेलिजेंस, भंडारण और खरीद समर्थन की दिशा में नवोन्मेषी पहल की। कोई अचरज की बात नहीं कि ई-नाम की स्थापना का दायित्व भी एसएफएसी को सौंपा गया। शुरूआत करने के लिए, कृषि मंत्रालय ने उन नियंत्रित मंडियों में उपकरण/ बुनियादी ढांचे जैसे कंप्यूटर हार्डवेयर, इंटरनेट सुविधा, परख उपकरण आदि के लिए प्रति मंडी 30 लाख रुपये का अनुदान दिया जहां ई-मार्केट प्लेटफॉर्म की स्थापना होनी है। सफाई, ग्रेडिंग और पैकेजिंग सुविधाओं तथा बायो कंपोस्टिंग यूनिट जैसी अतिरिक्त बुनियादी सुविधाओं के निर्माण के लिए इसे 2017 में बढ़ाकर 75 लाख रुपये कर दिया गया। वहीं पहले तीन वर्षों में, लगभग 200 मंडियों को इसके दायरे में लाया गया था, मई 2020 तक 415 मंडियों, जुलाई 2022 तक 260 और मंडियों, मार्च 2023 तक 101 और मंडियों तथा पिछले कैलेंडर के अंत तक 28 मंडियों के साथ गति बढ़ी। यह संख्या हर तिमाही में बढ़ रही है! नीति बनाना आसान हिस्सा है। वास्तविक और आईटी बुनियादी ढांचे का निर्माण अधिक कठिन है। सबसे कठिन काम है इसे जमीन पर कारगर बनाना। प्रारंभिक हैंडहोल्डिंग के लिए, एसएफएसी एक आईटी विशेषज्ञ (मंडी विश्लेषक) की पहचान करता है और उसका समर्थन करता है ताकि ई-नाम के साथ जुड़ी प्रत्येक मंडी की एक वर्ष की अवधि के लिए प्रारंभ में लगातार मदद की जा सके। वे राज्य समन्वयकों को रिपोर्ट करते हैं, जिनमें से प्रत्येक 50 मंडियों का दिन-प्रतिदिन तालमेल बिठाते हैं। वे ई-नाम प्रणाली में सभी हितधारकों- किसानों, व्यापारियों, कमीशन एजेंटों और मंडी अधिकारियों को निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए भी जिम्मेदार हैं। आगे क्या? अपनी उपलब्धियों पर संतुष्ट होने के बजाय, ई-नाम नये और उच्च मानक स्थापित कर रहा है। इसके संशोधित अधिदेश में किसानों को प्रतिस्पर्धी मूल्य प्राप्ति सुनिश्चित करने के लिए एपीएमसी/ विनियमित बाजार समिति मंडियों से परे मंच खोलकर ई-नाम का विस्तार और समेकन शामिल है। गोदाम आधारित बिक्री (डब्ल्यूबीएस) और ई-नाम के माध्यम से जोर दिया जा रहा है। आखिर में, यह मूल्य खोज और बेचने की स्वतंत्रता है जो किसान के लिए अधिक समृद्धि लायेगी।

**(डॉ. संजीव चोपड़ा पंजाब के रहने वाले एक सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी हैं और लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी के पूर्व निदेशक हैं। व्यक्त किये गये विचार उनके निजी हैं)**

**'लैंड पुलिंग और सहकारी खेती' की अवधारणा से तत्कालीन योजना आयोग अभिभूत था। पीवी नरसिम्हा राव के कार्यकाल के दौरान भारत विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में शामिल हुआ और कृषि संबंधी समझौते (एओए) पर हस्ताक्षर किये। इस कदम ने भारत की कृषि को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बना दिया। उससे पहले, भारत की नीतिगत व्यवस्था आयात को प्रतिबंधित करने की थी। श्री राव के अधीन, भारत कृषि निर्यात को विदेशी मुद्रा अर्जित करने वाला एक महत्वपूर्ण जरिये के रूप में देखने लगा। एपीडा को बजटीय और संस्थागत समर्थन प्रदान करके, उन्होंने भारतीय कृषि को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनने में मदद की।**

## आपकी बात

### उत्कृष्ट संपादकीय



दिलीप कुमार

संपादकीय शीर्षक 'राजनीति विकास की हो सत्ता की नहीं' के माध्यम से बिलकुल सटीक टिप्पणी की गई है। वस्तुतः राजनीति राज -काज चलाने की नीति ही नहीं शासन की एक श्रेष्ठ कला भी है। इसलिए राजनीति का स्वरुप व्यक्तिगत स्वार्थ से ऊपर उठकर लोक कल्याणकारी होना चाहिए। इसमें आम लोगों की भलाई की भावना निहित होने के साथ साथ राष्ट्र विकास की बात होना चाहिए। लेकिन इसके विपरीत आज राजनीति का विकृत स्वरुप ही दिखाई देता है जिसमे वादों की भरमार है, घोटाले ही घोटाले हैं, कबूतरबाजी के किस्से हैं, आपसी लड़ाई है और निज स्वार्थ के मामले भरे पड़े हैं। इसी का दुष्परिणाम है कि आजादी के इतने सालों बाद भी देश की बड़ी आबादी को ठीक से दो जून की रोटी भी नहीं मिल पा रही है। पहनने को उनके पास कपड़े नहीं है, रहने जो घर नहीं है।वह बुनियादी सुविधाओं से दूर है। छल प्रपंच काआज ऐसा दौर है जिसमे सत्ता के लिए नित नये तिकड़म अपनाये जा रहे हैं। सत्ता के लिए जोड़ तोड़ किया जा रहा है और करोड़ों रूपए की लेन देन की बातें खबरों में सुनने को मिलती हैं।यह सही नहीं है और इससे देश का कुछ भी भला नहीं होनेवाला है। संपादक महोदय ने बच्चों की शिक्षा एवं भाषायी लड़ाई से सम्बंधित भी जायज सवाल उठाये हैं जिसपर सबको गहराई से सोचने की जरुरत है।अगर प्रारंभिक शिक्षा की कमियों को दूर नहीं किया जायेगा तब बेहतर परिणाम कहाँ से मिलेंगे? प्रतिभा को उचित अवसर एवं सम्मान नहीं मिलेगा तब वे निश्चित ही पलायन करेंगे। भाषा के नाम पर लड़ाई भी ठीक नहीं है। मेरा मानना है कि राजनैतिक दलों को व्यक्तिगत स्वार्थ और भ्रष्टाचार से दूर होकर लोक कल्याण एवं समग्र विकास पर अपना ध्यान केंद्रित करना होगा जिससे कि देश का उत्थान हो। सबको उचित अवसर मिले और सभी देश के विकास में सहायक बने। कथनी करनी में आसमान जमीन का अंतर न हो और किये गए वादों को धरातल पर कैसे उतारा जाय, इसपर कार्य करने की जरुरत है। आपराधिक पृष्ठभूमि से जुड़े लोगों को राजनीति से दूर रखने की जरुरत है। सार्थक, सटीक एवं सारगर्भित टिप्पणी के लिए संपादक महोदय को साधुवाद!

**– पोटमा, गढ़वा (झारखण्ड )**

प्रकृति

# खराब न होने दें अपनी माटी का स्वास्थ्य



अरुण कु.दीक्षित

**हम** सबके जीवन में माटी का बड़ा महत्व है। चाहे हम भारत में हों या दुनिया के किसी भी देश में हों, बात जब माटी की होगी तब भारत का ही नाम लेते हैं। अपनी माटी अपनी ही है। हमारे लोकजीवन में बार-बार माटी की बात होती है। कथित आधुनिक सोच ने मिट्टी को डस्ट और एलर्जी वाली वस्तु बताना काफी पहले शुरू किया। इससे माटी के प्रति हमारी अवधारणा भी बहुत हद तक प्रभावित हुई है। पहले घर भी माटी के होते थे। आज भी गांवों में माटी के बहुत सारे घर हैं। यह और बात है कि आर्थिक-सामाजिक परिवर्तन के कारण अब पक्के घर अधिक दिखाई देते हैं। माटी के घरों की पुताई माटी से ही होती थी। नीचे माटी, ऊपर माटी, सब तरफ माटी ही प्रयोग होती रही है। घर में गृहस्थी के नाम पर सबसे अधिक माटी के बर्तन होते थे, जिन्हें हम गगरी, घड़ा ,कलश, मटका, सुराही आदि नाम से जानते हैं। अब गांव और नगर दोनों में सुराही के पानी पर चर्चा होती है। अपने गांव में कुम्हार परिवार माटी के खिलौने, गगरी, कलश, सुराही, मटका, मटकी, दीया, दियाली के अलावा विभिन्न प्रकार माटी के उत्पादों को बनाते थे। अब परम्परा टूट गई। कुम्हार परिवारों के सामने रोजी-रोटी का संकट है। वे उपेक्षा का शिकार हैं। गांव में भी प्लास्टिक की टोंटी वाली बाल्टी पहुंच गई है, जिसे वाटर बैग कहते हैं। माटी के सोंधेपन से हम गांववासी सीधे जुड़े हैं। कोई एक गिलास सुराही, घड़े का पानी पिला दे तो लगता है कि हम अपना बचपन वाला पानी पी रहे हैं। जिन लोगों को माटी के कुएं ,ईंट से बने कुओं का पानी पीने का सौभाग्य मिला, वही उसकी तासीर को आत्मसात कर सकते हैं। मांगलिक कार्यक्रमों विवाह, तिलकोत्सव, (फलदान) मुंडन , छेदन, उपनयन संस्कार में माटी के बर्तन ही प्रयुक्त प्रयोग होते थे। मांड़ौ (मंडप) के नीचे कलश माटी का ही जल भरकर रखा जाता है। रंग-बिरंगे अक्षत लगाये जाते हैं। उसकी सतरंगी छटा हम सबने देखी है । हमें याद है, अस्सी के दशक तक मांगलिक कार्यक्रम में रसगुल्ला, जलेबी, बर्फी और कुल्फी माटी की ही तश्तरियों में ही अतिथियों को परोसी जाती थीं।

**हमारे लोकजीवन में बार-बार माटी की बात होती है। आधुनिक सोच ने मिट्टी को डस्ट और एलर्जी वाली वस्तु बताना काफी पहले शुरू किया। इससे माटी के प्रति हमारी अवधारणा भी बहुत हद तक प्रभावित हुई है।**

## फेसबुक वॉल से




## X - से

Surya Pratap Singh IAS Rtd.
@suryapsingh_IAS

लोकतंत्र में किसी व्यक्ति विशेष की आलोचना यदि घृणा में बदल जाये तो समझो उसके पीछे आलोचक का कदाशय है, निजी खुन्नस है।

यही हाल पूर्व गवर्नर सत्यपाल मलिक का हुआ। जब से उनकी गवर्नरी छिनी, वे PM मोदी की आलोचना करते करते निजी खुन्नस पर उतर आये।

सत्यपाल मलिक घोटालों की बात करते रहे, पुलवामा में सरकार की संलिप्तता के आरोप लगाते रहे लेकिन कोई स्पष्ट साक्ष्य नहीं दे पाये।

विपक्ष के चढ़ाने में आकर बड़बोले बन गये, एहसान-फरामोश होने की सारी सीमाएँ लाँघ गये।

कथित रिलायंस इंश्योरेंस घोटाले में 300 करोड़ रिश्वत की पेशकश की बात उन्होंने ही की थी, आज CBI उसकी जाँच कर रही है, छापे मार रही है तो इसमें इतना हो-हल्ला क्यों?

**अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com**

# पाकिस्तान में उथल-पुथल, भारत रहे चौकस



आरके सिन्हा

**पाकिस्तान** में बीती 8 फरवरी को हुए आम चुनाव के बाद देश में जो एक राजनीतिक स्थिरता की उम्मीद थी, वह फिलहाल तो पूरी तरह खत्म हो गई हैं। पाकिस्तान, जिसकी नियति ही हो गई है हमेशा संकट में रहना अब तो वह अराजकता की चपेट में है और भारी मुश्किल की स्थिति में दिखाई दे रहा है। हालांकि लंबी कवायद के बाद पाकिस्तान मुस्लिम लीग ( नवाज) और पाकिस्तान पीपल्स पार्टी ने देश में मिल कर सरकार बनाने का फैसला कर लिया है। फिलहाल राजनीतिक विश्लेषकों, पत्रकारों और आमजन को कुछ समझ नहीं आ रहा कि देश किस दिशा में जा रहा है। हर कोई अनभिज्ञ सा ही दिख रहा है। चुनाव के नतीजों ने पाकिस्तानी सेना के मोटी तोंद वाले जनरलों को उनकी औकात दिखा दी है। उनके लाख चाहने के बावजूद नवाज शरीफ की मुस्लिम लीग को जनता ने बहुमत नहीं दिया। नवाज शरीफ लंदन से इसी उम्मीद में पाकिस्तान वापस आये थे कि उन्हें फिर से पाकिस्तान का प्रधानमंत्री बनने का मौका मिल जायेगा। जाहिर है,पाकिस्तानी अवाम चुनाव नतीजों से हताश और अवाक है। चुनावों के नतीजों में कसकर धांधली हुई है। जनता को अब देश में राजनीतिक स्थिरता की कोई उम्मीद भी नहीं है। अफसोस देखिये कि जिन्हें जनता ने नकारा वे ही सरकार बनाने जा रहे हैं। दरअसल चुनाव में खंडित जनादेश आने के बाद एक के बाद एक वहां विवादों को ही जन्म मिला। खासकर चुनाव में अनियमितताओं के व्यापक आरोपों के कारण। मतदान में धोखाधड़ी के खिलाफ देशभर में विरोध प्रदर्शन जारी है और बलूचिस्तान का जनजीवन लगभग ठप पड़ा हुआ है। वहां पर चुनाव से पहले धमाकों की झड़ी सी लग गई थी। इसके साथ ही, रावलपिंडी के चुनाव आयुक्त ने चुनावों में धांधली के गंभीर आरोप लगाये हैं। इसके बाद तो चुनाव की विश्वसनीयता पर और सवाल खड़े हो गये हैं। इमरान खान की पार्टी 'पीटीआई' नेशनल असेंबली में सबसे बड़ी पार्टी बनी। मतलब यह है कि जिस इमरान खान को एक के बाद एक गंभीर आरोपों के लिए दोषी मानकर जेल की सजा सुनाई जा रही है, लेकिन पाकिस्तान की जनता तो उसके साथ खड़ी है।

**नवाज शरीफ लंदन से इसी उम्मीद में पाकिस्तान वापस आये थे कि उन्हें फिर से पाकिस्तान का प्रधानमंत्री बनने का मौका मिल जायेगा। जाहिर है,पाकिस्तानी अवाम चुनाव नतीजों से हताश और अवाक है।**

बोधि वृक्ष

# भगवान परशुराम के परशु की होती है पूजा

जी हां, दावा किया जाता है कि पहाड़ी पर स्थित एक मंदिर में भगवान परशुराम का फरसा गड़ा है, जिसे खुद उन्होंने ही गाड़ा था। इस फरसे से जुड़ी एक बेहद ही रहस्यमय कहानी है, जिसके बारे में बहुत कम ही लोग जानते होंगे। आज हम आपको इसी कहानी के बारे में बताने जा रहे हैं, जो आपको हैरान कर देगी। दरअसल, झारखंड की राजधानी रांची से करीब 150 किलोमीटर दूर गुमला जिले में एक पहाड़ी है, जहां स्थित है टांगीनाथ धाम। इसी धाम के एक मंदिर में मौजूद है भगवान परशुराम का फरसा। वैसे तो यह फरसा खुले आसमान के नीचे है, लेकिन आज तक इसमें कभी जंग नहीं लगा। यह किसी रहस्य से कम नहीं है कि हजारों साल बाद भी यह पूरी तरह सुरक्षित है। मान्यता है कि जो भी व्यक्ति इस फरसे से छेड़छाड़ की कोशिश करता है, उसे इसका गंभीर परिणाम भुगतना पड़ता है। कहते हैं कि एक बार लोहार जनजाति के कुछ लोगों ने फरसे को जमीन से उखाड़ कर ले जाने की कोशिश की थी, लेकिन जब फरसा नहीं उखड़ा तो उन्होंने उसके ऊपरी भाग को काट दिया। हालांकि, उसे भी वो ले जाने में नाकाम रहे। कहा जाता है कि इस घटना के बाद आसपास रहने वाले लोहार जनजाति के लोगों की एक-एक कर मौत होने लगी, जिसके बाद वो इलाका ही छोड़कर चले गये।



(क्रमशः)


टेक वर्ल्ड

# ट्रेन की कंफर्म टिकट पाने के लिए अपनायें यह तरीका

**तीसरा तरीका :** टिकट बुक करते समय आप इस बात का ध्यान रखें कि एसी क्लास की टिकट बुकिंग 10 बजे होती है और 11 बजे स्लीपर क्लास की बुक होती है। इसे आप रेलवे की बेवसाइट पर जाकर टिकट को बुक कर सकते है। **(समाप्त)**

**फोटोग्राफी के लिए प्रमुख ऐप्स : हाई-क्वालिटी फोटोज के साथ पेशेवर टच**

आधुनिक दुनिया में फोटोग्राफी का महत्व बढ़ चुका है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर लोगों की छवियों को शेयर करने का शौक भी बढ़ गया है। इसके साथ ही, लोग अपने फोटोग्राफी स्किल्स को निखारने के लिए विभिन्न मोबाइल एप्लिकेशन्स का इस्तेमाल कर रहे हैं। आज की दुनिया में स्मार्टफोन का उपयोग लोगों के जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। फोन में इंटरनेट कनेक्टिविटी के साथ, विभिन्न एप्लिकेशन्स की बढ़ती उपलब्धता भी लोगों को इसका एक्सप्लोरेशन करने का मौका देती है। फोटोग्राफी के शौकीनों के लिए भी यह नए डिजिटल युग में कई उपायों को प्रस्तुत करता है। अब फोटो एडिटिंग और प्रोफेशनल फोटोग्राफी के लिए कई एप्लिकेशन्स उपलब्ध हैं, जो उपयोगकर्ताओ को हाई क्वालिटी फोटोज के साथ-साथ प्रोफेशनल टच भी प्रदान करते हैं। आधुनिक दुनिया में फोटोग्राफी का महत्व बढ़ चुका है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर लोगों की छवियों को शेयर करने का शौक भी बढ़ गया है।



(क्रमशः)

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### श्रद्धालुओं के लिए 25 मई को खुलेंगे हेमकुंड साहिब के कपाट

**देहरादून।** उत्तराखंड में मई के महीने से चार धाम यात्रा शुरू होने वाली है। उत्तराखंड में स्थित सिक्खों के पवित्र धर्म स्थल हेमकुंड साहिब के भी कपाट खुलने और बंद होने की तारीख की घोषणा हो गई है। हेमकुंड साहिब के कपाट इस बार 25 मई को श्रद्धालुओं के लिए खुलेंगे और 10 अक्टूबर को बंद हो जाएंगे। कपाट खुलने के साथ ही हेमकुंड साहिब की यात्रा आरंभ हो जाएगी। गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्रजीत सिंह बिंद्रा ने गुरुवार को उत्तराखंड की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कपाट खुलने और बंद होने की जानकारी दी। इस पर राज्य सरकार ने भी अपनी सहमति दे दी है। मुख्य सचिव ने कहा कि यात्रा के सुचारू संचालन के लिए प्रशासन की ओर से पूर्ण सहयोग किया जाएगा।

### कर्नाटक में सीट बंटवारे पर चर्चा के लिए कुमारस्वामी ने शाह से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और जद (एस) अध्यक्ष एच.डी. कुमारस्वामी ने गुरुवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से 30 मिनट तक मुलाकात की। सूत्रों के मुताबिक, पार्टियों के बीच जारी सीट बंटवारे को लेकर कुमारस्वामी ने अमित शाह से मुलाकात की है। इसके अलावा जेडीएस और बीजेपी नेताओं के बीच जारी मतभेद को ध्यान में रखते हुए भी मुलाकात को अहम माना जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि कुमारस्वामी ने अमित शाह से जद (एस) के उम्मीदवारों को मांड्या, हासन और बेंगलुरु ग्रामीण या कोलार लोकसभा सीटों से चुनाव लड़ने की अनुमति देने पर जोर दिया। हालांकि, पार्टियों के बीच गठबंधन का ऐलान पांच महीने पहले ही हो गया था, लेकिन अभी तक सीट शेयरिंग को लेकर बात नहीं बन पाई है। मांड्या सीट से निर्दलीय उम्मीदवार और मौजूदा सांसद सुमालता अंबरीश ने बीजेपी को समर्थन देने की घोषणा की थी। उन्होंने कहा था कि मांड्या सीट से चुनाव लड़ना उनका आखिरी फैसला है।

### कॉमेडियन भारती के भस्म आरती में निकल पड़े आंसू

**उज्जैन।** इंदौर में आयोजित डांस आडिशन में शामिल होने आईं कॉमेडियन भारतीसिंह निंबोदिया गुरुवार को 12 साल के लंबे अंतराल बाद महाकाल मंदिर आईं और भस्म आरती दर्शन के दौरान उनके आंसू छलक पड़े। भारती ने इसकी वजह भी बताई। कॉमेडियन भारती सिंह ने कहा 12 साल बाद मंदिर आई तो यहां का दृश्य देख अभिभूत हो गईं, स्वर्ग जैसा सुंदर मंदिर परिसर बन गया है। तब भी आंखों से आंसू नहीं रुके थे। मन बहुत सारी चीजें थी, सोचा था बाबा महाकाल से बहुत कुछ मांगूंगी, लेकिन जब उनको देखते हैं तो देखते ही रह जाते हैं, मांगना तो भूल ही जाते हैं। हम टीवी वाले 15 मिनट एक जगह नहीं बैठ सकते और आज 2 घंटे तक लगातार बैठकर भगवान महाकाल का श्रृंगार देखा और आरती भी की। भारती ने कहा बारह साल बाद मंदिर को इतने सुंदर रूप में देखकर मन प्रसन्न हो गया।

# कैबिनेट : गन्ने की कीमत में 8 फीसदी बढ़ोतरी को मंजूरी

### अब गन्ना के मिलेंगे 340 रुपये प्रति क्विंटल, 5 करोड़ किसानों को होगा फायदा

### राज्यों को बाढ़ रोकने के 4,100 करोड़ की केंद्रीय योजना 5 साल के लिए बढ़ाया




**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने बुधवार को चीनी सीजन 2024-25 के लिए गन्ने के उचित और लाभकारी मूल्य (एफआरपी) को 8 प्रतिशत बढ़ाकर 340 रुपये प्रति क्विंटल करने की मंजूरी दे दी। सीसीईए की बैठक के बाद जारी आधिकारिक बयान के अनुसार, संशोधित कीमतें एक अक्टूबर, 2024 से लागू होंगी। वहीं 4,100 करोड़ रुपये के व्यय से 'बाढ़ प्रबंधन और सीमा क्षेत्र कार्यक्रम' (एफएमबीएपी) के लिए केंद्र प्रायोजित योजना 2021-22 से 2025-26 तक पांच साल के लिए जारी रखने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई है।

गन्ने की ए 2+ एफएल लागत से 107 प्रतिशत अधिक पर नया एफआरपी गन्ना किसानों के लिए समृद्धि सुनिश्चित करेगा। बयान में कहा गया है कि भारत पहले से ही दुनिया में गन्ने के लिए सबसे अधिक कीमत चुका रहा है और इसके बावजूद सरकार घरेलू उपभोक्ताओं को दुनिया की सबसे सस्ती चीनी की आपूर्ति सुनिश्चित कर रही है। केंद्र सरकार के इस फैसले से 5 करोड़ से अधिक गन्ना किसानों और चीनी क्षेत्र से जुड़े लाखों अन्य व्यक्तियों को लाभ होने वाला है।

इस मंजूरी के साथ चीनी मिलें 10.25 प्रतिशत की रिकवरी पर गन्ने की एफआरपी 340 रुपये प्रति क्विंटल का भुगतान करेंगी। वसूली में प्रत्येक 0.1 प्रतिशत की वृद्धि के साथ किसानों को 3.32 रुपये की अतिरिक्त कीमत मिलेगी, जबकि वसूली में 0.1 प्रतिशत की कमी पर समान राशि की कटौती की जाएगी। हालांकि, गन्ने का न्यूनतम मूल्य 315.10 रुपये/क्विंटल है जो 9.5 प्रतिशत की रिकवरी पर है। भले ही चीनी की रिकवरी कम हो, किसानों को 315.10 रुपये प्रति क्विंटल का एफआरपी सुनिश्चित किया जाता है।

**बाढ़ प्रबंधन और सीमा क्षेत्र कार्यक्रम के अंतर्गत दो घटक हैं**

- 2,940 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ एफएमबीएपी के बाढ़ प्रबंधन कार्यक्रम घटक के तहत बाढ़ नियंत्रण, कटाव-रोधी, जल निकासी विकास और समुद्री कटाव-रोधी से संबंधित महत्वपूर्ण कार्य करने के लिए राज्य सरकारों को केंद्रीय सहायता दी जाएगी।
- 1,160 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ एफएमबीएपी के नदी प्रबंधन और सीमा क्षेत्र घटक के तहत पड़ोसी देशों के साथ आम सीमा नदियों पर बाढ़ नियंत्रण और कटाव-रोधी कार्य, जिसमें हाइड्रोलॉजिकल अवलोकन और बाढ़ पूर्वानुमान, जांच और निर्माण-पूर्व गतिविधियां शामिल हैं। साझा सीमा नदियों पर संयुक्त जल संसाधन परियोजनाओं की 100 प्रतिशत केंद्रीय सहायता से शुरू की जाएंगी। हालांकि, बाढ़ प्रबंधन की प्राथमिक जिम्मेदारी राज्य सरकारों की है, लेकिन केंद्र सरकार ने निर्णय लिया है कि राज्यों के प्रयासों को पूरक बनाना वांछनीय है।

# विकसित देश-प्रदेश के लिए निवेश आवश्यक : योगी आदित्यनाथ



**एजेंसी। गोरखपुर**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में डबल इंजन की सरकार का लक्ष्य विकसित भारत बनाने का है। विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए उत्तर प्रदेश को विकसित बनाना होगा और इसके लिए गोरखपुर को विकसित करना होगा। विकसित देश, प्रदेश और जनपद के इस संकल्प को पूर्ण करने के लिए औद्योगिक निवेश भी आवश्यक है। मुख्यमंत्री योगी गुरुवार को गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) क्षेत्र को 1,040 करोड़ रुपये की 20 परियोजनाओं की सौगात देने के बाद गीडा के सेक्टर-13 में आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने गीडा की 650 करोड़ रुपये की अनुमानित आय वाली कालेसर आवासीय टाउनशिप योजना को लॉन्च करने के साथ 300 करोड़ रुपये के निवेश वाली एसडी इंटरनेशनल की प्लास्टिक रिसाइक्लिंग एवं फूड पैकेजिंग कंटेनर यूनिट का शिलान्यास तथा 90 करोड़ रुपये के 18 विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया। सीएम ने राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (नाइलिट) के स्किल ट्रेनिंग सेंटर के पांच छात्रों को नामांकन प्रमाण पत्र भी वितरित किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि औद्योगिक विकास और रोजगार के क्षेत्र में जो परिणाम दिख रहे हैं, वह बेहतर कानून व्यवस्था, अच्छी सरकार और अच्छे जनप्रतिनिधियों के चुने जाने का परिणाम है। जब नीयत अच्छी होती है तो परिणाम भी अच्छे आते हैं। आज गीडा नई ऊंचाइयों को छू रहा है। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे का काम जल्द ही पूरा हो जाएगा, तब लखनऊ जाने के लिए दो रूट हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र औद्योगिक क्लस्टर के रूप में विकसित हो, इसके लिए बीते कुछ वर्षों में तमाम प्रयास हुए हैं।

**योगी बहुत ही डायनमिक मुख्यमंत्री : सीतारमण**



आयकर विभाग के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हर गुरुवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मुख्यमंत्री योगी की मुक्त कंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ बहुत ही डायनमिक मुख्यमंत्री हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी के लिए डायनमिक शब्द को समझाते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में 75 जिले हैं और एक साल में 52 सप्ताह होते हैं। योगी आदित्यनाथ साल भर में प्रत्येक जिले का कम से कम एक बार दौरा जरूर कर लेते हैं। कुछ जिलों में यह संख्या और कई बार होती है। वह इंजन की तरह प्रदेश में घूमते रहते हैं। हर जिला ही उनके लिए हेडक्वार्टर है।

# नीतीश ने 18 विभागों के 1,555 करोड़ की 132 योजनाओं का किया उद्घाटन



**एजेंसी। पटना**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को भवन निर्माण विभाग एवं बिहार राज्य भवन निर्माण निगम द्वारा क्रियान्वित 18 विभागों की 1,555 करोड़ रुपये की 132 योजनाओं का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन एवं 16 विभागों के 1,321 करोड़ रुपये की 110 योजनाओं का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने पटना में आयोजित एक कार्यक्रम में उपस्थित होकर रिमोट के जरिए इन योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस मौके पर दोनों उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा भी मौजूद थे। एनडीए की सरकार में राज्य में कई आईकॉनिक भवन बनाए गए हैं। बिहार संग्रहालय, सम्राट अशोक कन्वेंशन केंद्र, सरदार पटेल भवन, महाबोधि सांस्कृतिक केंद्र गया, बिहार सदन (नई दिल्ली), प्रकाश पुंज, ज्ञान एवं विज्ञान संग्रहालय दरभंगा, 2,000 क्षमता के मोतिहारी एवं बेतिया में सभागार, प्रशासनिक प्रशिक्षण केंद्र गया जैसे कई महत्वपूर्ण भवनों का निर्माण पूर्ण किया गया है। इसके साथ-साथ मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना के तहत गुरुवार को बक्सर अभियंत्रण महाविद्यालय के उद्घाटन के साथ ही कुल 31 अभियंत्रण महाविद्यालय भवनों की शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल कर ली गयी है। इस समारोह में भोजपुर एवं जहानाबाद स्थित पॉलिटेक्निक भवनों का भी उद्घाटन किया गया है। इसके साथ ही सभी 15 पॉलिटेक्निक भवनों का लक्ष्य भी हासिल कर लिया गया है। कार्यक्रम के दौरान भवन निर्माण विभाग द्वारा क्रियान्वित विभिन्न योजनाओं पर आधारित एक लघु फिल्म की प्रस्तुति दी गई।

**संदेशखाली में ताजा तनाव**

# भीड़ ने शाहजहां के भाई की संपत्ति जलाई

**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में गुरुवार दोपहर ताजा तनाव उत्पन्न हो गया, जब गुस्साए ग्रामीणों ने फरार तृणमूल कांग्रेस नेता शेख शाहजहां के छोटे भाई शेख सिराजुद्दीन की संपत्ति को जला दिया। गुस्साए ग्रामीणों ने कथित तौर पर संदेशखाली में एक स्थानीय खेल के मैदान पर भी कब्जा कर लिया, जिस पर कथित तौर पर फरार नेता और उसके सहयोगियों ने जबरदस्ती कब्जा कर लिया था। शेख सिराजुद्दीन की जिस संपत्ति को उत्तेजित ग्रामीणों ने आग लगाई, वह उनके स्वामित्व वाले मछलीपालन फार्म के बीच में एक गोदाम था। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि जिस खेत में गोदाम स्थित था, वह उनकी जमीन पर बनाया गया था और उस पर तृणमूल नेता और उनके रिश्तेदारों ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया था। उन्होंने आरोप लगाया कि सिराजुद्दीन ने खेत में खारा पानी भरकर उसकी उर्वरता को बर्बाद करने के बाद उस पर कब्जा कर लिया। संदेशखाली मछलीपालन फार्मों के लिए जाना जाता है, जो ज्यादातर शाहजहां और उसके सहयोगियों के स्वामित्व में हैं और स्थानीय लोगों का आरोप है कि ऐसे अधिकांश फार्म अवैध रूप से स्थापित किए गए हैं। कुछ ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि सिराजुद्दीन के करीबी सहयोगियों ने जगह छोड़ने से पहले स्थानीय लोगों को गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी है। कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार के जिले में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा के बाद कोलकाता लौटने के कुछ ही घंटों बाद संदेशखाली में ताजा तनाव उत्पन्न हो गया। गुरुवार सुबह कोलकाता रवाना होने से पहले उन्होंने कहा कि उन्होंने लोगों से कानून अपने हाथ में नहीं लेने की अपील की है।

**लोकसभा चुनाव : निर्वाचन आयोग ने बंगाल में संवेदनशील बूथों की सूची मांगी**

ईसीआई ने इस साल होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए पश्चिम बंगाल में संवेदनशील बूथों की सूची अविलंब मांगी है। राज्य सरकार के सूत्रों ने कहा कि चुनाव की तारीखों की घोषणा से पहले ही सूची की मांग करना एक स्पष्ट संकेत है कि चुनाव से बहुत पहले राज्य के विभिन्न हिस्सों में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की तैनाती होगी। पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय के सूत्रों ने कहा कि आयोग ने उन बूथों का विवरण भी मांगा है जिन्हें 2019 के लोकसभा चुनावों और 2021 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में संवेदनशील घोषित किया गया था। यह घटनाक्रम महत्वपूर्ण है क्योंकि चुनाव तैयारियों के संबंध में स्थिति का जायजा लेने के लिए ईसीआई की पूर्ण पीठ मार्च के पहले सप्ताह में पश्चिम बंगाल का दौरा करेगी। नवीनतम कार्यक्रम के अनुसार, पूर्ण पीठ 4 मार्च को आएगी और अगले दिन उनके प्रतिनिधि राज्य के शीर्ष नौकरशाहों तथा पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। राज्य सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम जाहिर न करने की शर्त पर कहा, संभवतः, पूर्ण पीठ संवेदनशील बूथों के विवरण के साथ चुनाव तैयारियों पर राज्य की प्रशासनिक मशीनरी के साथ चर्चा शुरू करना चाहती है, और आयोग ने तुरंत इस संबंध में सूची मांगी है।

**'हम' का 23 फरवरी को पंचायत स्तरीय सम्मेलन**

# राज्यभर से हजारों कार्यकर्ता पहुंचेंगे : जीतन राम मांझी



**एजेंसी। पटना**

लोकसभा चुनाव से पहले हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) पटना में 23 फरवरी को पंचायत स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन कर रही है। इसमें राज्यभर से हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं का जुटान होगा। सम्मेलन में पार्टी के कार्यकर्ता एनडीए को लोकसभा चुनाव में बिहार की सभी 40 सीटों पर जीत दिलाने का संकल्प लेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के संरक्षक जीतन राम मांझी ने गुरुवार को एक प्रेस वार्ता में कहा कि दलित और मांझी समाज के लोग वोट देने से वंचित रह जाते हैं। कार्यकर्ता सम्मेलन के माध्यम से दलित और वंचित समाज के लोगों को वोट के प्रति जागरूक किया जाएगा। उन्होंने पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव की जन विश्वास यात्रा को लेकर निशाना साधते हुए कहा कि बिहार विधानसभा का बजट सत्र चल रहा है और ऐसे में नेता विपक्ष तेजस्वी यादव का जिला-जिला घूमना, उनकी अपरिपक्वता को दशार्ता है। उन्होंने तेजस्वी को अनुभवहीन नेता बताते हुए कहा कि वे सड़कों पर घूम-घूमकर घटिया राजनीति कर रहे हैं। देश का विपक्ष दिशाहीन है। गरीबों को मतदान केन्द्र तक पहुंचाने और चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए आगामी लोकसभा चुनाव देश और बिहार के लिए अति महत्वपूर्ण है, ऐसे में एनडीए गठबंधन पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगी, जिसमें बिहार के परिदृश्य में हम पार्टी की भूमिका भी निर्णायक होगी।

# बिहार विधानसभा में विपक्ष का जोरदार हंगामा

**एजेंसी। पटना**

बिहार विधानसभा में गुरुवार को बजट सत्र के 7वें दिन भी शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक को लेकर सदन के अंदर विपक्ष ने जोरदार हंगामा किया। सदन के बाहर वाम दलों ने प्रदर्शन किया। विधायकों ने कहा है कि सदन के अंदर भी ये मुद्दा उठाएंगे। ऐसे में उन्होंने यह मुद्दा सदन के अंदर उठाया और इसी को लेकर जमकर हंगामा हुआ। बिहार विस सत्र के सातवें दिन की कार्यवाही शुरू होते ही पूर्व शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर ने कहा कि सदन के पटल पर एक सूचना रखते हैं, उसके बाद विस के स्पीकर ने उन्हें कहा कि क्या सूचना है आप बताएं। चंद्रशेखर ने कहा कि सीएम साहब ने कल ही निर्देश दिया था कि सभी सरकारी स्कूलों में शिक्षक 15 मिनट पहले पहुंचेंगे, उनके आदेशों का पालन नहीं किया जा रहा है। उनकी सूचना सुन स्पीकर ने कहा कि यह मामला शून्य काल में उठेगा और उसे सुना जाएगा। अभी प्रश्न काल चल रहा है और अभी उसी से संबंधित सवाल लिया जाएगा। अपनी सूचना पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होते देखा विपक्ष के विधायक वेल में आ गए और हंगामा करना शुरू कर दिया। जिसके बाद स्पीकर ने कहा कि आप लोग अपनी जगह पर जाइए, वेल से कही गई कोई भी बात प्रोसिडिंग का हिस्सा नहीं होती है, यह बात आप भी जानते हैं इसलिए अपनी जगह पर जाइए और शून्य काल के दौरान इस सवाल को उठाइए। हंगामा बढ़ता देख मंत्री विजय चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने सदन में जो घोषणा की है उसे सरकार सुनिश्चित कराएगी।

**जदयू विधायक नरेंद्र यादव ने विस उपाध्यक्ष पद के लिए नामांकन भरा**



जदयू विधायक नरेंद्र नारायण यादव ने सीएम नीतीश कुमार की उपस्थिति में बिहार विधानसभा के उपाध्यक्ष पद के लिए गुरुवार को अपना नामांकन दाखिल कर दिया। पूर्व उपाध्यक्ष महेश्वर हजारी के अचानक इस्तीफा देने के बाद विधानसभा उपाध्यक्ष का पद खाली हुआ है। संभावना जताई जा रही है कि नरेंद्र नारायण यादव निर्विरोध उपाध्यक्ष चुन लिए जाएंगे। बिहार विधानसभा के उपाध्यक्ष पद के लिए नामांकन करने के बाद उन्होंने कहा कि हमें जो जिम्मेदारी दी गई है उस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा के साथ निभाएंगे और सदन को बिल्कुल सुचारू ढंग से चलाएंगे। पक्ष विपक्ष सभी लोगों की बात सुनेंगे। पार्टी ने जो विश्वास जताया है इसके लिए आभारी हैं। सत्ता पक्ष और विपक्ष के बेहतर समन्वय के साथ सदन का संचालन करेंगे।

# द्विपक्षीय संबंधों पर टिप्पणी को लेकर फिर से एक बार चर्चा में आए कांग्रेस नेता व सांसद शशि थरूर



**एजेंसी। नई दिल्ली**

केरल से सांसद व कांग्रेस के नेता शशि थरूर कल से फ्रांस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान पाने के बाद से सुर्खियों में हैं, आज वे विभिन्न देशों के साथ भारत के द्विपक्षीय संबंधों पर सकारात्मक टिप्पणी को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। गुरुवार को शशि थरूर ने मीडिया से बातचीत में कहा है कि दुनिया के देश रायसीना डायलॉग 2024 में इसलिए हिस्सा ले रहे हैं क्योंकि दुनिया के लगभग सभी देशों के साथ भारत के अच्छे संबंध हैं। शशि थरूर ने आगे कहा कि अब मुझे लगता है कि अधिक से अधिक देश भारत को वैश्विक कूटनीति के लिए एक अच्छे स्थान के रूप में देखने लगे हैं। अब यह एक ऐसी जगह बन गया है जहां वे भारत से जुड़ सकते हैं और एक-दूसरे के साथ नेटवर्क भी बना सकते हैं। यह एक बहुत अच्छा मंच बनता जा रहा है।

कांग्रेस नेता और सांसद शशि थरूर पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विदेश नीति की प्रशंसा के दौरान चर्चा में आए थे।

उन्होंने आगे यह भी कहा था कि मुस्लिम देशों से हमारे रिश्ते जितने अच्छे अभी हैं, उतने कभी नहीं रहे। इससे पहले 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर थरूर ने पीएम मोदी की तारीफ की थी। उन्होंने कांग्रेस के एक पोस्ट पर प्रतिक्रिया दी थी।

पिछले दिनों कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने जी-20 सदस्यों की नई दिल्ली घोषणा की सराहना करते हुए कहा कि यह निस्संदेह भारत के लिए कूटनीतिक जीत है। इसे लेकर चर्चा में आए थे। शशि थरूर ने कहा था कि यह एक अच्छी उपलब्धि है क्योंकि जी-20 समिट से पहले तक ऐसी उम्मीद थी कि कोई समझौता नहीं होगा। इसलिए संयुक्त बयान जारी करना संभव नहीं हो सकता।

# संयुक्त किसान मोर्चा 26 को ट्रैक्टर मार्च निकालेगा 14 मार्च को दिल्ली में करेगा 'महापंचायत'



**एजेंसी। चंडीगढ़**

एसकेएम ने आंदोलन के कारण पंजाब और हरियाणा के बीच अंतर्राज्यीय सीमाओं पर तनावपूर्ण स्थिति को लेकर चर्चा करने के बाद गुरुवार को बैठक की, जिसमें 26 फरवरी को ट्रैक्टर मार्च निकालने और 14 मार्च को दिल्ली में 'महापंचायत' बुलाने की घोषणा की। हजारों किसान एक सप्ताह से अधिक समय से सीमाओं पर डेरा डाले हुए हैं। बैठक में किसान आंदोलन के दौरान एक दिन पहले एक व्यक्ति की मौत पर हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और गृहमंत्री अनिल विज के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करने और मृतक को 1 करोड़ रुपये का मुआवजा देने की मांग की गई। बीकेयू के नेता राकेश टिकैत ने एसकेएम की समन्वय समिति की बैठक के बाद मीडिया से कहा कि उनकी मांगों को लागू नहीं किए जाने के कारण पूरे देश में किसान शुक्रवार को 'काला दिवस' मनाएंगे। उनकी प्रमुख मांगों में फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी देने वाला कानून बनाया जाना भी शामिल है। उन्होंने कहा, हम हरियाणा के मुख्यमंत्री और गृहमंत्री के खिलाफ (आईपीसी की) धारा 320 के तहत हत्या का मामला दर्ज करने और एक प्रदर्शनकारी की मौत की न्यायिक जांच करवाने की मांग करते हैं। टिकैत ने कहा कि 26 फरवरी को पूरे देश में राष्ट्रीय राजमार्गों के एक तरफ ट्रैक्टर मार्च निकाला जाएगा। यात्रियों को सभी राजमार्गों के एक तरफ के उपयोग की अनुमति दी जाएगी। हम केवल एक तरफ ही ट्रैक्टर चलाएंगे। अगली रणनीति के तहत 14 मार्च को दिल्ली में एक 'महापंचायत' आयोजित की जाएगी। पंजाब-हरियाणा सीमा पर दो धरना स्थलों में से एक, खनौरी सीमा पर झड़प में एक प्रदर्शनकारी की मौत हो गई और लगभग 12 पुलिसकर्मियों के घायल होने के बाद किसान नेताओं ने बुधवार को 'दिल्ली चलो' मार्च दो दिनों के लिए रोक दिया।

**नोएडा के किसानों ने 23 को 'दिल्ली कूच' का कार्यक्रम किया स्थगित**

**नोएडा।** भारतीय किसान परिषद, अखिल भारतीय किसान सभा और जय जवान जय किसान मोर्चा ने किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए शुक्रवार को 'दिल्ली कूच' का ऐलान किया था, जिसे स्थगित कर दिया गया है।

## आज का राशिफल

**मेष :** कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी।

**वृष :** स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे।

**मिथुन :** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे।

**कर्क :** धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुखदायी समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा।

**सिंह :** मनोविनोद बढ़ेगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा।

**कन्या :** धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**तुला :** रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी।

**वृश्चिक :** कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

**धनु :** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। परिवारजन का सहयोग काम को बनाना आसान करेगा।

**मकर :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा।

**कुंभ :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। विद्यार्थियों को लाभ।

**मीन :** शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है।

## रांची की पिच देखकर स्टोक्स के उड़े होश

# दूर से हरी-भरी, करीब जाने पर दिखी दरारें

**रांची (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का चौथा टेस्ट रांची में शुक्रवार से खेला जाना है। इस बीच इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स रांची टेस्ट की पिच से हैरान दिखे। उनका कहना है कि उन्होंने पहले कभी ऐसी पिच नहीं देखी। रांची टेस्ट की पिच दूर से घासदार दिखती है, लेकिन करीब से देखने पर उसमें कई दरारें हैं। उप-कप्तान ओली पोप ने बुधवार को कहा था कि पिच में पहले से ही दरारें हैं, जिससे संकेत मिलता है कि टर्न और उछाल शुरू से ही प्रभावी रहेगी। स्टोक्स ने कहा, 'यह दिलचस्प लग रहा था, है ना? मुझे नहीं पता, मैंने पहले कभी ऐसा कुछ नहीं देखा है इसलिए मुझे कोई अंदाजा नहीं है। मुझे नहीं पता कि क्या हो सकता है। यदि आप विपरीत छोरों के एक तरफ नीचे देखते हैं यह उससे बिल्कुल अलग दिखता था जिसे मैं देखने का आदी हूं, खासकर भारत में। चेंजिंग-रूम में यह हरा और घास वाला दिखता था, लेकिन फिर आप वहां जाते हैं, तो यह अलग दिखता था।' हालांकि, स्पिन के अनुकूल पिच इंग्लैंड के स्पिनरों टॉम हार्टले, शोएब बशीर और रेहान अहमद को रांची में समीकरण में लाएगी, जहां उनका लक्ष्य भारत के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला को बराबर करना है, लेकिन मार्क वुड की जगह ओली रॉबिन्सन को प्लेइंग इलेवन में शामिल करने की चर्चा है। रांची में गेंदबाजी करने की संभावना के बारे में पूछे जाने पर स्टोक्स ने कुछ स्पष्ट नहीं किया। उन्होंने कहा, 'सर्जरी से पहले मुझे गेंदबाजी शुरू करने के लिए 12 से 13 सप्ताह का समय बताया गया था। मैं उससे दो सप्ताह आगे हूं। लेकिन देखते हैं सब कुछ कैसा रहता है। अगर मुझे लगेगा कि मैं गेंदबाजी करने में सक्षम हूं तो मैं गेंदबाजी करूंगा। 'बुधवार को गेंदबाजी करते समय मेरा घुटना बिल्कुल ठीक था। उस 20 मिनट की बाधा को पार करना अच्छा था, जिस पर मैं इस समय काम कर रहा हूं।'





### पिच में दरार और टर्न मौजूद है लेकिन कब और कितना, कह नहीं सकता: विक्रम राठौड़

**रांची (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के बीच चौथा टेस्ट मैच रांची में शुक्रवार से खेला जाना है जिसको लेकर एक बार फिर पिच सुर्खिय़ों में है। मैच से पहले मीडिया से बात करते हुए टीम इंडिया के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने भी माना कि भारत में मैच हो और पिच की बात न हो ये कैसे मुमकिन है। दरअसल इससे पहले इंग्लैंड के बल्लेबाज ऑली पोप ने पिच देखने के बाद कहा था कि ये बिल्कुल सूखी है और इसमें दरारे हैं। साथ ही राठौड़ भी इससे पूरी तरह इंकार नहीं करते हैं। राठौड़ ने कहा, 'भारत में कोई टेस्ट खेला जा रहा हो और लोग पिच को लेकर खबरें न बनाए ये नहीं हो सकता। इसमें कोई संदेह नहीं कि पिच सूखी है और टर्न भी देखने को मिलेगा। लेकिन कब घूमेगी और कितना घूमेगी ये नहीं कह सकता। हम हर तरह की परिस्थितियों के लिए तैयार हैं और उसी हिसाब से टीम संयोजन देखने को मिलेगा' साथ ही साथ राठौड़ ने ये भी संकेत दे दिए हैं कि रांची टेस्ट में रजत पाटीदार की जगह को कोई खतरा नहीं है। जब उनसे पूछा गया कि पाटीदार का खराब फॉर्म क्या चिंता का सबब है ? इसपर राठौड़ ने साफ कहा कि, 'कोई खिलाड़ी दो मैचों में रन नहीं बनाए तो खराब नहीं हो जाता, हमें उनकी प्रतिभा पर पूरा विश्वास है।' गौरतलब है कि रांची टेस्ट में जसप्रीत बुमराह को आराम दिया गया है और उनकी जगह आकाश दीप को दल में शामिल किया गया है। अब उनका डेब्यू होता है या नहीं इसपर टीम मैनेजमेंट मैच की सुबह पिच को देखकर ही फैसला लेगी, हालांकि मुकेश कुमार के तौर पर भी एक और तेज गेंदबाज का विकल्प मौजूद है।

### रांची टेस्ट के लिए रॉबिन्सन, बशीर ने वुड, अहमद की जगह इंग्लैंड की एकादश में जगह बनाई

**रांची (एजेंसी)।** इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ शुक्रवार से यहां जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम में शुरू होने वाले चौथे टेस्ट के लिए तेज गेंदबाज ओली रॉबिन्सन और ऑफ स्पिनर शोएब बशीर को अपनी अंतिम एकादश में शामिल किया है। दोनों ने रांची में शुरूआती एकादश में क्रमशः तेज गेंदबाज मार्क वुड और लेग स्पिनर रेहान अहमद की जगह ली है , जो इंग्लैंड के लिए एक महत्वपूर्ण टेस्ट है। राजकोट में 434 रनों की भारी हार के बाद मेहमान टीम मौजूदा पांच मैचों की श्रृंखला में 2-1 से पीछे है। बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली टीम को धर्मशाला में आखिरी टेस्ट मैच को श्रृंखला निर्णायक बनाने के लिए रांची में जीतना होगा। इंग्लैंड के लिए रॉबिन्सन का आखिरी टेस्ट मैच पिछले साल हेडिंग्ले में तीसरा एशेज मैच था, जहां उन्होंने पहली पारी में सिर्फ 11.2 ओवर फेंके थे, लेकिन पीठ की ऐंठन के कारण उन्हें बाकी सीरीज से बाहर होना पड़ा। रांची में होने वाला टेस्ट लंबे प्रारूप में रॉबिन्सन का भारत में पहला मैच होगा।

**इंग्लैंड की प्लेइंग इलेवन**

जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, जॉनी बेयरस्टो, बेन स्टोक्स, बेन फॉक्स, टॉम हार्टले, ओली रॉबिन्सन, शोएब बशीर और जेम्स एंडरसन।

### नासिर हुसैन का इंग्लैंड से 'हम इसी तरह खेलते हैं' शैली से बचने का आग्रह



**रांची (एजेंसी)।** पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने इंग्लैंड से आग्रह किया है कि वह टेस्ट क्रिकेट खेलने के अपने पिछले 'हम इसी तरह खेलते हैं' तरीके से बचें और बल्लेबाजों से आह्वान किया है कि अगर उन्हें भारत के खिलाफ चल रही सीरीज में मुकाबला करना है तो उन्हें आगे आना होगा। इंग्लैंड ने तीसरे टेस्ट में भारत को 126 रनों की बढ़त दे दी और निरंजन शाह स्टेडियम में चार दिनों के भीतर 434 रनों से मैच हारने के लिए मेजबान टीम द्वारा सभी विभागों में दबाव डाला गया। इंग्लैंड अब भारत के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला में 2-1 से पीछे है, चौथा टेस्ट शुक्रवार से रांची में शुरू होगा। 'वे सफल रहे हैं और मनोरंजन भी कर रहे हैं। एक खराब गेम पूरी रणनीति को कमजोर नहीं करता है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि वे अधिक स्मार्ट नहीं हो सकते। आप बस पुरानी 'हम जिस तरह से खेलते हैं' शैली पर निर्भर नहीं रह सकते, क्योंकि टेस्ट क्रिकेट पूरी तरह से परिस्थितियों के अनुरूप ढलने के बारे में है - विशेष रूप से भारत में, जहां पांच दिवसीय टेस्ट के दौरान पिच की प्रकृति लगभग रातोंरात बदल सकती है। 'सभी खातों के अनुसार, रांची की सतह - जहां अक्टूबर 2019 के बाद से कोई टेस्ट नहीं हुआ है - स्पिनरों को मदद कर सकती है, और अगर ऐसा है तो इंग्लैंड को स्मार्ट होने की आवश्यकता होगी। यदि आप इसमें शामिल होते हैं, तो आपको इसे बनाने की आवश्यकता है। पहले तीन टेस्ट देखें: ओली पोप के शानदार 196 रनों के बाद इंग्लैंड ने पहला टेस्ट जीता, इससे पहले भारत ने यशस्वी जयसवाल के लगातार दोहरे शतक और रोहित शर्मा के 131 रनों के साथ वापसी की। हुसैन ने डेली मेल के लिए अपने कॉलम में लिखा, 'इंग्लैंड में, यदि आप पहली पारी में 70 रन पर आउट हो जाते हैं, तो आप दूसरी पारी में भी अच्छी पिच पर 140 रन पर आउट होने में सक्षम हो सकते हैं।

## चोट का बहाना बना बुरे फंसे अय्यर, एनसीए ने खोली पोल



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी तीन टेस्ट मैचों के लिए भारतीय टीम से बाहर किए गए श्रेयस अय्यर पीठ दर्द के कारण शुक्रवार से बीकेसी ग्राउंड में बड़ौदा के खिलाफ मुंबई के आगामी रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल से बाहर हो गए हैं। लेकिन वो अपनी एक गलती के कारण विवादों में फंस गए हैं। द इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में खेल विज्ञान और चिकित्सा विभाग के प्रमुख नितिन पटेल ने चयनकर्ताओं को एक ईमेल में पुष्टि की कि श्रेयस अय्यर को 'कोई ताजा चोट नहीं है' और वह 'फिट' हैं।' यह मामला अब इसलिए बढ़ता जा रहा है कि क्योंकि चोटिल होने के कारण श्रेयस अय्यर ने रणजी ट्रॉफी से अपना नाम वापस ले लिया था, लेकिन अब एनसीए ने उन्हें फिट घोषित किया है। पटेल ने ईमेल में लिखा, 'इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के बाद भारतीय टीम की हैंडओवर रिपोर्ट के अनुसार श्रेयस अय्यर फिट थे और चयन के लिए उपलब्ध थे। टीम इंडिया से उनके जाने के बाद फिलहाल किसी ताजा चोट की सूचना नहीं है।' एनसीए ने अय्यर को रणजी खेलने की सलाह दी थी, ताकि उनकी पीठ को बल्लेबाजी और करीब चार दिन तक मैदान पर तनाव झेलने की आदत हो जाए। अय्यर ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट मैचों में कोई छाप नहीं छोड़ी।

## 'मेग लैनिंग से सीखने के लिए बहुत कुछ है' : जेमिमा रोड्रिग्स



**बेंगलुरु (एजेंसी)।** दिल्ली कैपिटल्स की उप-कप्तान जेमिमा रोड्रिग्स ने कहा कि कप्तान मेग लैनिंग से हमेशा बहुत कुछ सीखने को मिलता है और वह महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की आभारी हैं, जिन्होंने उन्हें ऑस्ट्रेलिया की पूर्व कप्तान के साथ काम करने का मौका दिया। 'यह बहुत अच्छा लगता है। उससे सीखने के लिए बहुत कुछ है। वह ऐसी व्यक्ति है जो सम्मान की मांग नहीं करती है, वह बस चली जाती है और हर कोई उसके लिए स्वचालित रूप से सम्मान करता है। उसने बहुत कुछ किया है, यही कारण है कि हमारे मन में उसके लिए इतना सम्मान है। सीखने के लिए बहुत कुछ है। उनके साथ करीब से और व्यक्तिगत रूप से काम करते हुए, मैंने कभी नहीं सोचा था कि मुझे वह अवसर मिलेगा। डब्ल्यूपीएल का धन्यवाद, मुझे यह मिल रहा है। जेमिमा ने ब्रॉडकास्टर्स जियोसिनेमा से कहा, 'उप-कप्तान होने के नाते, मैं कई निर्णयों में शामिल हूं, यह देखते हुए कि वह कैसे काम करती है। हाल ही में, मैंने उनसे कप्तानी के बारे में बात की और उन्होंने इसे कैसे संभाला क्योंकि उन्हें कम उम्र में कप्तान बनाया गया था। कप्तानी बहुत अधिक है। मैदान के बजाय मैदान के बाहर, आपको बहुत सी चीजें संभालनी होती हैं। फिर मैदान के बाहर, आपकी अपनी बल्लेबाजी और आप इसे कैसे करते हैं। यह एक अच्छी बातचीत थी और मुझे यकीन है कि मुझे उनसे बहुत कुछ सीखने को मिलेगा।" यह पूछे जाने पर कि क्या वह नेतृत्व की जिम्मेदारियों से अभिभूत हैं, जेमिमा ने कहा: 'अब तक मुझे ऐसी स्थिति में नहीं रखा गया है जहां मेग को मैदान से बाहर जाना पड़े और मुझे पहल करनी पड़े। मैं इसके बारे में निश्चित नहीं हूं। अपनी टीम को जानते हुए , वे मेरे लिए इसे आसान बना देंगे।" 'बड़े होते हुए, मैं हमेशा मुंबई टीम में रही हूं और बहुत कम उम्र में नेतृत्व करते हुए वरिष्ठों के साथ काम किया है।

### मोहम्मद शमी आईपीएल 2024 से चूकेंगे, टखने की चोट की सर्जरी कराएंगे : सूत्र



**नई दिल्ली।** वरिष्ठ तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी बाएं टखने की चोट के कारण अगले महीने होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से बाहर हो गए हैं, जिसके लिए वह ब्रिटेन में सर्जरी कराएंगे। सूत्रों ने यह जानकारी दी। 33 वर्षीय, जो इंग्लैंड के खिलाफ चल रही टेस्ट श्रृंखला का हिस्सा नहीं हैं, उन्होंने आखिरी बार नवंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे विश्व कप फाइनल में भारत के लिए खेला था। सूत्रों के मुताबिक, शमी टखने के इलाज के लिए जनवरी में लंदन में थे। इलाज से कोई फायदा नहीं हुआ और अब उन्हें सर्जरी से गुजरना होगा। ऐसा मत सोचो कि वह आईपीएल में खेलेंगे।"

### सीसीएल: रोहित शर्मा के नक्शे-कदम पर चलना चाहते हैं रितेश देशमुख

**मुंबई (एजेंसी)।** सेलिब्रिटी क्रिकेट लीग (सीसीएल) में मुंबई हीरोज की कप्तानी कर रहे बॉलीवुड एक्टर रितेश देशमुख ने मैदान पर स्टार क्रिकेटर रोहित शर्मा के नेतृत्व की प्रशंसा की और कहा कि आगामी टूर्नामेंट में वह भारतीय क्रिकेट कप्तान के नक्शे-कदम पर चलना चाहते हैं। इस सीजन में रोहित के शांत स्वभाव को अपनाने की योजना बना रहे रितेश ने कहा: 'मैं आक्रमक और जरूरी होने पर जिम्मेदारी लेने के लिए तैयार रहने के साथ एक शांत व्यवहार बनाए रखने में विश्वास करता हूं।' उन्होंने कहा कि यह एक अविस्मरणीय सफर होने वाला है, जिसमें जीतने की प्रबल संभावना है। उत्साहित और आशान्वित अभिनेता ने कहा, 'मैं उस वार्षिक अवसर के लिए आभारी हूं जो सीसीएल हमें एक साथ आने और एक टीम के रूप में एकजुट होकर प्रदर्शन करने के लिए प्रदान करता है।' अभिनय की बात करें तो, रितेश ऐतिहासिक एक्शन ड्रामा 'राजा शिवाजी' में निर्देशन और अभिनय करने के लिए तैयार हैं।

## गॉफ दुबई क्वार्टर फाइनल में पहुंची स्वीयाटेक ने स्वितोलिना को पछाड़ा

**दुबई (एजेंसी)।** विश्व नं. 3 अमेरिकी कोको गॉफ ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए चेक गणराज्य की कैरोलिना प्लिस्कोवा को 2-6, 6-4, 6-3 से हराकर दुबई टेनिस चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। मौजूदा यूएस ओपन चैंपियन गॉफ ने 1 घंटे और 53 मिनट के खेल के बाद प्लिस्कोवा पर जीत हासिल की, और अपने आमने-सामने के मुकाबले में 2-1 से आगे हो गई। इस सप्ताह के डब्ल्यूटीए 1000 इवेंट में पहले से ही कम रैंक वाले विरोधियों द्वारा कई वरीय खिलाड़ियों को हराने के बाद ,गॉफ नवीनतम बड़े नाम वाली दुर्घटना बनने से बच गई क्योंकि वह एक रोलरकोस्टर लड़ाई के बाद क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई जिसने प्रशंसकों को अपनी सीटों पर बांधे रखा। गॉफ का अगला मुकाबला अन्ना कलिंस्काया से होगा, जिन्होंने बुधवार को 2022 दुबई चैंपियन और विश्व नंबर 9 जेलेना ओस्टापेन्का को 6-4, 7-5 से हराया। अन्य मुकाबले में, वर्ल्ड नंबर 1 इगा स्वीयाटेक ने बुधवार रात तीसरे राउंड में नंबर 15 सीड और दो बार की पूर्व चैंपियन एलिना स्वितोलिना को हराया। पोल स्टार ने अब अपने पिछले 26 मैचों में से 25 जीते हैं और शीर्ष 20 खिलाड़ियों के खिलाफ 13 मैचों की जीत की लय में है। इस महीने मध्य पूर्व में लगातार छह मैचों में अपनी जीत का सिलसिला जारी रखते हुए, स्वीयाटेक ने अपने यूक्रेनी प्रतिद्वंद्वी को सीधे सेटों में 6-1, 6-4 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया, जहां अब उसका सामना चीन की झेंग किनवेन से होगा। वर्ल्ड नंबर 7 झेंग ने अनस्तासिया पोटापोवा को सीधे सेटों में 6-3, 6-2 से हराकर अंतिम आठ में जगह पक्की की। उसने अब शीर्ष 20 से बाहर के खिलाड़ियों के खिलाफ अपने पिछले 27 मैचों में से 26 में जीत हासिल की है और पिछले सप्ताह लेयला फर्नांडीज से उसे एकमात्र हार मिली थी।






### टी20 विश्व कप के लिए ऑस्ट्रेलिया की योजनाओं में स्मिथ : मैकडोनाल्ड



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम अपने स्क्वाड को मजबूत करने के लिए जुटी हुई है। इस बीच टी20 टीम में स्टीव स्मिथ की जगह को लेकर उठ रहे सवाल को खत्म करते हुए ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने आगामी टी20 विश्व कप के लिए टीम में पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ की जगह पर मुहर लगा दी। वेलिंगटन में श्रृंखला के शुरूआती प्लेइंग-11 से चूकने के बाद स्टीव स्मिथ के न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला के शेष दो मैचों में से कम से कम एक में ओपनिंग करने की संभावना है, पहला मैच ऑस्ट्रेलिया ने रोमांचक तरीके से 6 विकेट से जीता था। टी20 सेटअप में स्मिथ की स्थिति के बारे में लगातार अटकलें लगाई जा रही हैं। खासकर पिछले साल के अंत से टी20 से उनकी अनुपस्थिति को देखते हुए। विश्व कप में शीर्ष क्रम की बल्लेबाजी के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे कई अन्य दावेदारों ने उनके सामने अपनी दावेदारी पेश की है, जिससे उनकी भूमिका को लेकर अनिश्चितता भी बढ़ गई है। वेलिंगटन में न्यूजीलैंड पर ऑस्ट्रेलिया की रोमांचक जीत के बाद बोलते हुए, मैकडोनाल्ड ने पुष्टि की कि स्मिथ ऑकलैंड में बल्लेबाजी की शुरूआत करने के लिए तैयार हैं, लेकिन संकेत दिया कि उन्हें सलामी बल्लेबाज के रूप में नई भूमिका में मौका मिलेगा। मैकडोनाल्ड ने क्रिकेट.कॉम.एयू वेबसाइट के जरिए बताया, 'अगर वह हमारी सोच में नहीं होता तो वह यहां मौजूद नहीं होता। हम उसे एक कारण से शामिल कर रहे हैं। उसे यहां कुछ अवसर मिलेंगे, उसके पास भारत में कुछ अवसर थे। विश्व कप और हम उसके लिए अगस्त-सितंबर (पिछले साल) में दक्षिण अफ्रीका में खेलने की योजना बना रहे थे, लेकिन दुर्भाग्य से उस समय उसकी कलाई में चोट लग गई थी, इसलिए वह उन तीन वनडे मैचों में नहीं खेल पाया।'

## खबरें व्यापार जगत की

### भारत का बाजार पूंजीकरण 2030 तक 10 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने की संभावना



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विदेशी ब्रोकरेज फर्म जेफरीज ने एक रिपोर्ट में कहा है कि भारत का बाजार पूँजीकरण (मार्केट कैप) वर्तमान में वैश्विक स्तर पर 5वां सबसे बड़ा (4.5 ट्रिलियन डॉलर) है, लेकिन वैश्विक सूचकांकों में इसका भारांक अब भी 1.6 प्रतिशत (10वीं रैंक) से कम है। जैसे-जैसे बाजार में फ्री फ्लोट बढ़ता है और भारांक संबंधी विसंगतियां दूर होंगी और रैंकिंग मे सुधार होगा। फ्री फ्लोट उन शेयरों को कहते हैं जो आम निवेशकों के लिए खरीदने बेचने के लिए उपलब्ध होता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले 15-20 साल के इतिहास और नई लिस्टिंग के अनुरूप बाजार रिटर्न को देखते हुए भारत 2030 तक लगभग 10 ट्रिलियन डॉलर का बाजार बन जाएगा - बड़े वैश्विक निवेशकों के लिए इसे नजरअंदाज करना असंभव है। पिछले 10 और 20 वर्षों में अमेरिकी डॉलर में सालाना औसत विकास दर 10-12 प्रतिशत के आसपास रही है। भारत अब पांचवां सबसे बड़ा इक्विटी बाजार है और 2030 तक मार्केट कैप 10 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने की संभावना है। निरंतर सुधारों से भारत की 'सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था' का दर्जा बरकरार रहना चाहिए। घरेलू प्रवाह में मजबूत रुझान ने बाजार की अस्थिरता को कम कर दिया है। एक दशक में सबसे कम विदेशी स्वामित्व से मूल्यांकन में राहत मिलती है। जेफरीज ने कहा कि पांच अरब डॉलर से अधिक मार्केट कैप वाली 167 कंपनियों वाला कॉर्पोरेट क्षेत्र, जिसका फोकस इक्विटी पर मिलने वाले लाभ पर है - निवेशकों को पर्याप्त विकल्प देता है। बढ़ती उद्यमशीलता/जीवंत स्टार्ट-अप पारिस्थितिकी तंत्र नवाचार को बढ़ावा दे रहा है। दस साल के निवेश चक्र तथा जोखिम से बचने की प्रवृत्ति अब विपरीत हो गई है और हाउसिंग अपसाइकल तथा कॉर्पोरेट डी/ई अनुपात अब तक के सबसे निचले स्तर पर है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में 111 यूनिकॉर्न (बाजार मूल्य 350 अरब डॉलर) हैं, जो इसे अमेरिका और चीन के बाद वैश्विक स्तर पर तीसरा सबसे बड़ा यूनिकॉर्न हब बनाता है। डिजिटल बुनियादी ढांचे के विकास पर सरकार का ध्यान, विश्व स्तर पर सबसे सस्ती डेटा दरें और प्रचुर घरेलू प्रतिभा पूल प्रमुख चालक रहे हैं।

### अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की प्री-वेडिंग में शामिल होंगी देश-विदेश की नामी हस्तियां



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट जुलाई में शादी करने जा रहे हैं। मुंबई में होने वाली इस शादी में कई प्री-वेडिंग कार्यक्रम भी होने वाले हैं। इस शाही शादी में देश-विदेश से कई जानी-मानी हस्तियों के शामिल होने की उम्मीद है। शादी के पहले के सभी कार्यक्रम जामनगर में रिलायंस ग्रीन कॉम्प्लेक्स में आयोजित होंगे। इसमें कई नामी हस्तियों को देखा जाएगा। इनमें माइक्रोसॉफ्ट के फाउंडर बिल गेट्स से लेकर मेटा के सीईओ मार्क जकरबर्ग, ब्लैकरॉक के सीईओ लैरी फिंक, ब्लैकस्टोन के चेयरमैन स्टीफन स्वार्जमैन, डिज्नी के सीईओ बॉब इग्नर और अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की बेटी इवांका ट्रंप के भी आने के कयास लगाए जा रहे हैं। शादी के प्री-वेडिंग सेलिब्रेशन में कम ही समय बचा है। यह शादी सबसे बड़ी शादियों में से एक होने वाली है। 12 जुलाई को मुंबई में यह शादी होगी। वहीं, प्रशंसक इस भव्य शादी को लेकर उत्साहित हैं। शादी मुंबई के अल्टमाउंट रोड पर बहुमंजिला अंबानी निवास एंटीलिया में होगी। शादी में शामिल होने वाले बिल गेट्स माइक्रोसॉफ्ट के फाउंडर हैं। उनकी गिनती कभी दुनिया के सबसे अमीर लोगों में होती थी। वह फिलहाल 146 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ अमीरों की लिस्ट में चौथे नंबर पर हैं। वहीं अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बेटी इवांका की अंबानी परिवार से पुरानी जान पहचान है। बता दें कि कुछ साल पहले नीता अंबानी ने भारत में डिजिटल जेंडर डिवाइड को लेकर यूनाइटेड स्टेट एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट के साथ साझेदारी की थी, जहां इवांका ट्रंप बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं थी।

### स्पाइसजेट के बोर्ड ने दो निवेशकों को 4.01 करोड़ शेयरों के आवंटन को मंजूरी दी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** किफायती विमान सेवा कंपनी स्पाइसजेट ने गुरुवार को बताया कि उसकी तरजीही आवंटन समिति ने एरीज अपॉर्चुनिटीज फंड लिमिटेड सहित दो निवेशकों को तरजीही आधार पर 4.01 करोड़ इक्विटी शेयरों के आवंटन को मंजूरी दे दी है। इसके अतिरिक्त, समिति ने 2.31 करोड़ वारंट के आवंटन को मंजूरी दे दी, जिसमें एलारा इंडिया अपॉर्चुनिटीज फंड लिमिटेड सहित चार निवेशकों को आवेदन करने और बराबर संख्या में इक्विटी शेयर आवंटित करने का विकल्प दिया गया। एयरलाइन के प्रवक्ता ने कहा कि स्पाइसजेट ने अतिरिक्त 316 करोड़ रुपये भी जुटाए हैं, जिससे उसके तरजीही मुद्दे के तहत कुल निवेश 1,060 करोड़ रुपये हो गया है। स्पाइसजेट के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अजय सिंह ने कहा, 'कंपनी ने कुल 1,060 करोड़ रुपये का निवेश जुटाया है। यह महत्वपूर्ण पूंजी निवेश स्पाइसजेट की विकास संभावनाओं में निवेशकों के विश्वास की पुष्टि करता है और भविष्य के लिए हमारी वित्तीय स्थिति को मजबूत करता है। इस अतिरिक्त फंडिंग के साथ हम अपनी विस्तार योजनाओं को आगे बढ़ाने और अपनी परिचालन क्षमताओं को बढ़ाने के लिए अच्छी तरह से सुसज्जित हैं।'

### इंडस ऐपस्टोर वैश्विक डिजिटल अर्थव्यवस्था में भारत के लिए ऐतिहासिक क्षण : अश्विनी वैष्णव

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जोर देकर कहा कि स्वदेशी रूप से विकसित इंडस ऐपस्टोर का लॉन्च भारत के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है जो देश को वैश्विक डिजिटल अर्थव्यवस्था की दिशा में छलांग लगाने में मदद करेगा। फोनपे ने एक नया वैश्विक बेंचमार्क स्थापित करते हुए इंडस ऐपस्टोर लॉन्च किया है जिसका उद्देश्य भारतीय यूजरों की जरूरतों और प्राथमिकताओं के अनुरूप विविध प्रकार के ऐप्स की पेशकश करना है, जो व्यक्तिगत, स्थानीयकृत और प्रासंगिक डिजिटल समाधानों तक पहुंच की सुविधा प्रदान करते है। कार्यक्रम के दौरान फायरसाइड चैट में बोलते हुए, वैष्णव ने इस पहल के महत्व पर प्रकाश डाला। मंत्री ने कहा, 'यह एक उल्लेखनीय दिन है जब हमने इंडस ऐपस्टोर का अनावरण किया - एक ऐसा मंच जो न केवल भारत में बना है बल्कि भारतीयों को सशक्त बनाने की दृष्टि से विकसित किया गया है।' उन्होंने कहा, 'मैं इस ऐतिहासिक पल का हिस्सा बनकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं, जो वैश्विक डिजिटल अर्थव्यवस्था में एक प्रमुख देश के रूप में भारत की उपस्थिति स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण छलांग का प्रतिनिधित्व करता है।' मंत्री ने भारत के डिजिटल विकास के बारे में बात की और एक मजबूत डिजिटल बुनियादी ढांचा बनाने में देश की प्रगति पर जोर दिया। मंत्री ने कहा, 'भारत ने डिजिटल अपनाने में अभूतपूर्व वृद्धि देखी है, कनेक्टिविटी और डिजिटल सेवाओं में पर्याप्त प्रगति की है। इंडस ऐपस्टोर नवाचार को बढ़ावा देने और हमारे डेवलपर्स तथा रचनाकारों का समर्थन करने की हमारी प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है।'

# भारत को विकसित देश बनाने में हम सभी को निभानी है भूमिका : राज्यपाल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि हमारे देश के युवाओं ने ही भारत की विकास गाथा रची है। आज दुनिया हमारे देश को एक उभरती हुई महाशक्ति के रूप में देखती है। हमारा देश सक्रिय रूप से 2047 तक "विकसित भारत" की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इस यात्रा में हममें से प्रत्येक को महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। राज्यपाल गुरुवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्चय अतिथि बोल रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा का अर्थ केवल व्यक्तिगत लाभ नहीं है, बल्कि समाज की भलाई में योगदान देना भी है। क्या आपने सोचा है कि आप कैसे बदलाव ला सकते हैं? कृपया अपनी सभी गतिविधियों में नैतिकता और सामाजिक जिम्मेदारी के महत्व पर विचार करें। उन्होंने कहा कि अपने समुदाय और समाज पर सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए अपनी शिक्षा और कौशल का उपयोग करें। समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों तक अपनी मदद पहुंचाएं और उन्हें बेहतर शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराने में मदद करें। आपकी उपलब्धियों से न केवल आपको लाभ होना चाहिए बल्कि आपके आस-पास के लोगों का भी उत्थान होना चाहिए। जैसे ही आप अपने जीवन के इस नए चरण की शुरूआत करते हैं। दूरदर्शी नेता, एक प्रख्यात राजनीतिज्ञ और आधुनिक भारत को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले प्रतिष्ठित शिक्षाविद् डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के शब्दों को याद रखें। शिक्षा किसी के व्यक्तित्व का विकास है और वैयक्तिकता। जब आप अपने जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए महान प्रयास करते हैं तो इन शब्दों को अपने साथ रखें। राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति के रूप में, मैं अपने छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हूं। हमारे विश्वविद्यालयों को एक मजबूत शिक्षा प्रणाली के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए। यह युग प्रतिस्पर्धा और ज्ञान का है। तकनीकी और वैज्ञानिक ज्ञान वाले व्यक्तियों की हमेशा मांग और सम्मान रहेगा। इस संस्थान को छात्रों को उनकी क्षमता हासिल करने में मदद करनी चाहिए। सिर्फ इमारत या बुनियादी ढांचे से संस्थान की पहचान नहीं मापी जा सकती। छात्रों का प्रदर्शन ही विश्वविद्यालय की पहचान स्थापित करता है। हता हूं। यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, और यह न केवल आपकी सफलता है, बल्कि आपके माता-पिता, संकाय सदस्यों और कर्मचारियों के लिए भी गर्व का क्षण है, जिन्होंने इस राह पर आपका समर्थन और मार्गदर्शन किया है। इस विश्वविद्यालय के कुलाधिपति के रूप में, इस खुशी को साझा करने के लिए आप सभी के साथ रहना मेरे लिए बहुत खुशी की बात है।



### विवि के 198 टॉपरों को मिला गोल्ड मेडल

मोरहाबादी स्थित दीक्षांत मंडप में गुरुवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी का पहला दीक्षांत समारोह आयोजित हुआ। इस समारोह में 2018 से 2022 तक के हजारों पूर्ववर्ती विद्यार्थियों को डिग्री मिली। इस समारोह में विभिन्न विषयों में 198 टॉपर को गोल्ड मेडल प्रदान किया गया। मौके पर यूनिवर्सिटी के कुलपति तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि इस यूनिवर्सिटी के लिए आज का दिन ऐतिहासिक है। यहां से विवि का एक नया दौर शुरू होगा, जिसमें शैक्षणिक प्रगति के साथ ही गुणवत्ता और शोध पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

## मुख्यमंत्री सोरेन को सीयूजे के कुलपति ने दीक्षांत समारोह में शामिल होने का दिया निमंत्रण

**रांची।** झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूजे) में तृतीय दीक्षांत समारोह की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर केबी दास ने झारखंड के नये मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से मुलाकात कर उन्हें तृतीय दीक्षांत समारोह के आयोजन की जानकारी दी तथा समारोह में आने का निमंत्रण भी दिया। मुख्यमंत्री ने समारोह में शामिल होने का आश्वासन भी दिया। झारखंड केन्द्रीय विश्वविद्यालय 28 फरवरी को अपना तृतीय दीक्षांत समारोह का आयोजन करने जा रहा है। दीक्षांत समारोह का आयोजन विश्वविद्यालय के नये भवन के अन्तर्गत नवनिर्मित विशाल सभागार में होगा। भवन एवं सभागार में समारोह संबंधी सभी आवश्यकताओं की पूर्ति का कार्य तेजी से चल रहा है। एकेडेमिक काउंसिल, एक्जीक्यूटिव काउंसिल के सदस्यों, विशेष आमंत्रित अतिथियों, विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं मीडिया कर्मियों के लिए निर्धारित स्थलों पर बैठने का इंतजाम कर लिया गया है। व्यवस्था में कोई कमी न रह जाए, इसके लिए विश्वविद्यालय प्रशासन, अभियंताओं की टीम एवं विभिन्न समितियों के सदस्य तथा पूरा विश्वविद्यालय परिवार युद्धस्तर पर दिन-रात कार्य कर रहा है।



## सिपाही नियुक्ति नियमावली को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई 29 को

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में सिपाही नियुक्ति नियमावली-2014 को चुनौती देने वाली याचिका पर गुरुवार को सुनवाई हुई। एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में राज्य सरकार एवं सफल अभ्यर्थियों की ओर से पक्ष रखा गया। राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि सरकार को अधिकार है कि वह नियमावली में परिवर्तन कर सकती है और रूल फ्रेम कर सकती है। जो भी नियुक्ति की गई है वह नियम संगत है। कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 29 फरवरी की तिथि निर्धारित की है। इस संबंध में सुनील टुडू सहित 60 याचिकाएं अदालत में दाखिल की गयी हैं। झारखंड स्टाफ सेलेक्शन कमीशन की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवाल, प्रिंस कुमार एवं राकेश रंजन ने पैरवी की। पुलिस मेंस एसोसिएशन की ओर से दिवाकर उपाध्याय ने पैरवी की। याचिका में कहा गया है कि झारखंड सरकार की ओर से बनायी गई नियुक्ति नियमावली पुलिस मैनुअल के विपरीत है।

# देश के हर परिवार को सुखी करने के प्रयास में लगी है केंद्र सरकार : अर्जुन

### खादी ग्रामोद्योग आयोग ने किसानों के बीच 1.47 करोड़ के टूल किट का किया वितरण

**नवीन मेल संवाददाता। रांची/खूंटी**

केंद्र की मोदी सरकार पिछले नौ साल से देश के हर परिवार को खुश करने के प्रयास में लगी है। खासकर किसानों की आय दुगुनी करने के लिए काफी प्रयास किये जा रहे हैं। खादी ग्रामोद्योग से जुड़कर जुड़कर महिलाएं और पुरुष आत्मनिर्भर बनते जा रहे है। विश्वकर्मा योजना के तहत पारम्परिक पारिवारिक कार्यो से जुड़े परिवार को तकनीकी रूप से विकसित करने का प्रयास लगातार केंद्र सरकार द्वारा किया जा रहा है। ये बातें केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा ने कही। वह कृषि विज्ञान केंद्र में गुरुवार को आयोजित खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी), सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम, उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार के ग्रामोद्योग विकास योजना के अंतर्गत ग्रामीण कारीगरों को एक करोड़ 47 लाख की मशीनरी और टूलकिट वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे।



**खादी को वैश्विक मंच पर मिली पहचान**

अर्जुन मुंडा ने कहा कि प्रधामंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वोकल फॉर लोकल और मेक इन इंडिया मंत्र ने खादी को वैश्विक मंच पर पहचान दिलाई है। वहीं केवीआईसी ग्रामीण क्षेत्र के कारीगरों को सशक्त, सक्षम और आत्मनिर्भर बनाने के लिए बेहतरीन कार्य कर रहा है। कार्यक्रम को पूर्व लोकसभा उपाध्यक्ष स्पीकर पद्मभूषण कड़िया मुण्डा, तोरपा विधायक कोचे मुण्डा, केवीआईसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज कुमार, केवीआईसी के पूर्वी क्षेत्र के सदस्य मनोज कुमार सिंह, केवीके निदेशक अभिजित कर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुभारंभ किया।

**आंदोलित किसानों से वार्ता से समाधान निकालने का प्रयास**

23 फसलों को न्यूनम समर्थन मूल्य के दायरे में लाने की मांग को लेकर हरियाणा और दिल्ली बॉर्डर पर चल रहे किसान आंदोलन के संबंध में केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि किसान संगठनों के माध्यम से कुछ बातें कही गयी हैं, सरकार उन बातों पर निश्चित तौर पर विचार कर रही है, जो किसानों के हित में होगा। उन्होंने कहा कि वार्ता के माध्यम से समाधान निकालने का प्रयास कर रहे हैं। सरकार किसानों के विकास के लिए लगातार काम कर रही है। किसानों से पूछ लीजिए। उन्होंने कहा कि डीबीटी के माध्यम से सीधे राशी किसानों तक पहुंच रही है। मंत्री ने कहा कि पूर्व की सरकार के प्रधानमंत्री ने स्वयं स्वीकार किया था किसानों के हित के एक रुपया भेजते हैं।

### न्यूज बॉक्स

## खेलकूद से अनुशासन और आपसी समन्वय की भावना प्रबल होती है: राज्यपाल



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि खेलकूद की प्रतिस्पर्धा में भाग लेने से अनुशासन और आपसी समन्वय की भावना प्रबल होती है। प्रतिभागी जय और पराजय दोनों में समभाव की भावना रखते हैं। यह भावना मनोबल को बढ़ाता है जिससे वे अपने कार्यों को दक्षता पूर्वक और कुशलतापूर्वक सम्पन्न करने की दिशा में प्रेरित होते हैं। राज्यपाल गुरुवार को रांची स्थित होमगार्ड के सेंट्रल ट्रेनिंग सेंटर में झारखंड गृह रक्षा वाहिनी और अग्निशमन सेवा खेलकूद प्रतियोगिता के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि गृह रक्षा वाहिनी की स्थापना व्यापक उद्देश्य के साथ की गयी थी। आज यह संगठन राज्य स्तर पर कानून-व्यवस्था के साथ-साथ अन्य महत्वपूर्ण अवसरों पर भी अपनी भूमिका निभा रहा है। आपातकालीन समय में भी यह सक्रिय रहता है। होमगार्ड की सेवा में ढांचागत सुधार एवं सुविधा में बढ़ोतरी के लिए कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अग्निशमन सेवा के लिए अग्निशमन सेवा अधिनियम की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है जिससे भविष्य में इस सेवा में व्यापक सुधार हो सकेगा। राज्यपाल ने विश्वास प्रकट करते हुए कहा कि सभी प्रतिभागी खेल भावना का परिचय देंगे और इसी भावना के साथ अपने कर्तव्य का भी निर्वहन करेंगे।

## सीईओ ने सभी जिलों को तीन साल से जमे पदाधिकारियों और कर्मियों को दो दिनों में विरमित करने के लिए लिखा पत्र

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) के रवि कुमार ने सभी जिलों के डीसी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी को पत्र लिखा है। इसमें कहा है कि आगामी समय में कभी भी लोकसभा चुनाव 2024 की घोषणा हो सकती है। ऐसे में भारत निर्वाचन आयोग से मिले निर्देश के आलोक में यह देखें कि उनके जिलों में पिछले चार सालों में निर्वाचन कार्य से जुड़े कौन कौन पदाधिकारी और कर्मचारी कितने दिनों से पदस्थापित हैं। जिनका तीन सालों का कार्यकाल पूरा हो चुका है, उन्हें हर हाल में विरमित किया जाए। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के मुताबिक अब भी ऐसी सूचना है कि कई पदाधिकारी (निर्वाचन कार्य से संबंधित) तीन साल या इससे अधिक समय से किसी जिले में पदस्थापित हैं, जिनका ट्रांसफर हो चुका है, वे अभी भी पुरानी जगह पर ही जमे हैं और नव पदस्थापित कार्यालय में योगदान नहीं दिया है। इससे निर्वाचन से संबंधित कई महत्वपूर्ण कार्य प्रभावित हो रहे हैं। पुलिस सहित अन्य विभागों में जिनका ट्रांसफर हो चुका है या तीन साल की अवधि पूरी हो चुकी है, उनके मामले में अगले दो दिनों में कदम उठाएं। जिनका नव पदस्थापन हो चुका है, उन्हें इसके लिए विरमित करें। 26 फरवरी तक इससे संबंधित प्रतिवेदन भारत निर्वाचन आयोग, नयी दिल्ली को भेजा जाना है। ऐसे में इस मामले में लापरवाही बरतने वाले अफसरों पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।



### ब्रिटिश उच्चायोग के अधिकारियों ने सीएमपीडीआई का दौरा किया

# व्यापार और सहयोग पर हुई चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

नियाल अहर्न, प्रथम सचिव व्यापार और अनूप नारायणन, वरीय व्यापार सलाहकार (कृषि, कृषि प्रौद्योगिकी, रिस्पांसिबल माइनिंग, समुद्री, इंजीनियरिंग और विनिर्माण क्षेत्र), ब्रिटिश उप उच्चायोग, कोलकाता, बिजनेस एंड ट्रेड विभाग ने सीएमपीडीआई का गुरुवार को दौरा किया। सीएमपीडीआई के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार तथा संस्थान के अन्य उच्चाधिकारियों से गुरुवार को व्यापार सहयोग से संबंधित चर्चा की। सीएमपीडीआई ने खनन प्रौद्योगिकियों, सतही कोयला गैसीकरण और नवीकरणीय, स्मार्ट खनन और सुरक्षा, फ्यूजिटिव मिथेन उत्सर्जन और दुर्लभ और महत्वपूर्ण खनिजों जैसे विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के लिए पहचाने गये संभावित क्षेत्रों को प्रस्तुत किया और बातचीत के दौरान इन विषयों से संबंधित प्रश्न उठाए गये। नियाल अहर्न ने हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस मौके पर सीएमपीडीआई के निदेशक (तकनीकी/पीएंडडी) अजय कुमार, निदेशक (तकनीकी/ईएस) सतीश झा, निदेशक (तकनीकी/आरडीएंडटी) अच्युत घटक, महाप्रबंधक (टीएस/पीआर) संजय कुमार दुबे एवं सीएमपीडीआई के अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## ढुल्लू से जुड़े दो क्रिमिनल केस में मांगी केस डायरी और एलसीआर

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में धनबाद से जुड़े दो थानों में बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामले में धनबाद की निचली अदालत द्वारा उनके डिस्चार्ज पिटीशन को खारिज किये जाने को चुनौती देनेवाली दो अलग-अलग क्रिमिनल रिवीजन की सुनवाई गुरुवार को हुई। मामले में हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को उक्त दोनों मामलों में केस डायरी एवं लोअर कोर्ट रिकॉर्ड (एलसीआर) प्रस्तुत करने का निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई 12 अप्रैल निर्धारित की है। ढुल्लू महतो के खिलाफ बाघमारा में कंस्ट्रक्शन साइट से मशीन उठवा लेने के मामले को लेकर बाघमारा थाने में कांड संख्या 17/ 2020 दर्ज की गयी थी। इस मामले में छह आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। बाद में ढुल्लू महतो का नाम भी इसमें जोड़ा गया। इसके अलावा धनबाद के बरोरा थाने में दर्ज कांड संख्या 11 /2020 में ढुल्लू महतो एवं अन्य पर रामराज मंदिर के बगल में दुकान कंस्ट्रक्शन करने वाले को प्रताड़ित करने एवं धमकी देने का आरोप लगाया गया था।

# हाईकोर्ट से सीजीएल परीक्षा आयोजित करने वाली कंपनी को नहीं मिली राहत



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाई कोर्ट में झारखंड स्टाफ सेलेक्शन कमीशन (जेएसएससी) की ओर से कंबाइंड ग्रेजुएट लेवल एग्जाम (सीजीएल) की 28 जनवरी को आयोजित परीक्षा के पेपर लीक मामले में जेएसएससी की ओर से परीक्षा का आयोजन कराने वाली एजेंसी को ब्लैकलिस्टेड किए जाने को लेकर दिए गए शोकॉज के खिलाफ दायर याचिका की सुनवाई गुरुवार को हुई। मामले में कोर्ट ने परीक्षा आयोजित करने वाली सतवत इंफोसोल प्राइवेट लिमिटेड को अंतरिम राहत नहीं दी। कोर्ट ने मामले में जेएसएससी को जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई अप्रैल माह में निर्धारित की है। मामले की सुनवाई न्यायाधीश रंगन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई। जेएसएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवाल ने कोर्ट को बताया कि प्रथम द्दष्टया प्रश्न पत्र लीक मामले में कंपनी की संलिप्तता प्रतीत होती है। इसी कारण जेएसएससी ने इन्हें ब्लैकलिस्टेड किए जाने के संबंध में शोकॉज कर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है, लेकिन कंपनी ने जवाब देने से पहले जेएसएससी के शोकॉज को स्पेसिफिक नहीं बताया, इसलिए कंपनी की याचिका मेंटेनेबल नहीं है। ऐसे में कंपनी की याचिका खारिज की जाए। इससे पहले सतवत इंफोसोल प्राइवेट लिमिटेड की ओर से जेएसएससी के शोकॉज पर रोक लगाने का आग्रह कोर्ट से किया गया। जेएसएससी ने परीक्षा आयोजित करने वाली एजेंसी को शोकॉज करते हुए पूछा कि क्यों नहीं उन्हें पेपर लीक मामले में ब्लैकलिस्टेड किया जाए, क्योंकि ना तो एग्जामिनेशन सेंटर में, ना ही ट्रेजरी में पेपर के खुलने की शिकायत मिली है।

### जेएसएससी का फुल फॉर्म झामुमो सरकार के लिए सर्विसेस और कमिशन : अमित मंडल


# आयोजित सभी परीक्षा की हो सीबीआई जांच

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं विधायक अमित मंडल ने गुरुवार को प्रदेश सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार में राज्य की युवाओं के साथ धोखा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जेपीएससी-जेएसएससी मुद्दों को लेकर भाजपा शुरू से ही युवाओं के हक-अधिकार को लेकर सड़क से लेकर सदन तक लड़ती रही, लेकिन राज्य सरकार ने भाजपा के कार्यकताओं के ऊपर लाठीचार्ज करवाया। यहां तक कि संगीन धारा लगाकर एफआईआर दर्ज की गई। उन्होंने कहा कि जेएसएससी का फुल फॉर्म झामुमो सरकार की सर्विसेस और कमिशन है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अमित मंडल ने पार्टी के प्रदेश कार्यालय में गुरुवार को प्रेस वार्ता कर कहा कि राज्य सरकार में कई विरोधाभास देखने को मिलते हैं। नियुक्ति नियमावली, नियोजन नीति एवं भाषा का विवाद हो, वो राज्य के युवाओं से छुपा नहीं है। उन्होंने कहा कि झारखंड प्रतियोगी परीक्षा विधेयक सरकार द्वारा युवाओं की आवाज को दबाने का एक सोचा समझा षड्यंत्र है। जो सरकार के घोटालों के खिलाफ बोलेगा वो जेल जायेगा। मंडल ने कहा कि 2019 में महाराष्ट्र के ठाणे में आरआरबी जेई पेपर लीक मामले में सतवत इंफोसोल प्राइवेट लिमिटेड चेन्नई को दोषी माना गया था। 2017 को आर्डिनेंस फैक्ट्री त्रिची नियुक्ति घोटाले में सीबीआई ने सतवत इंफोसोल प्राइवेट लिमिटेड के नाम को सीबीआई चार्जशीट में डाला था। क्या कारण है कि लैब असिस्टेंट और जेएसएससी पीजीटी में सतवत इंफोसोल प्राइवेट लिमिटेड को शामिल किया था, जबकि लैब असिस्टेंट में छह प्रश्न और जेएसएससी पीजीटी में 22 प्रश्न को रद्द कर दिया था। इसी तरह जेएसएससी जेई की परीक्षा में बीआईएनएसवाईएस टेक्नोलॉजी एजेंसी शामिल थी, यह वही एजेंसी है जो बिहार में ब्लैक लिस्टेड है और बिहार राज्य सिपाही भर्ती घोटाले में शामिल है। जेपीएससी 7वीं से लेकर 10वीं की परीक्षा में आईसीएन इंडिया प्राईवेट लिमिटेड शामिल था, ये वहीं एजेंसी है जो 2019 से बिहार में बैन है और उसपर एफआईआर किया गया था। अमित मंडल ने राज्य सरकार से जेएसएससी सीजीएल के साथ-साथ लैब असिस्टेंट, पीजीटी एवं जेएसएससी जेई परीक्षा लीक मामले की सीबीआई से जांच कराए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बताए कि ब्लैक लिस्टेड एजेंसी को किस प्रकार नियुक्ति परीक्षा के लिए बहाल किया गया। इसी के साथ पूछा कि जेएसएससी के तत्कालीन अध्यक्ष, विभागीय पदाधिकारियों के ऊपर कार्रवाई होगी या नही?



# पढ़ाई, दवाई और न्याय पर काम किए बिना सूबे का विकास असंभव



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

खतियान की दुहाई देने वाली प्रदेश की झामुमो सरकार साढ़े चार साल में स्थानीय, नियोजन, विस्थापन बनाने में नाकाम रही है। सरकार लोगों की भावना को समझने और जीवन स्तर में बदलाव लाने में भी असफल है। राज्य के समुचित विकास के लिए पढ़ाई, दवाई और न्याय के क्षेत्र में बेहतर काम करने की जरूरत है। पढ़ाई, दवाई और न्याय के क्षेत्र में बेहतर काम के बिना राज्य का विकास असंभव है। उक्त बातें आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने गुरुवार को रायकेरा स्थित पोस्ट ऑफिस मैदान में आयोजित मनोहरपुर विधानसभा स्तरीय संकल्प सभा सह मिलन समारोह में कही। इस दौरान आनंदपुर प्रखंड अध्यक्ष दिलवर खाखा के नेतृत्व में सैकड़ों युवाओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सुदेश कुमार महतो ने कहा कि राजनीति में मूल्यांकन आवश्यक है। कोल्हान क्षेत्र ने राज्य को कई मंत्री-मुख्यमंत्री दिए, लेकिन विकास के नक्शे पर कोल्हान पीछे रह गया। उन्होंने कहा कि अबुआ आवास की चयन प्रक्रिया में ग्राम सभा को नजरअंदाज करना गलत है, जिस सरकार की उम्र छह महीने की है वो जनता को अगले छह साल का आश्वासन दे रही है। परीक्षा बेचने के बाद इनकी तैयारी अबुआ आवास को बेचने का है।

## पृष्ठ एक के शेष

**हेमंत सोरेन की रिहाई...**

सोरेन को बजट सत्र में शामिल नहीं होने की इजाजत कोर्ट ने दी है, उस पर टिप्पणी करना सही नहीं होगा। बैठक से बाहर निकलने के बाद गांडेय के पूर्व विधायक सरफराज अहमद ने कहा कि राज्य में झामुमो की आंधी चल रही है। हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी और भाजपा के षड्यंत्रों के खिलाफ चल रहा आंदोलन गली-मोहल्ले तक पहुंचेगा। 2019 के लोकसभा चुनाव में हमारा प्रदर्शन बेहतर भले नहीं रहा, लेकिन इस बार नया स्टार प्रचारक होगा। हमारे बेहतरीन स्टार प्रचारक हेमंत सोरेन जेल में हैं, लेकिन पार्टी इस बार लोकसभा चुनाव में शानदार प्रदर्शन करेगी। सरकार उसी मजबूती के साथ चलेगी जो पिछले चार सालों से चल रही है। हेमंत सोरेन के अधूरे काम को पूरा किया जाएगा।

**एक सप्ताह में तीन पालतू...**

प्रभारी वनपाल ने बताया कि घटना स्थल से तेंदुआ के पग चिन्ह स्पष्ट रूप से मिले हैं। तेंदुए की विशेषता है कि वह अपने किये गये शिकार को खाने के लिये रात में अवश्य आता है। कैमरा ट्रैप में रात में आए तेंदुए की तस्वीर भी कैद हो गई है। प्रभारी वनपाल ने लोगों से अपील की है कि वे अपने पालतू मवेशी को जंगल में ना छोड़ें। इस बात का ध्यान रखें कि मवेशी शाम होने से पहले घर को लौट आएं।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिबल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## एक नजर

### पीएम मोदी 06 मार्च को बंगाल आ रहे हैं

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बंगाल दौरे की तारीख बदल गई। प्रधानमंत्री मोदी 07 मार्च को बारासात में सभा करने वाले थे लेकिन भाजपा सूत्रों के मुताबिक, मोदी एक दिन पहले 06 मार्च को राज्य में आ रहे हैं। संदेशखाली मुद्दे पर बंगाल भाजपा 06 मार्च को बारासात में महिला न्याय रैली आयोजित करने जा रही है। भाजपा सूत्रों के मुताबिक, रैली को मोदी संबोधित करेंगे। पिछले शनिवार को दिल्ली में भाजपा का दो दिवसीय अधिवेशन आयोजित किया गया था। भाजपा सूत्रों के मुताबिक, केंद्रीय नेतृत्व ने बंगाल नेतृत्व से चर्चा के बाद बारासात में महिला रैली करने का फैसला किया।

### अमित शाह का बंगाल दौरा फिर रद्द

**कोलकाता।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का बंगाल दौरा एक बार फिर रद्द हो गया है। शाह 28 फरवरी को राज्य का दौरा करने वाले थे। उन्हें 29 फरवरी को मायापुर में इस्कॉन मंदिर जाना था। भाजपा सूत्रों के मुताबिक केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह फिलहाल पश्चिम बंगाल नहीं आ रहे हैं। इससे पहले अमित शाह नवंबर और दिसंबर के आखिरी सप्ताह में बंगाल आए थे। हालांकि जनवरी और फरवरी के अंतिम सप्ताह में प्रस्तावित उनका बंगाल दौरा अंतिम क्षणों में रद्द कर दिया गया था।

### कांग्रेस अध्यक्ष खरगे को मिलेगी जेड प्लस सुरक्षा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को जेड प्लस सुरक्षा प्रदान की जाएगी। केन्द्रीय एजेंसियों की ओर से खतरे का आकलन करने के बाद यह फैसला लिया गया है। सूत्रों के मुताबिक मल्लिकार्जुन खरगे को अब सीआरपीएफ की ओर से दी जाने वाली देश की सबसे उच्च स्तर का सुरक्षा कवर दिया जाएगा। इसके बाद केवल एसपीजी की सुरक्षा का स्थान आता है, जिसे केवल प्रधानमंत्री को दिया जाता है। इस सुरक्षा कवर में सीआरपीएफ कमांडो के साथ 55 कर्मी शामिल हैं, जो चौबीस घंटे सुरक्षा देते हैं। इस कवर में एक बुलेटप्रूफ गाड़ी और तीन शिफ्ट में एस्कॉर्ट भी शामिल है।

### ईडी ने केजरीवाल को सातवीं बार समन भेजा, 26 को होगी पूछताछ

**नई दिल्ली।** ईडी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को दिल्ली शराब घोटाले में सातवीं बार समन भेजा है। ईडी ने केजरीवाल को सोमवार को पूछताछ के लिए बुलाया है। ईडी मुख्यमंत्री को इससे पहले भी छह बार समन भेज चुकी है, लेकिन वह किसी न किसी वजह से ईडी के समक्ष पूछताछ के लिए पेश नहीं हुए।

### दिल्ली हाईकोर्ट ने महुआ मोइत्रा की मांग पर फैसला सुरक्षित रखा

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने ईडी को गोपनीय और अपुष्ट सूचनाओं को लीक करने से रोकने की तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा की मांग पर फैसला सुरक्षित रख लिया। जस्टिस सुब्रमण्यम की बेंच ने कल (23 फरवरी) को फैसला सुनाने का आदेश दिया। आज सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से पेश वकील ने कहा कि ईडी ने किसी भी सूचना को लीक नहीं किया है। खबरों के स्रोत के बारे में उसे जानकारी नहीं है। महुआ मोइत्रा की ओर से पेश वरिष्ठ वकील रेबेका जॉन ने कहा कि ईडी फेमा उल्लंघन की जांच से संबंधित गोपनीय सूचना लीक कर रही है।

# देव काज व देश काज दोनों ही तेज गति से हो रहे हैं : प्रधानमंत्री मोदी

■ राम मंदिर तो बन गया है पर नकारात्मकता में जीने वाले लोग नफरत का रास्ता छोड़ने को तैयार नहीं

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को गुजरात में 60,500 करोड़ की कई विकास परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया और कई परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इस दौरान उन्होंने मेहसाणा में कहा कि मौजूदा कालखंड भारत की विकास यात्रा के लिए बेहद अहम है। कहा कि ये ऐसा समय है, जब देव काज (भगवान का काम) और देश काज (देश का काम) दोनों ही बहुत तेज गति से हो रहे हैं। प्रधानमंत्री ने मेहसाणा में 13,500 करोड़ रुपये व नवसारी में 47,000 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया और कई परियोजनाओं की आधारशिला रखी। वहीं अहमदाबाद में गुजरात कॉपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन (जीसीएमएमएफ) के स्वर्ण जयंती समारोह में प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार का जोर अन्नदाता किसानों को ऊजार्दाता बनाने के साथ ही उर्वरकदाता बनाने पर है।



### भारत की विकास यात्रा में यह एक अद्भुत कालखंड

मेहसाणा में पीएम ने 22 जनवरी को याद किया, और अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर निर्माण को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आज जब भव्य राम मंदिर बन गया है तो नकारात्मकता में जीने वाले लोग नफरत का रास्ता छोड़ने को तैयार नहीं हैं। पीएम ने मंदिरों को ज्ञान और विज्ञान का केंद्र बताया और कहा कि हमारे यहां मंदिर सिर्फ देवालय या पूजा पाठ करने की जगह नहीं बल्कि ये हमारी हजारों वर्ष पुरानी संस्कृति और परंपरा के प्रतीक हैं। हमारे यहां मंदिर देश और समाज को अज्ञान से ज्ञान की तरफ ले जाने के माध्यम रहे हैं।

### पीएम मित्र पार्क से पूरा होने से पूरे क्षेत्र का चेहरा बदल जाएगा

नवसारी में सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कपड़ा, बिजली और शहरी विकास के क्षेत्रों में वडोदरा, नवसारी, भरूच और सूरत के विकास परियोजनाओं के लिए नागरिकों को बधाई दी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पीएम मित्र पार्क के पूरा होने से पूरे क्षेत्र का चेहरा बदल जाएगा, जहां केवल इसके निर्माण में 3,000 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने बताया कि पार्क श्रमिकों के लिए घरों, लॉजिस्टिक्स पार्क, गोदाम, स्वास्थ्य सुविधाओं और प्रशिक्षण और कौशल विकास की सुविधाओं से सुसज्जित होगा। मोदी की गारंटी को लेकर चल रही चर्चा का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने उनके द्वारा दी गई गारंटी के पूरा होने की निश्चितता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, मोदी ने देश के गरीब, किसान, युवा और महिला सभी को सशक्त करने की गारंटी दी है और ये गारंटी सिर्फ योजनाएं बनाने की नहीं है बल्कि जो हकदार हैं उन तक योजनाओं का पूरा लाभ पहुंचाने की गारंटी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के लोग मोदी की जाति को भी गाली देते हैं लेकिन कांग्रेस वाले भूल जाते हैं कि जितनी भी वो गाली देंगे, हमारा 400 पार का संकल्प उतना ही मजबूत होगा। ये जितना कीचड़ फेकेंगे, 370 कमल उतने ही शान से खिलेंगे।

### पहले की सरकारें ग्रामीण अर्थव्यवस्था को टुकड़ों में देखती थीं

पीएम ने अहमदाबाद में पिछली सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले की सरकारें ग्रामीण अर्थव्यवस्था की जरूरतों को टुकड़ों में देखती थीं। हम गांव के हर पहलू को प्राथमिकता देते हुए काम को आगे बढ़ा रहे हैं। पीएम गुरुवार को अहमदाबाद में गुजरात कॉपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन (जीसीएमएमएफ) के स्वर्ण जयंती समारोह को संबोधित कर रहे थे। पीएम ने कहा कि सरकार का जोर अन्नदाता किसानों को ऊजार्दाता बनाने के साथ ही उर्वरकदाता बनाने पर भी है। पीएम ने गुजरात कॉपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन को स्वर्ण जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गुजरात के गांवों ने मिलकर 50 वर्ष पहले जो पौधा लगाया था वो आज विशाल वटवृक्ष बन गया है। उन्होंने कहा कि भारत की आजादी के बाद देश में बहुत से ब्रांड बने, लेकिन अमूल जैसा कोई नहीं।

## केंद्र चुनाव से पहले कांग्रेस को आर्थिक तौर पर पंगु बनाना चाहती है : कांग्रेस



**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस पार्टी ने गुरुवार को आरोप लगाया कि केन्द्र सरकार चुनाव से पहले पार्टी को आर्थिक तौर पर पंगु बनाना चाहती है। पार्टी का दावा है कि मोदी सरकार और आयकर अधिकारियों ने कांग्रेस के बैंक खातों से 65.8 करोड़ रुपए चोरी किए। कांग्रेस के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने पार्टी महासचिवों जयराम रमेश और केसी वेणुगोपाल के साथ गुरुवार को पत्रकार वार्ता कर कई गंभीर आरोप लगाये। पूरे मामले की जानकारी देते हुए माकन ने कहा कि कांग्रेस को 2018-19 में 142.83 करोड़ रुपये का चंदा मिला था। इसमें से सिर्फ 14.49 लाख रुपये हमारे विधायकों और सांसदों की एक महीने की सैलरी से मिले थे। 14 लाख रुपये कैश में आने की वजह से हमारे ऊपर 210 करोड़ रुपये की पेनल्टी लगा दी गई। हमें 31 दिसंबर तक अपने खातों की जानकारी आयकर विभाग को देनी थी। हमने 2 फरवरी 2019 को यह जानकारी दी। ऐसे में सारे पैसे पर यह पेनल्टी लगाई गई। ऐसा आज तक कभी नहीं हुआ। मामले में 5 साल बाद सरकार और आयकर विभाग जागा है और वे भी तब जब चुनाव सिर पर हैं। ये कहां का न्याय है? ये कांग्रेस पार्टी को आर्थिक रूप से तोड़ने की कोशिश है ताकि हमलोग चुनाव न लड़ पाएं। अगर हमारे खाते फ्रीज हो जाएंगे तो हम चुनाव कैसे लड़ेंगे, प्रचार कैसे करेंगे?

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव से ठीक पहले नोटबंदी कर दी गई थी। मोदी सरकार चाहती थी कि पार्टियां चुनाव न लड़ पाएं। ठीक उसी तरह 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी पार्टियों पर 'कर हमला' किया गया है। इसका एक ही मकसद है- कांग्रेस पार्टी को आर्थिक रूप से कमजोर कर दिया जाए और हम चुनाव न लड़ पाएं।

## भारत व पाक सहित 19 देशों की सेना का संयुक्त युद्धाभ्यास जारी

**एजेंसी। काठमांडू**

नेपाली सेना और संयुक्त राष्ट्र की तरफ से नेपाल में 19 देशों के सैनिकों का संयुक्त सैन्य अभ्यास जारी है। 15 दिन तक चलने वाले इस सैन्य अभ्यास में भारत और पाकिस्तान के भी सैनिक शामिल हैं। नेपाली सेना के पांचखल स्थित वीरेन्द्र शान्ति सैनिक प्रशिक्षण केन्द्र में 20 फरवरी से शुरू हुआ यह सैन्य अभ्यास 4 मार्च तक चलेगा। इसमें भारत, पाकिस्तान, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, श्रीलंका, नेपाल के अलावा बांग्लादेश, फिजी, घाना, इंडोनेशिया, मलेशिया, मंगोलिया, थाईलैंड, उरूग्वे, नाइजीरिया, फिलिपीन्स, दक्षिण कोरिया और वियतनाम के सैनिक शामिल हैं। यूएन पीस कीपिंग फोर्स का यह चौथा संयुक्त सैन्य अभ्यास है। इससे पहले साल 2002, 2013 तथा 2017 में इस तरह का सैन्य युद्धाभ्यास हो चुका है। यूएन पीस कीपिंग फोर्स में जाने वाले देशों के सैनिकों के लिए यह सैन्य अभ्यास कराए जाने की जानकारी नेपाली सेना ने दी है। सैन्य प्रवक्ता ब्रिगेडियर




जनरल कृष्ण प्रसाद भंडारी ने बताया कि यूएन के समन्वय में अमेरिकी सरकार के ग्लोबल पीस ऑपरेशन की मदद से इस संयुक्त सैन्य अभ्यास का आयोजन किया जा रहा है। 19 देशों के 1125 सैनिक इसमें शामिल होने की जानकारी दी गई है। भारत और पाकिस्तान के बीच बन्द हुए राजनीतिक और कूटनीतिक संवाद के बाद यह पहला मौका है जब दोनों देशों के सैनिक इस तरह से किसी संयुक्त सैन्य अभ्यास में शामिल हो रहे हैं। यूएन पीस कीपिंग फोर्स में इस समय सबसे अधिक सैनिक नेपाली सेना के ही हैं। नेपाली सेना के प्रधान सेनापति ने इस सैन्य अभ्यास के उद्घाटन में कहा था कि आवश्यक पड़ने पर नेपाली सेना अपने यहां से 10 हजार सैनिकों को यूएन मिशन में भेज सकता है।

### गुलमर्ग हिमस्खलन में रूसी महिला स्कीयर की मौत, 7 लोग बचाए गये

**श्रीनगर।** कश्मीर घाटी के पर्यटन स्थल गुलमर्ग में गुरुवार दोपहर हिमस्खलन की चपेट में आने से एक स्कीयर की मौत हो गई। हादसे में 7 लोगों को बचा कर अभियान खत्म कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार गुलमर्ग में शीतकालीन खेलों के दौरान अलग-अलग प्रतियोगिताएं हो रही है। इस दौरान हुए हिमस्खलन में 08 विदेशी स्कीयर फंस गए। इसके तुरंत बाद बारामुला पुलिस, 18आरआर, एचएडब्ल्यूएस व स्थानीय लोगों की टीमों ने बड़े पैमाने पर बचाव अभियान चलाया। अभियान के दौरान 07 स्कीयर को बचा लिया गया है। हालांकि एक रूसी महिला स्कीयर की मौत हो गई। बचाव दल के प्रमुख मंजूर अहमद ने बताया कि गुरुवार दोपहर गुलमर्ग में अफरवाट पीक पर खिलनमर्ग में हिमस्खलन की चपेट में आने से एक रूसी महिला स्कीयर की मौत हो गई जबकि 07 अन्य को बचा लिया गया है। बचाए गए लोगों को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया है।

## 'चुनावों में धांधली' के बाद पाक को मदद रोकने के लिए आईएमएफ को लिखेंगे इमरान खान

**एजेंसी। रावलपिंडी**

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) को पत्र लिखकर 'चुनावों में धांधली' के मद्देनजर उससे पाकिस्तान को समर्थन बंद करने की मांग करेंगे। पार्टी नेता अली जफर ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

जफर ने रावलपिंडी के अदियाला जेल में इमरान खान से मुलाकात के बाद संवाददाताओं को बताया, इमरान खान आज आईएमएफ को एक पत्र जारी करेंगे। आईएमएफ, ईयू और अन्य संगठनों के चार्टर में कहा गया है कि वे किसी देश में तभी काम कर सकते हैं या उसे ऋण दे सकते हैं, जब वहां अच्छा प्रशासन हो।

जफर ने दावा किया कि उनके चार्टर का 'सबसे महत्वपूर्ण खंड' यह है कि एक देश लोकतांत्रिक होना चाहिए।

उन्होंने कहा, अगर वहां लोकतंत्र नहीं है, तो न तो ये



संस्थाएं ऐसे देशों में काम कर सकती हैं और न ही उन्हें काम करना चाहिए।

लोकतंत्र का मूल स्तंभ स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव है। हालाँकि, पूरी दुनिया ने देखा कि कैसे देश का जनादेश चुराया गया। चुनाव पूर्व धांधली को छोड़ दें, चुनाव के बाद की धांधली में पीटीआई के विजयी उम्मीदवारों से जीत छीन ली गई।" यह पहली बार नहीं है कि विपक्षी पीटीआई आईएमएफ सौदे को प्रभावित करने की कोशिश करेगी। इसके पूर्व नेता शौकत तरीन ने 2022 में पीटीआई के खैबर पख्तूनख्वा और पंजाब के तत्कालीन वित्त मंत्रियों से कहा था कि उन्हें आईएमएफ को बताना चाहिए कि उनसे की गई प्रतिबद्धताएँ पूरी नहीं की जा सकतीं" और इसके पीछे हाल ही में देश में बाढ़ से हुई तबाही को कारण बताया जाना चाहिए।

पाकिस्तान ने पिछले साल आईएमएफ से तीन अरब डॉलर की अल्पकालिक सहायता हासिल की, जिससे सरकार के ऋण भुगतान में चूक को रोकने में मदद मिली। यह राशि अगले महीने तक खत्म हो जाएगी और एक नई तथा बहुत बड़ी सुरक्षा हासिल करना व्यापक रूप से नए प्रशासन की प्राथमिकता होगी।

पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन), पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) और उनके सहयोगियों द्वारा गठबंधन सरकार बनाने के लिए समझौते के साथ, पीटीआई और कुछ अन्य राजनीतिक दलों ने चुनावों को पूरी तरह से खारिज कर दिया है और देशव्यापी विरोध प्रदर्शन की घोषणा की है।

### मेक्सिको : अपराधियों में टकराव, बर्बरता से 12 को मौत के घाट उतारा

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के दक्षिणी राज्य ग्युरेरो में प्रतिद्वंद्वी आपराधिक गिरोहों के बीच भयावह टकराव में कम से कम 12 लोग मारे गए। राष्ट्रपति एंड्रेस मैनुअल लोपेज ओब्रेडोर ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में इसकी पुष्टि की। ओब्रेडोर ने मेक्सिको सिटी के नेशनल पैलेस में नियमित संवाददाता सम्मेलन में कहा, घटना की जांच मंगलवार को शुरू हो चुकी है। नेशनल गार्ड के सैनिक घटनास्थल पर हैं। इस बर्बर झड़प का विवरण बाद में प्रदान किया जाएगा। मेक्सिको के अधिकारियों का कहना है कि इस घटना का मंगलवार को सामने आया वीडियो दिल दहला देने वाला है। इसमें बंदूकधारी अपने दुश्मनों को गोली और लातें मारने के साथ जलाते हुए दिखाई दे रहे हैं। उल्लेखनीय है कि इस देश में सिर काटने और फांसी देने के वीडियो पहले भी सोशल मीडिया पर सामने आ चुके हैं।

# सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने लॉन्च किए चार परिवर्तनकारी पोर्टल

### समाचार पत्रों, पत्रिकाओं के लिए पंजीकरण प्रक्रिया हुई सरल, 'प्रेस सेवा पोर्टल' का शुभारंभ

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने गुरुवार को चार परिवर्तनकारी पोर्टल लॉन्च किए। इस पहल का उद्देश्य समाचार पत्र प्रकाशकों और टीवी चैनलों के लिए अधिक अनुकूल कारोबारी माहौल को बढ़ावा देकर व्यापार करने में आसानी सुनिश्चित करना, सरकारी संचार में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाना, प्रामाणिक सरकारी वीडियो तक आसान पहुंच प्रदान करना और स्थानीय केबल ऑपरेटरों (एलसीओ) का एक व्यापक डेटाबेस बनाना है। इसके साथ सरकार को भविष्य में केबल टेलीविजन क्षेत्र में नियामक




प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने में सक्षम बनाना है।

इन पोर्टल सेवा में पत्रिकाओं एवं समाचार पत्रों के पंजीकरण में एक आदर्श बदलाव लाने के लिए प्रेस सेवा पोर्टल, पारदर्शी एम्पैनलमेंट मीडिया योजना और ई-बिलिंग प्रणाली, सरकारी वीडियो के लिए एकीकृत हब और एलसीओ के लिए राष्ट्रीय रजिस्टर शामिल है। इस अवसर पर अनुराग ठाकुर ने कहा कि भारत को निवेश के लिए एक आकर्षक गंतव्य के रूप में देखा जाता है, जहां वैश्विक कंपनियां व्यवसाय स्थापित करने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने परिवर्तनकारी शासन और आर्थिक सुधारों पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व का जिक्र करते हुए कहा कि इससे भारत में व्यापार करने में आसानी में काफी सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि इससे मौजूदा व्यवसायों और नए उद्यमियों दोनों से निवेश में वृद्धि हुई है। विशेष रूप से स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र फला-फूला है, जिसमें स्टार्टअप और यूनिकॉर्न की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

व्यापार करने में आसानी में सुधार की दिशा में सरकार की उपलब्धियों की मान्यता के बारे में विस्तार से बताते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि इन्हें विश्व स्तर पर मान्यता मिली है, जैसा कि विश्व बैंक के व्यापार करने में आसानी सूचकांक और लॉजिस्टिक प्रदर्शन सूचकांक जैसे अंतरराष्ट्रीय सूचकांकों में इसकी बेहतर रैंकिंग से पता चलता है। उन्होंने आगे कहा कि सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) जैसे प्लेटफार्मों की सफलता एमएसएमई और छोटे व्यवसायों के लिए समान अवसर बनाने के सरकार के प्रयासों को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व ने न केवल आर्थिक सुधारों पर ध्यान केंद्रित किया है बल्कि मानसिकता परिवर्तन को बढ़ावा देने, उद्यमियों को राष्ट्रीय विकास में भागीदार के रूप में मान्यता देने पर भी ध्यान केंद्रित किया है। इस दृष्टिकोण से धन सृजन, नौकरी के अवसर और उच्च आय में वृद्धि हुई है, जिससे देश के समग्र कल्याण और विकास को लाभ हुआ है।

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव संजय जाजू ने अपने संबोधन में कहा कि इन पहलों से हमें मीडिया के साथ अपने जुड़ाव को सुव्यवस्थित करने और बढ़ाने में मदद मिलेगी। इससे न केवल पारदर्शिता और नवप्रवर्तन को बढ़ावा मिलेगा बल्कि विभागों की कार्यप्रणाली में सुधार लाने में भी मदद मिलेगी।

फिल्म जगत

### अनंत अंबानी व राधिका मर्चेंट की प्री-वेडिंग में शामिल होंगी देश-विदेश की नामी हस्तियां

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट जुलाई में शादी करने जा रहे हैं। मुंबई में होने वाली इस शादी में कई प्री-वेडिंग कार्यक्रम भी होने वाले हैं। इस शाही शादी में देश-विदेश से कई जानी-मानी हस्तियों के शामिल होने की उम्मीद है। शादी के पहले के सभी कार्यक्रम जामनगर में रिलायंस ग्रीन कॉम्प्लेक्स में आयोजित होंगे। इसमें कई नामी हस्तियों को देखा जाएगा। इनमें माइक्रोसॉफ्ट के फाउंडर बिल गेट्स से लेकर मेटा के सीईओ मार्क जकरबर्ग, ब्लैकरॉक के सीईओ लैरी फिंक, ब्लैकस्टोन के चेयरमैन स्टीफन स्वार्जमैन, डिज्नी के सीईओ बॉब इग्नर और अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की बेटी इवांका ट्रंप के भी आने के कयास लगाए जा रहे हैं। शादी के प्री-वेडिंग सेलिब्रेशन में कम ही समय बचा है। यह शादी सबसे बड़ी शादियों में से एक होने वाली है।



12 जुलाई को मुंबई में यह शादी होगी। वहीं, प्रशंसक इस भव्य शादी को लेकर उत्साहित हैं। शादी मुंबई के अल्टमाउंट रोड पर बहुमंजिला अंबानी निवास एंटीलिया में होगी। शादी में शामिल होने वाले बिल गेट्स माइक्रोसॉफ्ट के फाउंडर हैं। उनकी गिनती कभी दुनिया के सबसे अमीर लोगों में होती थी। वह फिलहाल 146 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ अमीरों की लिस्ट में चौथे नंबर पर हैं। वहीं अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बेटी इवांका की अंबानी परिवार से पुरानी जान पहचान है।